भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा उपरांत 8:04 प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 175, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता 16

जैकलीन ने गायन में किया पदार्पण 15

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

## भारत ने पांचवीं बार जीता खिताब




हुलुनबुइर, एजेंसी। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अजेय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मेजबान चीन को 1-0 से हराया। भारतीय टीम की ओर से जुगराज सिंह ने मैच का एकमात्र गोल दागा। इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारतीय टीम को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन चीनी रक्षकों ने भारतीय आक्रमण को विफल कर दिया। चौथे क्वार्टर में जुगराज ने 51वें मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह बढ़त निर्णायक रही और भारत ने चीन को 1-0 से मात दे दी। गौरतलब है कि पहले लीग मैच में भारत ने मेजबान टीम को 3-0 से धूल चटाई थी।

## विपक्ष की सरकारों में चरम पर था भ्रष्टाचार : योगी

### मुख्यमंत्री ने लखनऊ से लेकर वाराणसी तक गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ से लेकर वाराणसी तक विभिन्न कार्यक्रमों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विरोधियों को ललकारा। कहा कि विपक्ष की सरकारें तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चढ़कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करती थीं। भारत को गौरव की अनुभूति का अवसर न प्राप्त हो, इसके लिए षडयंत्र करती थीं। भ्रष्टाचार सरकार की पहचान बन चुकी थी और अराजकता चरम पर थी। देश की सुरक्षा खतरे में थी। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद चरम पर था। अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में विश्वकर्मा जयंती व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि जैसे काशी बदली है, वैसे ही देश व प्रदेश में भी बदलाव आया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में हस्तशिल्पी को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी।

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को उल्टा लटका देंगे

लखनऊ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शांति व सुरक्षा ही भविष्य को सुधारेगा। प्रदेश की सुरक्षा में जो सेंध लगाने का काम करेगा वह परिणाम भुगतेगा, उसे उल्टा लटकाने का कार्य हम करेंगे। आज न दंगाइयों का पता है और न दंगों का पता है। मगर उनके आका परेशान हैं।

## 74 साल के हुए प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाने वाले नरेन्द्र दामोदरदास मोदी मंगलवार को 74 साल के हो गए। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष, राजग नेताओं के अलावा तमाम विपक्षी नेताओं भी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने आजाद भारत में जन्म लिया था। वर्ष 1950 में 17 सितंबर को उनका जन्म हुआ। इस साल नौ जून को उन्होंने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 26 मई 2014 को मोदी को देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ दिलाई। पांच बरस बाद 2019 में भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर चुनाव जीता और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की थी।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम रोक

### उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना 1 अक्टूबर तक नहीं होगी कोई तोड़फोड़

### सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ध्वस्तीकरण को संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने समूचे देश में प्राधिकारियों को उसकी इजाजत के बिना आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियों को 1 अक्टूबर तक ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्टूबर तक इस अदालत की अनुमति लिए बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई राज्यों में आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा कि आप निश्चिंत रहें, बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं करता। पीठ ने इस मामले में दो सितंबर को हुई सुनवाई के बाद दिए गए बयानों पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा कि उस आदेश के बाद, ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर चलता रहेगा... और यह सब इस पर निर्भर करता है कि स्टेयरिंग किसके हाथ में है। कोर्ट ने दो सितंबर को सुनवाई के दौरान सवाल किया था कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया।

शीर्ष अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि दंगों और हिंसा के मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए।



### नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर तमाचा : कांग्रेस

कांग्रेस ने आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपति को ध्वस्त नहीं करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह उन नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर करारा तमाचा है जो बुलडोजर न्याय को बढ़ावा दे रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा शासित कुछ दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बुलडोज़र का सहारा लेकर नफ़रत फैलाना बंद करना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बुलडोजर का मतलब है कि आपका पुलिस प्रशासन फेल हो चुका है और आप न्यायापालिका पर ताला लगाना चाहते हैं। कहा कि बुलडोजर अब नफरत, हिंसा और राजनीतिक प्रतिशोध का प्रतीक बन चुका है।

### बुलडोजर के पहिए खुल गए, स्टीयरिंग उखड़ गई : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है। हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है। इस फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरुपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए हैं और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया है, यह उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बुलडोजर को औजार के रूप में प्रयोग किया। विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया गया।

## राहुल के खिलाफ हिंसक बयान देने वालों पर करें कार्रवाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू समेत उन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक एवं हिंसक बयान दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर लिखे पत्र में उन्हें बधाई देने के साथ ही बिट्टू और सत्तापक्ष के कुछ अन्य नेताओं के राहुल गांधी के खिलाफ बयानों का उल्लेख किया और कहा कि ये भविष्य के लिए घातक हैं। खरगे ने पत्र में कहा कि ऐसे मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जो सीधे लोकतंत्र और संविधान से जुड़े हैं। आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ख़िलाफ़ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का उपयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है।



- **खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में की मांग**

## केजरीवाल ने दिया इस्तीफा अब आतिशी होंगी मुख्यमंत्री



उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिले आतिशी और केजरीवाल, पेश किया दिल्ली में नई सरकार बनाने का दावा। ● अमृत विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उपराज्यपाल के समक्ष दिल्ली में नई सरकार बनाने का दावा पेश**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी नामित की गईं आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया।

केजरीवाल मंगलवार शाम को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। बैठक के बाद आतिशी ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमने उपराज्यपाल को केजरीवाल के फैसले से अवगत करा दिया है। आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। हमने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि शपथ-ग्रहण समारोह की तारीख तय करें, ताकि दो करोड़ लोगों के लिए काम किया जा सके। मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने न केवल उन्हें जमानत दे दी, बल्कि केंद्र और उसकी जांच एजेंसियों के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की। आतिशी ने कहा कि कोई और नेता होता, तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बना रहता, लेकिन केजरीवाल ने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया।

## पत्नी का गला घोंटा, खुद भी जान दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **हत्या-आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही पुलिस**



मुकेश



कविता

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में अवैध संबंध से आजिज पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और खुद भी फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। कमरे में पति का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पत्नी की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस हत्या-आत्महत्या दोनों ही एंगल से जांच कर रही है। महिला के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी मुकेश कुमार (28) पुत्र करन सिंह ने नौ साल पहले बुद्धि विहार के डूडा कॉलोनी निवासी कविता (26) से प्रेम विवाह किया था। दंपती की तीन बेटियां हैं। कविता की जेठानी सरोज ने बताया कि कविता की दोस्ती सुमित नाम के लड़के से थी। चोरी-छिपे वह कविता से मिलने घर आता था। मुकेश ने दो दिन पहले दोनों को एक साथ पकड़ लिया जिसके बाद दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद नाराज पत्नी ने तीनों बेटियों को मायके भेज दिया। सुमित सोमवार आधी रात को कविता के घर पहुंचा था। उस समय कविता ने मुकेश को घर से निकालकर दरवाजा बंद कर लिया था। मुकेश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो कविता ने मुकेश के साथ रहने से मना कर दिया। पुलिस ने जैसे-तैसे मामला शांत करा दिया। मंगलवार सुबह सुमित की मां उसे खोजते हुए मुकेश के घर पहुंची। दरवाजा न खुलने पर खिड़की से झांका तो मुकेश का शव फंदे से लटका देखा। सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि हत्या-आत्महत्या के एंगल से जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पत्नी की हत्या कर मुकेश द्वारा आत्महत्या करने का शक जताया है।

### अरुणाचल में उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण

**ईटानगर।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम के खापलांग गुट के एक उग्रवादी ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में असम राइफल्स के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। संगठन के एक स्वयंभू मेजर अजेन वांगसू (49) ने असम राइफल्स की खोंसा बटालियन के समक्ष हथियार डाल दिए।

### साहित्य-कला, मीडिया के लिए श्रीकान्त वर्मा सम्मान

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद, पत्रकार एवं राजनेता दिवंगत श्रीकान्त वर्मा की जयंती पर बुधवार को श्रीकान्त वर्मा न्यास साहित्य, कला और मीडिया क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान करने वालों को पुरस्कार देगा। वर्मा के 93वें जन्मदिन 18 सितंबर को उत्कृष्ट साहित्य के लिए एक लेखक को 15 लाख रुपये जबकि दो-दो लाख रुपये के चार पुरस्कार दिए जाएंगे।

## जो वर्ग अब पिछड़े नहीं, सूची से उन्हें हटाया जाएगा

रमेश चन्द्र, लखनऊ



- **उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा सूची का पुनरीक्षण**
- **वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में मिलेगा स्थान**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ऐसे लोगों को पिछड़े वर्ग से हटाएगा जो अब वास्तव में पिछड़े नहीं हैं, जबकि वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में जोड़ेगा। आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में आयोग के अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का समाधान करना नहीं है, बल्कि पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए ठोस कदम उठाना भी है। आयोग समय-समय पर पिछड़े वर्गों की सूची का पुनरीक्षण करेगा, ताकि नए वर्गों को सम्मिलित किया जा सके और जो वर्ग अब पिछड़े नहीं रहे उन्हें सूची से हटाया जा सके। इस दिशा में आयोग लगातार सिफारिशें करेगा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। वर्तमान में प्रदेश में पिछड़े वर्ग की सूची में 79 समुदाय शामिल हैं। इन समुदायों में हिन्दू, मुस्लिम व सिख धर्म के लोग शामिल हैं, जिन्हें धार्मिक आधार के बजाय सामाजिक व शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े होने के कारण शामिल किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ वर्ग के लोगों को आरक्षण सूची में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। इस पर शासन ने मामले की पड़ताल की थी, पर उस समय आगे की कार्रवाई थम गई थी। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के पद खाली होने के कारण नीतिगत कार्य नहीं हो रहे थे। अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग सक्रिय हो गया है।

### दर्जी समुदाय में नहीं जुड़ेगा कोई उपनाम

पिछड़ा वर्ग आयोग ने दर्जी नाम से दर्ज समुदाय के साथ कोई उपनाम जोड़ने व लोनिया के साथ पहले से चले आ रहे उपनाम हटाने से इनकार कर दिया। आयोग ने कहा कि नए उपनाम जोड़ने व हटाने से भ्रम की स्थिति पैदा होगी। दर्जी के तौर पर शामिल हिंदू समुदाय ने दर्जी के साथ सक्सेना उपनाम जोड़ने का आवेदन किया था, जबकि लोनिया के साथ लगे चौहान, ठाकुर आदि उपनाम हटाने की मांग की गई थी। मालूम हो कि सूची में 28 नंबर पर एक समुदाय के तौर पर दर्जी, इदरीसी व काकुत्स्थ दर्ज है, जबकि 46 नंबर पर लोनिया, नोनिया, गोले-ठाकुर व लोनिया-चौहान दर्ज है।

## महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरजी कर अस्पताल मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई**
- **सीबीआई से अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच पर रिपोर्ट मांगी**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में भी महिलाएं रात में काम करती हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार महिला डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे तक सीमित करने और नाइट ड्यूटी पर रोक लगाने वाले अपने फैसले वापस ले लेगी। शीर्ष कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का भी आदेश दिया है।

## 30 सैन्य अफसरों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की गई बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों पर हमले के एक विफल अभियान में 13 नागरिकों की हत्या के आरोपी 30 सैन्य कर्मियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर केंद्र उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देता है तो मामले को उसके तार्किक अंत तक ले जाया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि यह आदेश सेना को कर्मियों के खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

## 21 जिलों में बाढ़ से हालात खराब, 42 में भारी बारिश का अलर्ट

- **गंगा, यमुना, शारदा, घाघरा में बढ़ा पानी, 400 गांवों में बाढ़**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 21 जिलों में जहां बाढ़ से हालात खराब हैं वहीं, 42 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है।

वाराणसी के 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर पानी में डूब गए हैं। वहीं, संगम नगरी प्रयागराज में श्मशान घाट तक पानी में डूब चुका है। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित जिलों के 400 से ज्यादा गांव जलमग्न हैं। जालौन, अयोध्या, बदायूं, बहराइच, पीलीभीत, बस्ती, वाराणसी, गोंडा, देवरिया, बलिया, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, रामपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर और बांदा जिलों में रहने वाले 4 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से परेशान हैं। बस्ती में सरयू की बाढ़ में एक मकान पानी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए। लखीमपुर खीरी में पलिया-भीरा मार्ग की सड़क तेज बहाव में बह गई। गोंडा में घाघरा नदी में नाव पलटने से युवक की मौत हो गई है। जालौन में यमुना, पहूज और बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कई गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाराबंकी में घाघरा-सरयू नदी का कहर जारी है।

### वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप, प्रयागराज में डूबा श्मशान घाट



### 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान यागी के कमजोर होने के बाद भी कम दबाव क्षेत्र के प्रभाव से मंगलवार को उप्र. के दक्षिणी व पूर्वी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस नए विकसित वेदर सिस्टम का असर विंध्य क्षेत्र तक देखने को मिला। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, बांदा आदि में भी अच्छी बरसात रही। बदले मौसम के बीच राज्य के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बुधवार को भी बुंदेलखंड व आगरा क्षेत्र में अच्छी बारिश की संभावना है।

### उफान पर नदियां, घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**शाहजहांपुर।** बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते मंगलवार को जिले में गंगा, राम गंगा, खन्नौत और गर्रा नदियां उफान पर आ गईं। बाढ़ के खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज से मरीज अन्य अस्पतालों में जा रहे हैं। खन्नौत का पानी लोधीपुर मोहल्ले में घुस गया। सुभाष नगर, खकरा और शांतिपुरम सहित एक दर्जन से ज्यादा मोहल्ले जलमग्न हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा करसौर गांव का वजूद मिटाने पर तुली है। 50 घर खाली करा दिए गए हैं। बदायूं में नरौरा बांध से रोज छोड़े जा रहे पानी का असर तटवर्ती क्षेत्रों में पड़ रहा है।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे, बारिश हो सकती है

27.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 :01 | सूर्यास्त 06 :17

**श्री बाला जी एण्ड पार्टी**

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## विधायक बोले- विभाग से पूछेंगे निर्माण कार्य में देरी की वजह, कांठ रोड पर लोगों का सड़क पर गिरना हुआ आम बात

# तारीख पर तारीख, कभी चुनाव तो कभी कांवड़ और अब बारिश.. कब बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कांठ रोड पर पीएसी तिराहा के पास टूटी सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तारीख पर तारीख कभी चुनाव तो कभी कांवड़ यात्रा, तो कभी बारिश के बहाने से कांठ रोड का निर्माण कार्य शुरू करने से क्यों बच रहा है लोक निर्माण विभाग। इसका जवाब स्थानीय निवासी और यहां से रोजाना निकलने वाले लोग मांग रहे हैं। हालांकि कांवड़ यात्रा के दौरान जिला प्रशासन की सख्ती के बाद विभाग ने कांठ रोड की पेचिंग करा दी थी। लेकिन वह एक महीने भी नहीं टिक पाई। इसके बाद विभाग ने गहरी चुप्पी साध ली। दुर्घटना की आशंका के चलते अभिभावक छोटे बच्चों को वाहन से स्कूल भेजने में डरने लगे हैं।

लोक निर्माण विभाग पर लोगों के हादसों का शिकार होने का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। सब कुछ जानने के बाद भी हर बार कोई न कोई नया बहाना लेकर महीनों के लिए कांठ रोड के निर्माण कार्य को टाला जा रहा है। मंगलवार को सरकारी छुट्टियां खत्म होते ही इस रोड पर वाहनों की कतार लग गई। लोग जल्दी आफिस पहुंचने के लिए टूटी सड़कों से होकर गुजरे। जिसमें कई हादसे का शिकार होते-होते बचे। वहीं किले पर खड़े होमगार्डों का कहना है कि सुबह से शाम तक कांठ रोड पर हादसे होना आम बात हो गई है।

### कांठ रोड की बदहाली पर लोगों से बातचीत



होटलों में सब्जी की सप्लाई करता हूं। इस सिलसिले में कांठ रोड पर दिन में चार से पांच बार आता हूं। कई बार ऐसा होता है कि सड़क के गड्ढों में मेरी कार के हिचकोले खाने से बगल में चल रही बाइक अचानक गिर जाती है। **- इरफान**



मेरा घर टीडीआई सिटी में है। मेरी मोपेड कई बार सड़क पर पड़े रोड़े पर फिसल गई है। यहां आने जाने से बचने के लिए कई बार लोगों के बुलावे पर नहीं जा पाता। पिछले साल भी कई बार गिरा हूं। **- पं. विशेष कुमार शुक्ला**



यहां पिछले दस साल से हमारी दुकान है। रोजाना कारोबार के सिलसिले में कांठ रोड के पांच से सात चक्कर लगाने पड़ते हैं। बाइक फिसलने से अब तक करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो चुका है। **-रोहित दिवाकर**

बरसात के बाद कार्य शुरू कराया जाएगा। बजरी रोड़ा रेता सब हटाकर सड़क मानक के अनुसार बनाई जाएगी। फव्वारा चौक से छजलैट तक 22 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाना है। टेंडर मिलने के बाद तैयारी कर ली गई है। बस बारिश रुकने की देर है।
**-संजय सिंह,** मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग

हमने कई बार जिलाधिकारी की बैठक में कांठ रोड के निर्माण की जानकारी की है। लेकिन कभी टेंडर तो कभी बारिश में कार्य नहीं होने की बात बताई गई। लेकिन अब संज्ञान में आया है कि विभाग को इसके निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये मिल गया है। पहले 500 मीटर के किले से हरथला तक रोड की मरम्मत का 41 लाख रुपये भी विभाग को शासन ने पहले ही दे दिया है। विभाग द्वारा कंपनी को इसका टेंडर भी दिया चुका है। फिर कार्य करने में देरी क्यों हो रही है। इसके लिए विभाग से लिखित में पूछा जाएगा। **-रितेश गुप्ता,** नगर विधायक

## इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 तक बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सत्र जुलाई 2024 के लिए इग्नू ने स्नातक एवं परास्नातक (वार्षिक) डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने को आवेदन न करने वालों को राहत मिली है।

ऐसे अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 सितंबर कर दी गई है। लेकिन, अभ्यर्थी 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ नए प्रवेश के लिए आवेदन कर पाएंगे। यह जानकारी हिन्दू कॉलेज में इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी अपनी रुचि के किसी कोर्स में प्रवेश चाहते हैं तो उन्हें इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से सबसे पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। इसी के बाद ही उन्हें उसी पंजीकरण संख्या के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरना है।

# नगर आयुक्त की दो टूक, जीआईएस सर्वे के आधार पर होगी कर वसूली

## कार्यकारिणी की बैठक में बोले- टैक्स में नहीं होगा कोई फेरबदल, शासन के नियमों के अनुसार देना ही होगा टैक्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कैंप कार्यालय पर कार्यकारिणी की बैठक लेते महापौर विनोद अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को पीलीकोठी स्थित महापौर के शिविर कार्यालय पर हुई। गहमागहमी के बीच नगर आयुक्त के सख्त तेवर की बैठक में गूंज रही। नगर आयुक्त ने टैक्स बढ़ाने व वसूली के मुद्दे पर दो टूक कहा कि जीआईएस सर्वे के आधार पर ही टैक्स की वसूली होगी। टैक्स शासन के नियमों के अनुसार लिया जा रहा है। इसमें स्थानीय स्तर से कोई फेरबदल नहीं होगा। शासन ही इसमें बदलाव कर सकता है।

मंगलवार को महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। इसमें पहले 20 जून को हुई कार्यकारिणी की पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के लिए प्रस्ताव अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने रखा। चर्चा में पार्षद देशरत्न कत्याल के द्वारा उठाए गए बिंदु प्रथम में बुध बाजार में 13 खोखे पर चर्चा हुई। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि इस पर काम चल रहा है। नगर आयुक्त ने 15 दिन में इसका निस्तारण करने के लिए कहा। इसी क्रम में टाउनहाल के पटेल मार्केट में बनीं दुकानों को लेकर चर्चा हुई। पार्षद देशरत्न कत्याल ने कहा कि यह प्रकरण पिछले 25 वर्षों से चल रहा है। इसका निस्तारण होना चाहिए।

इसके बाद गृहकर व जलकर के नोटिसों पर पिछली कार्यकारिणी की बैठक में कर में बहुत अधिक बढ़ोतरी का मुद्दा कार्यकारिणी के सदस्यों ने उठाया। महापौर ने कहा नगर निगम के अधिकारियों का यह कहना है कि 2016 से टैक्स बढ़ोतरी नहीं की गई। तो फिर मुरादाबाद के टैक्स मामले पर हायतौबा लखनऊ तक क्यों मचा हुआ है। इस पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अपने सख्त तेवर दिखाए, उन्होंने दो टूक कहा कि कोई टैक्स नहीं बढ़ा है। जीआईएस सर्वे शासन ने कराया है। लेकिन, यहां पर इसको लेकर अनावश्यक बखेड़ा करा किया जा रहा है। नगर विधायक ने मामला लखनऊ तक मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव तक पहुंचा दिया। जिस पर मैंने व अधिकारियों ने मुख्य सचिव के सामने स्थिति को प्रस्तुत किया। जिस पर उन्होंने टैक्स निर्धारण शासन के नियमानुसार बताकर सही करार देकर इस अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उसके अनुरूप ही काम कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक शासन अपने नियमों में बदलाव नहीं करेगा हम शासन के वर्तमान नियमों का पालन हर हाल में कराएंगे, अधिकारी बार-बार इस पर स्पष्टीकरण नहीं देंगे। किसी भी बैठक में इस पर अब कतई चर्चा नहीं होनी चाहिए। टैक्स हर हाल में सभी को देना ही पड़ेगा। मामला बढ़ता देख महापौर ने बीच बचाव किया। नगर आयुक्त ने कहा कि टैक्स निर्धारण को लेकर मीडिया के माध्यम से जनता को जानकारी दी गई है। अगर कोई जानबूझकर नियमों की जानकारी से अनभिज्ञता जताता है तो हमें इससे मतलब नहीं है। पार्षदों की आपत्ति पर नगर आयुक्त ने कहा कि अभी मौके पर लेकर चलता हूं अतिक्रमण आप लोगों के सामने हटवाएंगे। इस पर महापौर ने बीच बचाव किया।

अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने कहा कि जीआईएस सर्वे वास्तविक दायरा, निर्माण के आधार पर निर्धारण किया गया है। कर बढ़ाया नहीं है। उन्होंने बताया कि पहले लोगों ने एरिया सही नहीं दिखाया गया था। दस साल पहले जहां एक मंजिल भवन था वह अब दो या तीन मंजिल बन गया लेकिन, टैक्स एक मंजिल का ही देते चले आ रहे थे, उनका जीआईएस सर्वे के आधार पर दायरा बढ़ने से टैक्स अधिक आया है। टैक्स बढ़ाया नहीं गया है, निर्धारण नये सिरे से हुआ है।

दुकानों व मकानों के कर निर्धारण पर कार्यकारिणी के सदस्यों ने आपत्ति जताई। महापौर ने कहा कि टैक्स में बढ़ोतरी मनमानी नहीं होनी चाहिए। इस पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के जवाब से कार्यकारिणी के सदस्य सहमत नहीं हुए और सभी ने इसका विरोध किया। महापौर ने टैक्स निर्धारण और टैक्स बढ़ोतरी की आपत्तियों के उचित निस्तारण करने का निर्देश दिया। पार्षद तुषार ने जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने में हीलाहवाली करने का आरोप लगाया।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव, देशरत्न कत्याल, तुषार, नगर निगम के अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अजीत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुनील कुमार दोहरे, मुख्य अभियंता दिनेश सचान, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, सहायक अभियंता रईस अहमद, सहायक अभियंता जलकल बीआर अशोक आदि मौजूद रहे।

### चर्चा के बाद बनी निस्तारण की सहमति

कार्यकारिणी की बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही में पार्षद देशरत्न कत्याल के द्वारा उठाए गए बिंदु प्रथम में बुध बाजार में 13 खोखे पर चर्चा हुई। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि इस पर काम चल रहा है। नगर आयुक्त ने 15 दिन में इसका निस्तारण करने के लिए कहा। वहीं टाउनहाल पर पटेल मार्केट में भी दुकानों का निस्तारण कर इसके नियमानुसार आवंटन से नगर निगम की आय बढ़ाने पर सहमति जताई गई। पार्षद देशरत्न कत्याल ने पटेल नगर के दुकानों का आवंटन भी नगर निगम कार्यकारिणी की निगरानी में कराने की बात रखी।

### अवैध ई-रिक्शा संचालन पर अंकुश लगाने को होगी बैठक

महापौर ने कहा कि महानगर में 20,000 से अधिक ई रिक्शा संचालित हो रहे हैं। इससे जाम लगता है और सड़कों पर लोड अधिक पड़ने से सड़कें टूट रहीं हैं। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा की संख्या सीमित करने की जरूरत है। कांग्रेस पार्षद नदीम ने कहा कि ई रिक्शा में बढ़ोतरी बेरोजगारी, नौकरी और रोजगार सरकार द्वारा उपलब्ध न कराने, नोटबंदी और कोविड संक्रमण के दौरान लाकडाउन के चलते हुआ है। नगर आयुक्त ने कहा अनधिकृत वाहनों का चालान किया जाएगा।

### डोर टू डोर कूड़ा उठान में रुके मनमानी

कार्यकारिणी के सदस्य पार्षद तुषार ने डोर टू डोर कूड़ा उठान में मनमानी व लापरवाही रोकने, कंपनी का नाम बताने और डोर टू डोर कूड़ा उठान व्यवस्था के नोडल अधिकारी कौन हैं, इसकी जानकारी महापौर को पत्र देकर मांगी। इसका समर्थन पार्षद देशरत्न कत्याल, चंद्रभान सैनी, मनोरमा सैनी ने किया।

## एक नजर

### अंतिम दिन तक आशा पदों के लिए 185 आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र में रिक्त आशा के पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है लेकिन, जितने पदों पर मांग हुई है उससे आधे आवेदन आए हैं। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर थी। आवेदन स्वीकार करने के अंतिम दिन तक करीब 185 आवेदन सीएमओ कार्यालय को प्राप्त होने की बात कही जा रही है। 123 आवेदन मंगलवार से पहले के दिनों में आए थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि 185 आवेदन आए हैं।

### रक्तदान शिविर लगा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित अंशुल गुप्ता के बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने किया। रक्तदान शिविर में लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान ज़िला सहसंयोजक अंशुल गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर हर वर्ष सेवा पखवाड़े का 17 सितंबर को आयोजन किया जाता है। सेवा पखवाड़े में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान शान ज़ैदी, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, अरुण पंडित जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, अंशुल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# धान खरीद को पंजीकरण जल्द सत्यापित करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** जिले में धान खरीद को पारदर्शिता के साथ शुरू कराने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों व केंद्र प्रभारियों आदि के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि धान खरीद के लिए पंजीकरण कराने वाले किसानों का सत्यापन 24 घंटे में सुनिश्चित कराएं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर सिंह ने बैठक में बताया कि 15 केंद्र और बढ़ने से कुल खरीद केंद्रों की संख्या 58 हो गई है। जबकि लक्ष्य 60 केंद्रों का है। जिसमें सर्वाधिक खाद्य विभाग के 27 केंद्र हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि 58 केंद्रों में सर्वाधिक 27 केंद्र खाद्य विभाग के हैं। इसके अलावा पीसीएफ के 17, पीसीयू के 9, यूपीएसएस के 3, भारतीय खाद्य निगम के 2 केंद्र बने हैं। जबकि जिले में 22 राइस मिलों के संचालकों की ओर से धान कुटाई के लिए आवेदन किया गया है। धान खरीद के लिए केंद्रों के आवंटन के साथ ही तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया कि अब तक 290 किसानों ने पंजीकरण कराया है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि 24 घंटे में उनका सत्यापन करा लें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने निर्देश दिया कि केंद्रों पर खरीद के लिए सत्यापित इलेक्ट्रानिक तौल कांटे, डस्टर, नमी मापक यंत्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। सभी तहसीलों में केंद्रों पर पंजीकृत किसानों का सत्यापन व केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित कराने की रिपोर्ट मंगा लें।

# एक साथ दंपति की मौत से कॉलोनीवासियों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



घटनास्थल पर परिवार वालों से जानकारी लेते सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर।

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर में दंपति की एक साथ मौत से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पत्नी के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

मुकेश की भाभी सरोज ने बताया है कि दोनों ने नौ साल पहले प्रेम विवाह किया था। परिवार में चार भाई और तीन बेटियां हैं। मुकेश निजी कंपनी में काम करता था। उन्होंने बताया कि दो साल पहले कविता से बातचीत के बाद सुमित का घर आना-जाना शुरू हुआ था। पहले दोनों चोरी-छिपे मिलते थे। एक साल बाद सुमित सबके सामने घर आने-जाने लगा। प्रेमी सुमित को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा बढ़ गया था।

मृतक मुकेश की भाभी ने बताया कि घटना से पहले सोमवार रात पहली बार मुकेश ने परिवार वालों को पत्नी की हरकतों के बारे में बताया था। मुकेश जब भी घर आता था तो पत्नी और सुमित दोनों उससे मारपीट करते थे। इसके बाद धक्का मारकर घर से बाहर निकाल देते थे। सोमवार की रात को भी सुमित को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। घर पर सुमित के आने के बाद पत्नी ने उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद सुमित को घर बुलाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। सुबह जब सुमित की मां उसे ढूंढते हुए मुकेश के घर पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। सुमित की मां ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला। इसके बाद पड़ोस की छत से नीचे देखा तो मुकेश का फंदे से लटकता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### बेड पर मिली दंपति की डेढ़ माह की बच्ची

हत्या और आत्महत्या में जान गंवाने वाली कविता और पति मुकेश के तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी काव्या (7) और आराध्या (5 वर्ष) हैं। जबकि तीसरी और सबसे छोटी बेटी मात्र डेढ़ माह की है, जिसका अभी नामकरण तक नहीं हुआ था। कविता की मां गीता और पिता गेंदालाल ने बताया कि सोमवार देर रात कविता अपनी दोनों बड़ी बेटियों को उनके घर के बाहर छोड़ कर चली गई थी। उसने उस समय कुछ नहीं बताया था। मंगलवार की सुबह जब परिजन और पुलिस कमरे में दाखिल हुए तो बच्ची सकुशल बेड पर लेटी थी।

### डॉक्टरों के पैनल ने किया पत्नी का पोस्टमार्टम

मझोला पुलिस ने जान गंवाने वाले दंपति का पोस्टमार्टम कराया। पहले पति मुकेश का पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद कविता के शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल से कराया गया। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर कविता की हत्या की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम हाउस के सूत्रों के अनुसार मरने से पहले जान बचाने के लिए कविता ने मुकेश से संघर्ष भी किया था। क्योंकि उसके शरीर पर संघर्ष के निशान मिले हैं।

**जननी सुरक्षा** | एंबुलेंस संचालन की सामने आई सच्चाई, आईजीआरएस शिकायत निस्तारण भी फर्जी

# एंबुलेंस नहीं आई तो ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंची गर्भवती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एंबुलेंस का घंटे भर इंतजार किया नहीं आई तो दोबारा कॉल की
- कॉलर ने बताया कि आप सेवा प्राप्त कर चुकी हैं

**अमृत विचार :** प्रसव के लिए अस्पताल जाने को गर्भवती ने एंबुलेंस का घंटे भर इंतजार किया। नहीं आई तो दोबारा कॉल की जिस पर उसे बताया गया कि आप सेवा प्राप्त कर चुकी हैं। फिर मुगलपुरा से गर्भवती ई-रिक्शे से जिला महिला अस्पताल आई। उसे पहला बच्चा है। यही नहीं, गर्भवती के जेठ ने इस मामले में आईजीआरएस की तो जिम्मेदारों ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण दिखा दिया। ये मामला राज्य स्तर से फीडबैक लेने में खुला। फीडबैक लेने वाले को शिकायकर्ता ने फोन पर बताया कि उसके पास न कोई अधिकारी आया न ही उसका फोन, शिकायत में क्या कार्रवाई हुई, ये तक उसे नहीं पता है। ये हाल है जननी सुरक्षा योजना का।

अली अख्तर ने बताया कि वह वार्ड-66 मुगलपुरा के रहने वाले हैं। उनके छोटे भाई सईद अख्तर की पत्नी अस्मत गर्भवती है। उसके पहला बच्चा है। पिछले दिनों प्रसव पीड़ा हुई थी तो उसे महिला अस्पताल लाने के लिए उन्होंने एंबुलेंस के संबंध में 102 नंबर पर कॉल की थी। एक घंटे तक इंतजार किया लेकिन, एंबुलेंस नहीं आई तो उन्होंने दोबारा कॉल की। जिस पर उन्हें बताया गया कि आपके मरीज को सेवा प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की इस फर्जीवाड़े से उनके भाई की पत्नी को अस्पताल पहुंचाने में विलंब हुआ। ई-रिक्शा से उसे अस्पताल ले गए, गनीमत रही कि अस्मत को कोई अधिक दिक्कत नहीं आई। डॉक्टर ने प्रसव में अभी समय होने की बात कहकर कुछ दवाइयां देकर घर भेज दिया था। अली अख्तर ने बताया कि उन्होंने 7 सितंबर को आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई। 14 सितंबर को उनके पास फीडबैक के लिए कॉल आई। उनसे एंबुलेंस की सेवा और शिकायत पत्र के निस्तारण में संतुष्टता पूछी गई तो वह चौक गए। उन्होंने कॉल करने वाले को बताया कि उनकी शिकायत किसने और कब निस्तारित की, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में साफ हो गया कि शिकायत निस्तारण में भी फर्जीवाड़ा किया गया। अब इस मामले के निस्तारण की जिम्मेदारी जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दी गई है।

### सीएमओ के दावों पर करें गौर

जिले में 108 वाली 30 और 102 वाली 24 एंबुलेंस हैं। 102 वाली एंबुलेंस के लिए दावा है कि शहरी क्षेत्र में कॉल समाप्त होने के 20 मिनट में एंबुलेंस रोगी तक पहुंचती है। देरी होने पर जुर्माना लगता है। दावा ये भी है कि एंबुलेंस को रोगी तक पहुंचने में लगने वाला औसत समय केवल 6 .34 मिनट है। एंबुलेंस को औसतन प्रतिदिन 8 ट्रिप्स किया जाना अनिवार्य है। आपको बता दें कि ये दावे सीएमओ हर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत करते हैं।

कॉलर का नंबर होता है, उसकी रिकॉर्डिंग होती है। ऐसे ही किसी शिकायत का निस्तारण नहीं हो जाता है। बाकी समस्या की हम अपने स्तर से जांच करा लेंगे।
**- नरेंद्र सिंह,** प्रोग्राम मैनेजर, कार्यदायी संस्था-ईएमआरआई ग्रीन एनर्जी लि.

यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। हां, इससे पहले 24 अगस्त को एक मामला सूर्यनगर सिविल लाइन की दिशा शर्मा का आया था। गर्भवती दिशा की डिलीवरी इमरजेंसी केस था। पारस ने एंबुलेंस के लिए कॉल की थी, जो नहीं पहुंची थी। कार्रवाई के लिए विवरण लखनऊ भेजा था तो वहां से लिखकर आया था जब कॉलर ने मांग की तो उस समय एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी।
**- डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव,** नोडल अधिकारी-एंबुलेंस सेवा



सर्किट हाउस में बैठक करते राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति। ● अमृत विचार

# प्रकृति और जल संरक्षण को मिलकर करें कार्य: धर्मवीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सर्किट हाउस सभागार में मंगलवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड विभाग व नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रकृति व जल संरक्षण के लिए होमगार्ड और सिविल डिफेंस के लोग मिलकर कम करें।

बैठक में जल व प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन पर राज्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कुछ ऐसा विशेष करें जिससे जन सामान्य में एक सकारात्मक संदेश जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड, डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हॉस्पिटल सील

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नोडल अधिकारी चिकित्सालय पंजीयन डॉ. नरेंद्र कुमार ने मूंढापांडे क्षेत्र में क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सील कर दिया है। इस क्लीनिक का संचालन डॉ. आशक अली कर रहा था। नोडल अधिकारी ने बताया कि संचालक अपने को डॉक्टर कह रहा है। लेकिन उसके पास कोई ऐसे अभिलेख नहीं है, जिसकी प्रामाणिकता के आधार पर उसे डॉक्टर कहा जा सके।

**श्री पारसनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी**
17Km, मुरादाबाद-काशीपुर रोड, पीपलसाना, मुरादाबाद
**डी.एल.एड. प्रशिक्षण**
डी.एल.एड. प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 804/15-11-2017-2067/2013 के अनुपालन में श्री पारसनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी (जो NCTE, SCERT उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अल्पसंख्यक संस्थान है।) में द्विवर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि-09.10.2024 है। अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन हेतु www.spiet.co.in पर लॉग-ऑन करें।
परीक्षा नियंत्रक
सम्पर्क करें:- 9410457387, 8859103000

## एक नजर

### कुंवर आकाश बने मुरादाबाद ग्रामीण के प्रभारी एएसपी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शासन ने मंगलवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इसमें आईपीएस कुंवर आकाश सिंह को प्रभारी एएसपी मुरादाबाद ग्रामीण नियुक्त किया गया है। वह संदीप मीना की जगह लेंगे। बता दें कि शासन ने एसपी देहात संदीप कुमार मीना को एसपी रेल गोरखपुर के पद पर प्रोन्नत करके भेजा है। मंगलवार को शासन ने मथुरा में तैनात सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस कुंवर आकाश सिंह का तबादला करके मुरादाबाद देहात के प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) नियुक्त किया है। दो दिन बाद वह अपना कार्यभार संभालेंगे।

### प्रदेश में महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं बढ़ीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था व पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ बुधवार को कांग्रेसी मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। यहां जानकारी पूर्व सांसद दानिश अली ने दी। मंगलवार को कचहरी स्थित एक होटल में हुई प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद दानिश अली ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

## जिले के प्रभारी व प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रमों में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कंपनी बाग में स्मार्ट सिटी वॉल का लोकार्पण करते मंत्री अनिल कुमार, साथ में महापौर व अन्य।


मनोहरपुर गांव में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की ओर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कंपनी बाग में अभियान के अन्तर्गत लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कंपनी बाग में स्मार्ट सिटी द्वारा बनवाई गई स्वच्छता दीवार का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से देश की विरासत व स्वच्छता का संकल्प महात्मा गांधी से लेकर अब तक के बारे में संदेश दिया गया है। महात्मा गांधी के संदेश कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना स्वयं का सफाई कर्मचारी होना चाहिए से प्रेरणा लेने का सभी ने संकल्प लिया।

भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत मंत्री ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आप सभी कम से कम 100 लोगों को इसकी शपथ दिलाकर उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों (स्वच्छता मित्रों) को स्वच्छता किट प्रदान की। महापौर विनोद अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी व नगर निगम की ओर से पार्क में कराए गए कार्यों की जानकारी दी। मंत्री ने अन्य अतिथियों के साथ पूर्व महापौर वीना अग्रवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा पुंज है। उनसे सीख लेकर हम देश की तरक्की में अपनी भूमिका का निर्वाह करें तो भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. विशेष गुप्ता, अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे

### प्रभारी मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपा पौधा

मंत्री अनिल कुमार ने अन्य अतिथियों के साथ कंपनी बाग पार्क में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी से बढ़ चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने अमलतास का पौधा लगाया। कहा कि पौधा लगाने के साथ ही उसका संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता के लिए श्रमदान भी किया।

### लाभार्थियों के साथ संवाद कर मनाया पीएम का जन्मदिन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर महिला लाभार्थियों के साथ संवाद और केक काटकर उत्सव मनाया गया। प्रिया अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से कई सामाजिक और आर्थिक सुधार किए हैं। बेटियों और महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए वृहद स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने देश की बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है और विदेशी नीति में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को लेकर महिलाएं उत्साहित दिखीं। महिलाओं ने अपना अनुभव साझा कर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### प्रभारी मंत्री ने मनोहरपुर गांव में किया श्रमदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मनोहरपुर गांव में श्रमदान किया। मंत्री के साथ अधिकारियों ने भी गांव की सड़कों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। ग्राम पंचायत में बेहतर सफाई करने वाले सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

प्रभारी मंत्री के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने श्रमदान कर गांव की सड़कों की सफाई की। स्वच्छता अभियान में जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ ही परिवर्तन द चेंज संस्था के सदस्यों व अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया। प्रभारी मंत्री ने पौधरोपण करने के साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अच्छा कार्य करने वाले सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रभारी मंत्री के साथ ग्रामीणों ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# जरूरतमंदों की मदद को आगे आएं युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पार्टी कार्यालय पर रक्तदान करते भाजपाई।

● प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यालय बुद्धि विहार में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मंगलवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य के साथ किया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि समाज में लोगों की जरूरत पर जान बचाने के लिए रक्तदान के लिए आगे आएं।

शिविर का शुभारंभ मंत्री ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान के माध्यम से समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। यह पुनीत कार्य है। इसके बाद युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान करना शुरू किया। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक चौबे, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ मिश्रा, पार्षद राजेश गुप्ता, दीक्षांत चौधरी, सुनीता शर्मा, शम्मी दूबे, उदित शर्मा, अभिषेक ठाकुर, अवनीश गंगा पाल, गौरव द्रविड़, विशाल सैनी, संदीप सहित 52 लोगों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर के अलावा भी हमें समाज में जरूरत पड़ने पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, अल्पना रितेश गुप्ता, श्याम बिहारी शर्मा, मदालसा शर्मा, सुनीता शर्मा, कमल गुलाटी, नत्थूराम कश्यप, अभिषेक राठौर, आशुतोष सिंह, गुड्डू सैनी, उज्ज्वल सैनी, सुवंश अग्रवाल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने सेवा पखवाड़ा में दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भाजपा महानगर इकाई की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। महानगर के सभी 10 नगर मंडलों में सफाई अभियान चलाया।

महानगर के चंद्रनगर मंडल, मध्यनगर, लाइनपार, कटघर, रामगंगा विहार, सिविल लाइन, दस सराय, दीवान का बाजार, सेहल और भोजपुर मंडल में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारी पहुंचे। झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। क्षेत्रीय लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, सशक्त भारत का जो सपना देखा था वह साकार हुआ हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को धारा 370 और 35 ए से मुक्त किया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के संयोजक दिनेश सिसोदिया, सह संयोजक सुरेंद्र विश्नोई व डॉ. गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे। अभियान के महानगर संयोजक व महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, महापौर विनोद अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार, संतोष सिंह, दिनेश सिसोदिया, डॉ केके मिश्रा, श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, राहुल शर्मा, विशाल त्यागी, नवदीप टंडन, शमी भटनागर, राजेश रस्तोगी, अजय वर्मा, सुनीता शर्मा, शशि किरण, मनीष गुर्जर, गेत्रपाल सिंह, सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. गौरव श्रीवास्तव मंडल अध्यक्षों में विपिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते डीआरएम राज कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरूआत मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी रेल अधिकारी व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की गई।

मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों व रेल कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। इस दौरान डीआरएम राजकुमार सिंह, एडीआरएम परिचालन राकेश सिंह, सीएमओ इंद्रजीत कौर ने पौधरोपण भी किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसके अलावा मंडल के मुख्य स्टेशनों मुरादाबाद, रामपुर, चंदौसी, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, हापुड़, नजीबाबाद, लक्सर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून व योग नगरी ऋषिकेश पर रेल अधिकारियों व कार्यरत रेल कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

### दैनिक कार्यों में राजभाषा के अधिक प्रयोग पर जोर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में अधिकारियों ने रेल मंडल के सभी कार्यालयों में राजभाषा के नित्य कार्यों में अधिक से अधिक प्रयोग करने का आह्वान किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि बुधवार को राजभाषा पखवाड़ा-2024 के अंतिम दिन ऑफिसर्स क्लब में डीआरएम द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कियाजाएगा। बैठक में डीआरएम राज कुमार सिंह, एडीआरएम परिचालन राकेश सिंह आदि अधिकारी शामिल रहे।


जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देते दस्तकार। ● अमृत विचार

# जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभल रोड स्थित वीरपुर उमरी औद्योगिक इंडस्ट्रियल एरिया के दस्तकार एवं अन्य लोगों ने मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, सांसद रुचि वीरा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, उपायुक्त उद्योग योगेश कुमार से मुलाकात की।

लोगों ने अवगत कराया कि मौजूदा समय में औद्योगिक इंडस्ट्रियल एरिया वीरपुर उमरी का बुरा हाल है। यहां की सड़कें काफी समय से पूरी तरह टूटी पड़ी हैं। रामपुर रोड बाईपास से एक रास्ता जोकि इस एरिया की ओर आता था, लेकिन उसे बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इस मौके पर हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष नोमान मंसूरी, कारखानेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष आजम अंसारी, हाजी मतलूब अंसारी और मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा जयंती पर 36 लाख के ऋण वितरित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विश्वकर्मा जयंती पर मंगलवार को जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के सभागार में मनोज कुमार गुप्ता परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी की मौजूदगी में ऋण वितरण और टूल किट्स वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में खादी व ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में 36 लाख रुपये का ऋण वितरण कर 21.25 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और टूल किट्स वितरित किए गए। ऋण स्वीकृत होने पर लाभार्थियों के चेहरे खिल गए। इस दौरान सहायक आयुक्त उद्योग नेहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण करतीं सांसद रुचि वीरा, साथ में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व पार्टी के अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● जिला कार्यालय पर सांसद ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। सांसद, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया।

सांसद रुचि वीरा ने कहा भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के पहले शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर हैं। इस अवसर पर कारखानों, प्रतिष्ठानों व निर्माण कार्यों से जुड़े संस्थानों में विशेष पूजा की जाती है। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सपा सरकार में विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित था, लेकिन भाजपा सरकार ने सभी धार्मिक अवकाश को रद कर दिया। कहा कि सपा सरकार बनने पर फिर अवकाश घोषित कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम में महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, विजयवीर यादव, धर्मेन्द्र यादव, शैलेन्द्र यादव, दुर्गा शर्मा, विक्रम सिंह, वेदप्रकाश सैनी, प्रेमबाबू बाल्मीकि, सुनीता सिंह, मोहम्मद तकी, अशोक सैनी, आदित्य चौधरी, अताउरहमान, जयपाल सिंह सैनी, लुकमान खान आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में कथा के आरंभ पर आरती करते श्रद्धालु।

### श्रीमदभागवत कथा के श्रवण से होता है उद्धार: सुशील मिश्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के नवाबपुरा स्थित स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम पर श्रीमद् भागवत सप्ताह की मंगलवार को शुरूआत की गई। जिसके तहत पंचायती मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद हल्द्वानी से आए कथा व्यास सुशील मिश्रा ने कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि केवल मृत्यु लोक अर्थात पृथ्वी पर ही श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर जीवन को धन्य करने का अवसर मानव को प्राप्त होता है। इस दौरान आश्रम के अध्यक्ष एवं श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ के संयोजक संजीव, प्रेमनाथ यादव, प्रमोद रस्तोगी, मूलचंद कश्यप, मुन्ना गुरु, सुरेंद्र सिंह, पंकज शर्मा, लक्ष्मी अग्रवाल, माया देवी आदि मौजूद रहे।


रेलवे स्टेशन पर वेदांग यादव का स्वागत करते स्टेशन अधीक्षक व अन्य।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वेदांग यादव ने जीता स्वर्ण पदक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाराष्ट्र में हुई राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता में महानगर के वेदांग यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। महाराष्ट्र के जनपद पुणे में 12 से 15 सितंबर तक श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स स्टेडियम में 17वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल तक पहुंची। फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने झारखंड को 16-04 के स्कोर से हराकर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में 16 गोल करने पर वेदांग को स्वर्ण पदक मिला। मंगलवार को महानगर पहुंचने पर वेदांग का परिजन, स्टेशन प्रबंधक महेंद्र कुमार, विधायक समरपाल सिंह, खिलाड़ियों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

### प्रतियोगिता में निष्ठा सिंह रहीं प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विल्सोनिया डिग्री कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से ओजोन परत में होने वाले नकारात्मक परिवर्तन और उनको दूर करने के लिए नए विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के डॉ. पवन शुक्ला, डॉ. नरेंद्र सिंह रहे। प्रतियोगिता में निष्ठा सिंह पहले, तृप्ति गुप्ता दूसरे स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम — मंडल के कृषि निर्यातकों को योजनाओं से मिलने वाले अनुदान के लाभ बताए

# नई कृषि निर्यात नीति के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कार्यक्रम में कृषि निर्यात की जानकारी देते उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार :** मंडी समिति के ईनामी सभागार में कृषि निर्यात नीति 2019 के तहत कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने की । जिला उद्यान अधिकारी के अलावा ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष कुमार ने नई कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन योजनाओं के बारे निर्यातकों को जानकारी दी।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कई जनपद के कृषि निर्यातकों ने भाग लिया। इसके अलावा समस्त क्रियाशील एफपीओ कृषक भी मौजूद रहे। जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया कि कृषि निर्यात के उन्मुख क्लस्टर निर्माण पंजीकरण एवं निर्यात के दायित्व पूर्ण होने पर विकास खंड की सीमान्तर्गत प्रथम 50 से 100 हेक्टेयर तक पांच वर्षों में 10 लाख रुपये एवं प्रत्येक 50 हेक्टेयर पर 6 लाख रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। 30 प्रतिशत निर्यात पर प्रथम वर्ष 40 प्रतिशत एवं उसके बाद 15 प्रतिशत पर आगामी चार वर्ष तक निर्यात होने पर प्रोत्साहन अनुदान का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए आवेदन जनपद स्तर पर व ऑनलाइन उन्होंने बताया कि क्लस्टर के निकट नई प्रसंस्करण इकाई, पैक हाउस, शीतगृह एवं राइपनिंग चैंबर आदि स्थापित करने एवं कम से कम से एक से पांच वर्ष तक न्यूनतम 40 प्रतिशत निर्यात करने पर अनुदान का भुगतान मिलेगा। इसके लिए आवेदन जनपद स्तर पर किया जाएगा। वहीं ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष गुप्ता ने बताया कि तीसरी प्रोत्साहन योजना परिवहन अनुदान से संबंधित है जिसमें कृषि उत्पादों एवं इनसे प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात पर परिवहन अनुदान वायु, रेल, सड़क व जल मार्ग की अधिकतम सीमा वास्तविक भुगतान किए गए किराए का 25 प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा।

निर्यात उन्मुख उच्च शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ करने वाले राजकीय संस्थानों को 25 या अधिक छात्रों के पंजीकृत होने पर एकमुश्त 50 लाख रुपये का अनुदान का भुगतान किया जाएगा।


जोनल टैक्स बार की बैठक में उपस्थित अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# जीएसटी की समस्याओं पर की चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा मंगलवार को एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजीव विश्नोई के आवास पर हुई। इसमें जीएसटी में आ रही समस्याओं पर अधिवक्ताओं ने चर्चा कर उसके समाधान पर विचार किया।

सभा में अधिवक्ताओं ने जीएसटी में आ रही समस्याओं के संबंध में वार्ता हुई। केंद्रीय जीएसटी में पंजीकरण में अकारण विलंब हो रहा है। व्यापारियों को बहुत देर से जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष गुफरान माजिद ने बताया कि शीघ्र इस संबंध में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों के साथ एक बैठक कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। नए सदस्यों के प्रार्थना पत्रों पर विचार कर उन्हें सदस्यता दी गई। इस दौरान एल्डर कमेटी के चेयरमैन संजीव माहेश्वरी, शाहवेज मलिक, विचित्र शर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, अनुज गुप्ता, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एटीएम बंद होने से उपभोक्ता हुए परेशान

**कांठ, अमृत विचार** : नगर क्षेत्र में मंगलवार को एटीएम से नकदी नहीं मिलने पर लोग परेशान रहे। वे इधर-उधर रुपये निकालने के लिए भटकते रहे। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ध्रुव सिंह ने बताया कि स्टेट बैंक के एटीएम में तकनीकी समस्या आने के कारण बंद किया गया है। अन्य बैंकों के एटीएम की जानकारी नहीं मिल पाई है। नगर में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सिंडिकेट-देना बैंक, इंडिया बैंक समेत बैंकों के एटीएम हैं। लेकिन किसी एटीएम में कैश नहीं था। कुछ एटीएम बंद पड़े थे। कुछ उपभोक्ता रुपयों के लिए स्योहारा और मुरादाबाद चले गए।

### गन्ना सट्टा मेले में 38 शिकायतें निस्तारित

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार** : गन्ना सट्टा मेले में मंगलवार को किसानों की 42 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 38 का मौके पर निस्तारण कर दिया। चार शिकायतें सुपरवाइजरों को दे गई हैं। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि प्रतिदिन किसान अपने शिकायत पत्र लेकर पहुंचते हैं। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी किसान समस्या से पीड़ित न रहे और सभी के साथ न्याय होना चाहिए। 20 सितंबर तक सहकारी गन्ना समिति में चल रहे मेले में पहुंचकर गन्ना सट्टे से संबंधित जो भी समस्या है, उसका निस्तारण कराया जाए।

### 60 लोगों को मिला आवास योजना का लाभ

**डिलारी, अमृत विचार** : ब्लॉक सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। लाभार्थियों को कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में 60 लाभार्थियों को चाभी देकर गृह प्रवेश कराया। समारोह की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी रूपचंद ने की।

### अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने की दावेदारी

**डिलारी, अमृत विचार** : सीएचसी में मंगलवार को हुई बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति शाखा डिलारी का गठन किया गया। इसमें तय हुआ कि 20 सितंबर को अध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष, शाखा मंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए दो, उपाध्यक्ष पद के लिए एक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन किया गया। यह जानकारी चुनाव अधिकारी अमित भारद्वाज ने दी।

## विश्वकर्मा जयंती पर औजारों और मशीनों का किया पूजन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : क्षेत्र में पशुपति एग्री लोन, त्रिवेणी चीनी मिल रानी नागल, नेक्टा फ्रेश एग्रो फूड्स फैक्ट्री और अन्य संस्थाओं में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। क्षेत्र के कारखानों और कार्यालयों में पूजन किया गया।

भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का प्रतीक माना जाता है। उनके अनुयायी विशेष रूप से कारीगर, शिल्पकार, इन्जीनियर्स और विभिन्न निर्माण से जुड़े लोग हैं। विश्वकर्मा जयंती पर लोग अपने औजारों, मशीनों और उपकरणों की पूजा करते हैं। क्षेत्र के राजपुर जसपुर उद्यम सिंहनगर स्थित नेक्टा फ्रेश एग्रो फूड्स में विश्व कर्मा जयंती पर भाजपा नेता राकेश चौहान ने औजारों, मशीन की सफाई की। पंडित अतुल शास्त्री ने विधि विधान के साथ रोली, अक्षत, फल-फूल से उनकी पूजा अर्चना कराई। औजारों और मशीनों पर कलावा बांधा और मिठाई से पूजा कर आरती की। इस मौके पर भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी आदि रहे।


पूजन करते लोग।

### पॉवर लिफ्टिंग में 595 किलो भार उठाकर जीते दो स्वर्ण पदक

## कैफ ने कजाकिस्तान में लहराया तिरंगा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** बिलारी के रहने वाले मोहम्मद कैफ ने कजाकिस्तान में हुई पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीत कर भारत का नाम रोशन किया है। कैफ ने प्रतियोगिता में तीन दिनों में कुल 595 किलो भार उठाकर ये पदक जीते व एनपीए टाइटल टॉफी अपने नाम की है। इससे उनके परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल है।

कैफ के भाई सामाजिक कार्यकर्ता नोमान जमाल ने बताया कि कजाकिस्तान के शहर कारागंडा में नेशनल पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन वर्ल्ड के बैनर तले विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। इनमें कुल 35 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। कैफ ने पहले दिन बेंचप्रेस खेला, दूसरे दिन डेडलिफ्ट और तीसरे दिन फइनल में पहुंचकर स्ट्रिक्ट कर्ल्स खेल कर भार उठाया। इन तीन दिनों में कैफ ने कुल 595 किलो भार उठाकर कजाकिस्तान की इस अंतर्राष्ट्रीय लीग में भारत का परचम लहराया। फाइनल में कैफ का मुकाबला रूस और तुर्कीये के दमदार पहलवानों से था। उन्हें पछाड़ कर दो स्वर्ण पदक जीते। साथ ही एनपीए टाइटल ट्रॉफी अपने नाम की। कैफ की इस सफलता पर नगर में खुशी का माहौल है। उनके घर मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा रहा। परिजनों ने बताया कि कैफ जल्द ही विदेश से घर लौटेंगे। इसके बाद उनका स्वागत किया जाएगा।


तिरंगा लहराते मोहम्मद कैफ।

## सार संक्षेप

### 25000 का इनामी पूर्व सभासद का भाई गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार** : पांच मामलों में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी पूर्व सभासद के भाई राजीव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बिलारी नगर के मोहल्ला चंद्र वाटिका कॉलोनी निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार, नगर पालिका का पूर्व सभासद चैतेन्द्र सिंह उर्फ चेतन चौधरी खुद को मीडियाकर्मी बताया था। गैंग का सरगना पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक था। यह नकली पैड बनाकर उगाई किया करता था और धमकाता था। इस मामले में चेतेंद्र के अलावा उसके भाई राजीव, मीरापुर माफी निवासी विजयवीर व भूरा जाटव भी नामजद था। सभी आरोपी जेल जा चुके थे। लेकिन चैतेन्द्र चौधरी का भाई राजीव कुमार निवासी रहमतनगर सात जनवरी से मुकदमे में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन सितंबर को पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित किया था। कई टीमें लगातार उसकी तलाश में थीं। अब पुलिस ने आरोपी राजीव को गिरफ्तार किया है। इसपर धोखाधड़ी के दो, छेड़खानी सहित एक अन्य मामला दर्ज है।

### प्रबंधक को पीटने के मामले में तीन पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर विद्यालय के प्रबंधक को पीटने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर के वार्ड-18 काशीपुर रोड निवासी विद्यालय के प्रबंधक हाजी भूरा हुसैन अंसारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार देर शाम वह अपने विद्यालय के गेट के पास खड़े थे। तभी मोहल्ले के ही अबरार अहमद, अंसार अहमद और एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे गाली गलौज की। विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से उन पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। लोगों व परिजनों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में विद्यालय के प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हादसे में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव तालमपुर खादर उर्फ शेरपुर पट्टी निवासी सुमेर पुत्र खेम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा आकाश पुत्र महाराज सिंह 19 अगस्त को मुरादाबाद जा रहा था। गोविंदपुर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इससे आकाश घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दो गुटों में चले लाठी डंडे, तीन लोग घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : रायभूड गांव में रंजिश के चलते दो पक्षों में लाठी डंडे चले। इसमें प्रधान की पत्नी, पुत्र और दूसरे पक्ष का एक युवक घायल हो गया। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव रायभूड के ग्राम प्रधान व भाजपा के जिला मंत्री भानु प्रताप सिंह के अनुसार, उनका बेटा बाइक से गांव जा रहा था। तभी दूसरे पक्ष के युवक व उसके साथियों ने उसे रोक लिया और मारपीट करने लगे। यह देख अनीता देवी अपने बेटे को बचाने पहुंचीं तो युवक ने उन्हें भी चाकू मार कर घायल कर दिया। प्रधान का पुत्र भी घायल हो गया। दूसरे पक्ष की कृष्णा देवी पत्नी खूब सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि प्रधान के बेटे ने अपने साथियों के साथ उनके बेटे सौरभ को पीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसपी सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। उधर, पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में समझौता हो गया।



शपथ ग्रहण करते अधिकारी और कर्मचारी ● अमृत विचार

### ऊमरी कलां में दिलाई स्वच्छता की शपथ

**छजलैट, अमृत विचार** : नगर पंचायत ऊमरी कलां में स्वच्छता ही सेवा की शपथ ग्रहण कराई गई। नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने एक पौधा मां के नाम के तहत पौध रोपण कराया। लाभार्थियों को आवास योजना के प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली, ईओ श्वेतांक सारस्वत, मोहम्मद जीशान, जयकुमार, सुरेंद्र सिंह यादव, अंकुर विश्नोई आदि रहे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का किया आरंभ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : नगर पालिका में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी व अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य की अध्यक्षता में किया गया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वभाव और संस्कार का हिस्सा होनी चाहिए। नगर पालिका क्षेत्र हमारे घर का आंगन है और इसकी स्वच्छता व सुंदरता की सुरक्षा हमारा दायित्व और अधिकार हैं। उन्होंने आमजन से स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेने की अपील की। ईओ ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनाया जा रहा है। इसमें घर-घर जाकर लोगों को अपशिष्ट निष्पादन के तरीके और स्वच्छता के स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान मुजीबुर्रहमान, मुस्तकीम, आसिफ सैफी, नफीस अंसारी, राकेश दानव, साजिद, नईम अहमद आदि रहे।

### नबी के बताए रास्ते पर चलकर गुजारें जिंदगी

**कांठ, अमृत विचार** : ईद मिलादुन्नबी पर सीरत कमेटी की ओर से देर रात्रि सब्जी मंडी में जलसा हुआ। इसमें मुफ्ती गफूर संभली ने कहा कि नबी ने जो अखलाक जिंदगी गुजारने का तरीका बताया है, हमें उस पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारना चाहिए। अपने पड़ोसियों का ध्यान रखना चाहिए। मौलाना सिराजुद्दीन ने कहा कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है, हमें अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। मुफ्ती मोहम्मद मुजाहिद ने नौजवानों से कहा कि वे मोबाइल के गलत इस्तेमाल से बचें। जलसे के आगाज में मोहम्मद नौशाद आलम ने कुरान व नाते पेश की। संचालन हाफिज मोहम्मद साबिर ने किया। इस दौरान शहर इमाम मौलाना शुएब, मौलाना मोहम्मद अयूब, नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, सीरत कमेटी के सदर डॉ. मोहम्मद हनीफ अंसारी, हाजी मोहम्मद अरशद सिद्दीकी, हाजी साकिब अहमद, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद यामीन आदि रहे।


प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने प्रभारी मंत्री का किया स्वागत

**छजलैट, अमृत विचार** : प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के प्रथम बार जनपद मुरादाबाद में आगमन पर उनका स्वागत किया गया। गांव गुरेठा में युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनय चौधरी व कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने मुरादाबाद में हो रहे विकास कार्यों को गति देने के लिए आगामी कुछ दिनों में समीक्षा बैठक करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, अजीत सिंह, अनिल कुमार, रामवीर सिंह, गुरमीत सिंह चीमा आदि रहे।

### रामायण पाठ के समापन पर हवन में दी आहुति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : असदुल्लापुर गांव में बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ के साथ पूजा अर्चना कर महाआरती के बाद समापन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति दी। यहां चौधरी सोमवीर सिंह, चौधरी कृपाल सिंह, रामौतार सिंह, चौधरी चंद्रपाल सिंह, चौधरी राजपाल सिंह, विशाल चौधरी, रोहित चौधरी, चौधरी राकेश सिंह, शिवा चौधरी आदि रहे।

### सावित्री देवी का जन्मदिन मनाया

**बिलारी, अमृत विचार** : नगर के मानवता मंदिर में गुरुमाता सावित्री देवी का जन्मदिन मनाया गया। श्रद्धालुओं ने संकीर्तन किया। संत परम दयाल, गुरुमाता के जीवन उपदेश के बारे में जानकारी दी। मंदिर की आचार्य शशि शर्मा ने कहा कि गुरु माता की महिलाओं को शिक्षा थी कि वे अपने घर में परिवार, पति बच्चों व माता-पिता के कर्तव्य को निभाएं। इस जीवन को अपने व्यवहार का वाणी से अपने परिवार को स्वर्ग बनाओ, पहले हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा।

## विद्युत उपखंड कार्यालय में फंदे पर लटका मिला वरिष्ठ लिपिक का शव

### चंदौसी के रहने वाले धनपाल सिंह ढाई साल से बिलारी में थे तैनात

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर में रेलवे स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय में मंगलवार सुबह वरिष्ठ लिपिक धनपाल सिंह (50) का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। धनपाल के रिश्तेदार ने पुलिस को तहरीर दी है।

परिजनों ने बताया कि जिला संभल में चंदौसी नगर क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी धनपाल सिंह करीब ढाई साल से बिलारी के विद्युत उपखंड कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात थे। शनिवार को वह कार्यालय में आए थे। इसके बाद दो दिन के अवकाश पर रहने की बात कर चले गए थे। लेकिन सोमवार रात या मंगलवार सुबह वह कार्यालय किस समय पहुंचे, इस बारे में स्पष्ट नहीं हुआ। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे विद्युत उपखंड कर्मी सलमा बेगम कार्यालय खोलने के लिए पहुंचीं तो उन्हें मुख्य दरवाजे के पीछे बने कमरे का गेट बंद मिला, जब उन्होंने अंदर देखा तो धनपाल सिंह छत के कुंडे के सहारे रस्सी के फंदे पर लटके हुए थे। इसके बाद सलमा ने कर्मियों को इसकी सूचना दी। इस बीच अधिकारियों के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

**दुखद**

● **परिजनों का दावा- तीन दिन अवकाश होने के बावजूद भी किया था काम, तनाव में थे**

पुलिस ने कर्मचारियों के सहयोग से परिजनों को सूचना दी तो धनपाल का साला मौके पर पहुंचा। कुछ समय बाद उनका भाई भी मौके पर पहुंच गया। परिजनों ने बताया कि तीन दिन अवकाश होने के बावजूद भी उन्होंने काम किया था। इससे वह तनाव में थे। दो दिनों से वह घर नहीं पहुंचे थे। मंगलवार को उन्हें उनका शव लटका मिलने की सूचना मिली।

बताया कि बाद में सीओ राजेश तिवारी ने मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ लिपिक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि वरिष्ठ लिपिक की मौत की वजह आत्महत्या मानी जा रही है। उसके परिवार में पत्नी विमलेश, बड़ी बेटी शिल्पी (24), बेटा सत्यम और शिवम हैं। रिश्तेदार धर्मेश ने पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में जेई सुभम वार्ष्णेय ने बताया कि कार्यालय में किसी तरह का तनाव या दबाव नहीं था। सुबह उनका शव लटका होने की सूचना उन्हें मिली तो वह मौके पर पहुंचे थे।


कांठ में विसर्जन के लिए गणेश की मूर्ति ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## शोभायात्रा के बाद किया गणेश मूर्ति का विसर्जन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : नगर में जगह-जगह स्थापित गणेण की मूर्तियों का शोभायात्राओं के बाद नीला कुंडा स्थित गंगा नदी में विसर्जन किया गया।

नगर के वैश्य विश्नोई बड़ा शिव मंदिर एवं सैनी धर्मशाला में भगवान श्री गणेश की मूर्तियों को स्थापित किया गया था। अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों का विसर्जन किया गया। सबसे पहले नगर में मेन मार्केट स्थित वैश्य विश्नोई बड़ा शिव मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो मुख्य बाजार, मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे, करनपुर तिराहा, मौढ़ा पट्टी, नीला कुंडा स्थित रामगंगा नदी पर पहुंची, जहां गणेश की मूर्ति का चंद्र प्रकाश शास्त्री ने विधि विधान से विसर्जन करवाया। शोभायात्रा में बृजेन्द्र विश्नोई, अभय विश्नोई, मनोज विश्नोई, पार्थ विश्नोई, अनिल विश्नोई आदि शामिल रहे। उधर, नगर की सैनी धर्मशाला से भी शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नदी के तट पर पहुंची, जहां विधि-विधान से गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया। इसमें मुकेश माहेश्वरी, धर्मपाल सैनी, राजेंद्र सैनी आदि रहे।

नगर के मोहल्ला पृथ्वी गंज से शोभायात्रा के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसका आरंभ राखी शर्मा और डॉ. विकास शर्मा ने किया। इस दौरन सविता बिश्नोई, रानी बिश्नोई, विभूति शर्मा, अनुजा शर्मा आदि रहे। यादव सराय चौक बाजार से भी भगवान गणपति की मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यहां बबली यादव, आशू यादव, कुलदीप यादव, अंकुर यादव, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## त्याग कर आत्मा में रमण करना उत्तम निश्चय ब्रह्मचर्य : विमला

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंलगवार सुबह जैन समाज के लोगों ने बेदी पर विराजमान सभी प्रतिमाओं का शुद्ध जल से अभिषेक किया। श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की और विशेष पूजा की। व्रत रखकर देश में खुशहाली व तरक्की की कामना की।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के बारे में बताया। रिटायर्ड शिक्षिका विमला जैन ने बताया कि नारी में माता, बहन का आदर लाना, व्यवहार ब्रह्मचर्य है तथा अपने ब्रह्म स्वरूप में आत्मा का रमण करना निश्चय ब्रह्मचर्य है। हमें उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन करके अपनी आत्मा में रमण करना चाहिए। भूमिगत जल पवित्र होता है। ब्रह्मचारी सदा पवित्र होता है।

मंदिर में राकेश जैन, कौशल जैन, संजय जैन, समीर जैन, पवित्र जैन, विपुल जैन, रजत जैन, यश जैन, आर्यंश जैन, शशांक जैन, अरिहंत जैन, तनिष्क जैन, तंदुल जैन, विमल जैन, रीता जैन, रेखा जैन, शिल्पी जैन, निधि जैन, नेहा जैन ने पर्यूषण पर्व का दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं अनंत चतुर्दशी के रूप में मनाया।


बिलारी के जैन मंदिर में पूजा करते जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार


बिलारी में सेवा पखवाड़े के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाते लोग।


ठाकुरद्वारा में लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते खंड विकास अधिकारी व अन्य।

## पीएम मोदी ने गरीबों और किसानों को दी प्राथमिकता

संवाददाता, बिलारी/कुंदरकी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत चौधरी चरण सिंह के पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाया। सफाई के बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क पर सफाई की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा कि यह गौरव की बात है, प्रधानमंत्री ने गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए। किसान कल्याण को प्राथमिकता, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है। इस दौरान विश्वास यादव, डॉ. राजीव सैनी, वीरपाल कोहली, प्रशांत चौधरी, निहाल सिंह, सुबोध गुप्ता, किशनलाल प्रजापति, सचिन शर्मास अभिलाष गौड़, छविराज चावला आदि रहे।

उधर, कुंदरकी नगर स्थित मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया और लंबी उम्र की कामना की। मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का सम्मान बढ़ाया है। उधर, गांव कुतुबपुर अज्जू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस दौरान नक्शे अली, हाजी मजलूम पाशा, मोहम्मद वाजिद पाशा, डॉ. मुकीम हुसैन, रितेश कुमार, गुड्डू तस्लीम पाशा, सुशील सैनी, जयपाल सिंह आदि रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बांटे प्रमाण पत्र

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री आवासीय ग्रामीण योजना के तहत 125 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र पाकर लाभर्थियों के चेहरे खिल गए। खंड विकास कार्यालय सभागार में मंगलवार को कर्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख संजना देवी ने कहा कि सरकार ने 10 लाख अल्पसंख्यकों को आवास देने का निर्णय लिया है। तीन साल में तीन करोड़ लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, डॉ. वीर सिंह सैनी, उमेश यादव, राजीव कुमार, अतीक अहमद आरिफ आदि उपस्थित रहे।

**चर्चा** नगर पंचायत कार्यालय में हुई बैठक में समस्याओं को लेकर हुआ हंगामा

## बोर्ड की बैठक में सभासदों ने उठाया सड़कों का मुद्दा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचारः** नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने लाइट का मुद्दा उठाया। वार्डों में बंद व खराब लाइटों को ठीक नहीं कराने पर नाराजगी जताई। जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की। समस्याओं को लेकर सभासदों ने हंगामा किया।

नगर पंचायत की अध्यक्ष जीनत मेहंदी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें वार्ड-एक के सभासद नजीर अहमद ने सड़क पटरी पर फड़ बनाने की मांग की। वार्ड-दो की सभासद भूरी देवी ने अपने वार्ड की सड़कें, मरम्मत के कार्य कराने, पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने पर जोर दिया। वार्ड-तीन की सभासद शाहना परवीन ने अपने वार्ड में सड़कें न बनने व जलनिकासी को लेकर नाराजगी जताई। वार्ड-चार की सभासद निशा परवीन ने लाइटें व सड़कों को बनवाने का प्रस्ताव दिया। वार्ड-5 की सभासद सदफ नाज ने जलनिकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की। वार्ड-6 के सभासद आसिफ सैफी ने नाले को ऊंचा करने व सड़कों की मरम्मत कराने की बात कही। वार्ड-7 के सभासद नदीम ने मैरिज हॉल को डबल स्टोर करने व सड़कों को बनवाने पर जोर दिया। वार्ड-8 के सभासद ताहिर खान ने सड़कें बनवाने व लाइट लगवाने की बात की। वार्ड-9 की सभासद रुखसार परवीन ने नाला निर्माण, सड़क व सफाई व्यवस्था को सही करने की बात कही। वार्ड-10 के सभासद रफीक सैफी ने नगर पंचायत के लिए लाइट व इलेक्ट्रॉनिक का समान दे रहे ढेकेदार को हटाने पर जोर दिया। अतिक्रमण हटवाने की मांग की। वार्ड-11 के सभासद नाजिम उस्मानी ने सड़कों व तालाब के सौंदर्यीकरण कराने, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। वार्ड-12 के सभासद अख्तर रजा ने सड़कों को सही कराने व पीपल के नीचे चार दिवारी के सौंदर्यीकरण कराने, वार्ड में लाइट सही करने की बात रखी। वार्ड-13 की सभासद शबाना खानम ने सड़कों को सही कराने व खराब लाइटों को जल्द सही कराने की बात कही। वार्ड-14 के सभासद चांद बाबू ने सड़कों व मरम्मत कार्य को कराने पर जोर दिया। वार्ड-15 की सभासद रूबी ने ट्यूबवेल को अति शीघ्र चालू करने की बात कही। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अरविंद कुमार, लिपिक खालिद, सफाई कर्मचारी व नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।


पंचायत बोर्ड की बैठक में शामिल सभासद।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबरी मानक के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। उसका शव रेल लाइन के पास पड़ा मिला। सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसकी शिनाख्त की।

क्षेत्र के गांव कुबरी मानक के पास रेल लाइन किनारे युवक का शव पड़ा था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। कुछ समय बाद उसकी पहचान कुबरी मानक गांव निवासी अतर सिंह के पुत्र मोनू (25) के रूप में हुई। सूचना के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि अतर सिंह के खेत रेल लाइन के दोनों ओर हैं। उनका पुत्र मोनू मंगलवार सुबह पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गया था। इस बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसकी शादी पिछले साल हुई थी और उसे दौरे पड़ने की बीमारी थी।

### मारपीट में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार** : मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव मिलक नानपुर निवासी सुशील ने बताया कि उसका भाई राजेश बाइक से घर का सामान लेने के लिए जा रहा था। तभी गांव के ही अंकित, आकुल, हरकेश और वीरेश से उसकी कहासुनी हो गई। इसे लेकर इन लोगों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर वह मौके पर पहुंचा और आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा। आरोप है कि अंकित ने उसके सिर पर हमला किया। इन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।

## एक नजर

### जयाप्रदा के मामले में 23 सितंबर को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 23 सितंबर को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार थाने में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। पूर्व सांसद पर आचार संहिता के दौरान सड़क का उद्घाटन करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब 23 सितंबर को सुनवाई होगी।

### साइबर क्राइम टीम ने वापस कराए 20.77 लाख रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के पुराना गंज निवासी छात्रा ने साइबर क्राइम थाने में शिकायती पत्र दिया था। इसके कहा था कि हमदर्द यूनिवर्सिटी में एडमीशन के नाम पर उससे 20,77,500 रुपये जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी के खाते में ट्रांसफर करा लिए गए। साइबर क्राइम के प्रभारी आशाराम ने पीड़िता से धोखाधड़ी की गई पूरी रकम वापस करा दी।

# रंजिश में छात्र की गोली मारकर हत्या

## चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात रंजिश के चलते प्रधान समर्थित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने युवक के रिश्ते के चाचा को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 4 नामजद और 2 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मामला थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। सोमवार की रात करीब 10 बजे प्रधान एवं पूर्व प्रधान के समर्थकों में विवाद हो गया। कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामले को शांत कर दिया। मगर कुछ देर बाद पूर्व प्रधान के समर्थकों ने मौजूदा प्रधान के समर्थक सलीम के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी, मारपीट और फायरिंग हुई। इस बीच नर्सिंग के छात्र मोहम्मद सानिब (22) वर्ष के सीने में गली लग गई। उसके रिश्ते के चाचा बब्बू पथराव में गंभीर रूप से घायल हो गए। फायरिंग और पथराव की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों की मदद से पुलिस दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद सानिब को देखते ही मृत घोषित कर दिया। सानिब मुरादाबाद के एक कॉलेज में नर्सिंग प्रथम वर्ष का छात्र था। वह 6 भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मोहम्मद सादिक, मोहम्मद आसिफ, हाजी माजिद, मोहम्मद हनीफ उर्फ मोहम्मद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



नगलिया आकिल गांव में तैनात पुलिस।



अस्पताल में भर्ती घायल ग्रामीण।

> आरोपी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 3 टीम बनाई गई हैं। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -विद्यासागर मिश्र, एसपी

### छात्र की हत्या के बाद छावनी में तब्दील हुआ गांव

**सैदनगर, अमृत विचार :** नगलिया आकिल गांव में छात्र की हत्या के बाद सनसनी फैल गई। गलियों में सन्नाटा पसर गया। पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। चौराहों से लेकर आने-जाने वालों पर भी पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। नगलिया आकिल गांव में देर रात छात्र की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकार टांडा मौके पर पहुंच गए। मौके की नजाकत को भांपते हुए अधिकारियों ने आसपास के थानों की पुलिस भी मौके पर बुला ली। कुछ ही देर में पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। देर रात में ही पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी। एसपी ने गांव में घूम कर मामले की जानकारी की। रात भर चौराहों व गलियों में पुलिस गश्त करती रही। मंगलवार को दिन निकलते ही पुलिस लाइन से भी फोर्स बुला ली गई। गांव की ओर आने-जाने वालों पर पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पुलिस ने पूछताछ भी की। दोपहर बाद छात्र का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो पुलिस की गतिविधि भी बढ़ गई।

## हैंडपंप में उतरे करंट से बालक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** हैंडपंप में करंट आने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के नालापार निवासी प्रकाश सैनी का 10 वर्षीय पुत्र सुनील सैनी मंगलवार की सुबह खेत पर गया था। दोपहर के समय वह खेत से आने के बाद घर में लगे हैंडपंप पर हाथ-पैर धोने गया था। इस दौरान वह हैंडपंप में उतरे करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर गया। यह देख परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि हैंडपंप में मोटर लगी हुई थी। इससे उसमें करंट आ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। मगर परिजनों ने इसे हादसा बताते हुए बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इस पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव परिजनों को सौंप दिया।

# कार से सागौन की लकड़ी बरामद, एक आरोपी पकड़ा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** जंगल से प्रतिबंधित सागौन की लकड़ी चोरी से काटकर कार में लादकर ले जा रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि दूसरी कार में सवार दो युवक फरार हो गए। तलाशी में कार से लगभग 7 क्विंटल सागौन की लकड़ी बरामद की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। फरार हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सोमवार की रात कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि उत्तराखंड के जंगल से प्रतिबंधित सागौन की कीमती लकड़ी को दो कारों में लादकर तस्करी की जा रही है। इस कोतवाल ने कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार पांडे के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने स्वार-बिलासपुर मार्ग स्थित राणा शुगर मिल के बिलासपुर की ओर से आ रही दो कारों को रुकने का इशारा किया। इस पर एक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और फरार हो गया। जबकि दूसरी कार को पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया।



स्वार पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- पुलिस को चकमा देकर दो आरोपी दूसरी कार से हुए फरार

तलाशी में पुलिस ने कार से करीब 7 क्विंटल प्रतिबंधित सागौन की लकड़ी बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उत्तराखंड नैनीताल के कालाढूंगी के गांव हरिपुरा हरसान निवासी यूनुस बताया। जबकि दूसरी कार से फरार हुए अपने साथियों के नाम नगर के मोहल्ला नौगजा निवासी मुख्त्यार भुट्टो एवं उत्तराखंड के कालाढूंगी के भूरिया निवासी मुमताज बताए हैं। पुलिस ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया।

# लापरवाही पर सफाई कर्मचारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर नगर पालिका अध्यक्ष ने एक सफाई कर्मचारी को निलंबित कर दिया है, जबकि दो से स्पष्टीकरण से मांगा है। इस कार्रवाई ने अन्य कर्मचारियों में खलबली मची है।

वार्ड 6 पीला तालाब का ईद मिलादुन्नबी पर डलावघर में कूड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। मंगलवार को वह राधा रोड स्थित पालिका की वर्कशॉप पहुंची और हाजिरी रजिस्टर चेक किया। सफाई में लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मी इरफान को निलंबित कर दिया। जबकि वर्कशॉप प्रभारी सफाई निरीक्षक देवेंद्र गौतम और सुपरवाइजर संजीव से स्पष्टीकरण मांगा है।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि साफ-सफाई में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार, देवेंद्र गौतम, द्वारिका नाथ समेत सुपरवाइजरों की बैठक ली। इस दौरान ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई की जाए।



वर्कशॉप में आयोजित बैठक में बोलतीं नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून।

- नगर पालिका अध्यक्ष ने दो सफाई कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा
- वार्ड नंबर 6 के मोहल्ला पीला तालाब में पसरी गदंगी का वीडियो हुआ था वायरल

# वृद्ध को टक्कर मारने में बाइक सवार मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दो दिन पहले बाइक सवार युवक ने सड़क पार करते समय एक वृद्ध को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। बाद में वृद्ध की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर बाइक सवार मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी मैंथा कारोबारी मुकुल अग्रवाल के के पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल कैथ वाली मस्जिद से उनके बड़े भाई मुदित अग्रवाल के घर एकता विहार कालोनी जा रहे थे। वह ई-रिक्शा से उतरकर सड़क पार कर रहे थे। तभी बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इसमें कृष्ण कुमार घाल हो गए थे। आसपास के लोग उन्हें अस्पताल ले गए थे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। जब पिता काफी देर तक घर नहीं आए तो उनके नंबर पर फोन किया। फोन एक महिला ने रिसीव किया। उसने अपना नाम सरिता सक्सेना बताते हुए कहा कि वह प्रेम पटवारी वाली गली से बोल रही है। कहा कि मेरे बेटे को चोट लग गई है। तुम दो लाख रुपये लेकर आना। इसके बाद मोबाइल और हादसे का कारण बताया जाएगा। इस पर परिजन वहां पहुंच गए।

आरोप है कि महिला और उसके बेटे विशु ने गाली गलौज की। इसके बाद घटना स्थल पर पहुंचे। तब दुकानदारों ने बताया कि बाइक चालक ने वृद्ध की जेब से मोबाइल और पैसे निकाल लिए थे। मुकुल अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने सरिता और उसके बेटे विशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पंचायत भवन से निकालने आए अधिकारी को महिला ने ताला लगाकर किया बंद

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के खरसौल गांव के पंचायत भवन में एक माह से बच्चों सहित रह रही विधवा को वहां से निकालने आए एक अधिकारी को महिला ने ताला लगाकर भवन के अंदर बंद कर दिया।

खरसौल गांव निवासी गीता महिला का कहना है कि पंचायत भवन उसके घर को तोड़ कर बनाया गया है। मकान को तोड़ते समय उसे दूसरी जगह घर देने को कहा गया था। एक माह से वह बच्चो के साथ पंचायत भवन में ही रह रही है।

महिला का आरोप है कि मंगलवार को एक अधिकारी कुछ लोगों को साथ आया और उसके बर्तन फेंकने लगा। इस पर महिला ने पंचायत भवन के गेट पर ताला लगाकर सभी लोगों को अंदर बंद कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि किसी को बंधक नहीं बनाया गया है। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा भवन में मीटिंग की जा रही थी। लोगों ने गलत काम करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है। वहां पहुंचकर लोगों को शांत कर दिया गया।



खरसौल के पंचायत भवन में बच्चों के साथ खड़ी महिला।

- महिला के घर को तोड़कर बनाया गया था पंचायत भवन
- अधिकारियों ने दिया था दूसरी जगह घर देने का आश्वासन

# किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को 20 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी को 20 वर्ष की कैद और 1.15 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना था कि 28 मार्च 2023 को वह मजदूरी करने गया था। उसकी पत्नी पूर्णागिरी गई थी। 15 साल की बेटी घर पर अकेली थी। जब वह घर पर पहुंचा तो बेटी वहां नहीं थी। रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। कुछ लोगों ने बताया कि उनकी बेटी को सुरेंद्र ले गया है। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था। किशोरी को बरामद करके बयान दर्ज कराए थे। इसमें दुष्कर्म की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धाराएं बढ़ा दी थीं। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी रामगोपाल सिंह ने दोषी सुरेंद्र को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 1.15 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक सुमित कुमार शर्मा ने बताया कि जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाएगी।

- कोर्ट ने दोषी पर 1.15 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया
- अदालत ने जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने का दिया आदेश

## भारतीय पटेल महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मिलक, अमृत विचार :** ललितपुर निवासी इंदल की हत्या के संबंध में भारतीय पटेल महासभा ने प्रधानमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम मिलक को ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा कि 6 सितंबर को इंदल पटेल निवासी गोना ,जनपद ललितपुर को ठाकुर गुड्डू राजा तथा उसके साथियों ने घर में घुसकर जिंदा जला डाला। नामजद रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। महासभा मांग करती है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित पक्ष इंदल पटेल द्वारा भट्टे में लगाई गई धनराशि तत्काल गुड्डू ठाकुर से वसूल करके हुए मृतक के परिजनों को दिलाई जाए। पीड़ित पक्ष को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। ज्ञापन पर अनुपम कुमार पटेल, नंदन प्रसाद पटेल, लालता प्रसाद, बांधू राम गंगवार आदि के हस्ताक्षर हैं।

# इलाज में लापरवाही से गर्भस्थ शिशु की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** इलाज में लापरवाही से महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। वहीं महिला को भी आंखों से दिखाई देना बंद हो गया। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। महिला को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्षेत्र के गांव मझरा खुशहालपुर निवासी मोहम्मद रफी ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी नसीम जहां को मदरसे के सामने स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। नसीम जहां की सास आसिया भी उसके साथ थी। रात में महिला की तबियत बिगड़ने पर आसिया ने स्टाफ को बताया। इस पर स्टाफ ने नसीम जहां को इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद महिला की हालत और अधिक बिगड़ गई। इंजेक्शन लगने के बाद नसीम जहां को खून की उल्टी होने लगी। इसके साथ ही उसकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा। कुछ देर बाद नसीम जहां को दिखाई देना बंद हो गया। आसिया ने महिला चिकित्सक को कई बार बुलाया, लेकिन वह नहीं आई। तब आसिया ने परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद नसीम जहां का पति व अन्य परिजन नर्सिंग होम पहुंचे और जमकर हंगामा किया। लेकिन नर्सिंग होम का स्टाफ गायब हो गया। हालत बिगड़ती देख परिजन नसीम जहां को उत्तराखंड के बाजपुर में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। चिकित्सक ने उसे काशीपुर रेफर कर दिया। काशीपुर में जांच के बाद पता चला की महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की रात ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने विभागीय अधिकारियों व जिलाधिकारी से शिकायत कर इलाज में लापरवाही करने वाले अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

> मामला संज्ञान में आया है। मौके पर टीम को भेजकर दिखवाया जाएगा। -डॉ.केके चहल, नोडल अधिकारी

### युवक ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

**बिलासपुर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुभाषनगर डिबडिबा निवासी सतेंद्र यादव (26) मजदूरी करता था। मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में सतेंद्र यादव दुपट्टे का फंदा बनाकर कुंडे में डालकर झूल गया। देर रात परिजनों ने उसे फंदे पर लटके देखा तो होश उड़ गए। आनन फानन में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। रुद्र बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आत्महत्या के पीछे गृह कलह बताई जा रही है। सतेंद्र का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार संक्षेप

### लिंटर का प्लास्टर गिरने से महिला व दो बेटी घायल

**टांडा, अमृत विचार :** मोहल्ला राहूपुरा स्थित एक मकान के लिंटर से प्लास्टर टूटकर गिरने से मां-बेटी घायल हो गईं। उन्हें नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला राहूपुरा निवासी मोहम्मद इस्लाम का मकान 50 वर्ष पुराना है। मंगलवार की दोपहर अचानक उसके मकान के लिंटर का प्लास्टर छूटकर गिर गया। इसकी चपेट में आकर उसकी पत्नी सारिका नूर (35), पुत्री अलीशा नूर (8) व अल्फिया नूर (एक वर्ष) घायल हो गईं। घायलों की चीख सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उन्हें घर से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। मोहम्मद इस्लाम मजदूरी करता है। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते वह मकान की मरम्मत न करा सका।

### बारिश ने दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम 5 बजे हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। हालांकि इस दौरान कई मोहल्लों में जलभराव हो गया। इससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही आसमान में काले बादल मंडरा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। कुछ देर बाद हवा चलने लगी और झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। बारिश से कई मोहल्लों की विद्युतापूर्ति 3 घंटे तक ठप रही। रात करीब 8 बजे विद्युतापूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



पहाड़ी गेट स्थित सेंटर पर स्वच्छता अभियान में शामिल एनवाईके के अधिकारी।

### प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या : माहेआलम

**रामपुर, अमृत विचार :** एनवाईके के जिला अधिकारी माहे आलम ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। अभियान के माध्यम से हम न केवल अपने परिवेश को स्वच्छ कर रहे हैं, बल्कि लोगों को प्लास्टिक और विशेष रूप से माइक्रोप्लास्टिक्स के खतरों के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं। माई भारत संगठन और नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) ने स्वयंसेवकों के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। दो अक्टूबर तक चलने वाले 15 दिवसीय इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को समाप्त करना है। इसका नेतृत्व एनवाईके के जिला अधिकारी माहे आलम कर रहे हैं। अभियान का शुभारंभ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) पर सफाई अभियान से हुआ। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए काम किया। स्वच्छता अभियान में शांति भूषण पांडे, सुरेश आर्य, राजपाल, सत्येन्द्र रोहित और अमरीन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया पीएम का जन्मदिन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्रौधारा महरौली स्थित हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी की दरगाह पर बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की। राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि कार्यक्रम में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपनी टीम के साथ हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख़्तियार काकी चिश्ती की दरगाह पर गुलपोशी और चादरपोशी कर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र और उनके सफल नेतृत्व में देश की तरक्की के लिए दुआ की और मिठाइयां बांटी।

**आयोजन** प्रशासन की देखरेख में 10 दिन तक चलता है यह ऐतिहासिक मेला

# भूड़ा मेले की तैयारियां पूर्ण, आज होगा उद्घाटन

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** भादो मास की पूर्णिमा पर तहसील प्रशासन की देख-रेख में लगने वाले 10 दिवसीय ऐतिहासिक भूड़ा मेला की तैयारी पूरी हो गई हैं। एसडीएम सुनील कुमार प्रथम ने तैयारियों का जायजा लिया।

लोगों की श्रद्धा और आस्था से जुड़े प्रसिद्ध मेले के उद्घाटन के लिए मंदिर के मुख्य भवन सहित परिसर के सभी मंदिरों की रंगाई पुताई शुरू हो चुकी है। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा फीता काटकर आज मेले का उद्घाटन किया जाएगा। पूर्णिमा के अवसर पर रामगंगा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना करने के बाद हजारों श्रद्धालु भूड़ा आश्रम पर पहुंचकर मनोतियां मांगेंगे। यह मेला 10 दिन तक चलेगा।

**महाभारत काल से जुड़ा भूड़ा आश्रम का इतिहास :** नगर से सटकर ऊंचे टीले पर फलदार वृक्षों के बीच स्थित गुरु बाला सिद्ध महाराज का ऐतिहासिक भूड़ा आश्रम प्राचीन काल के अनेक राज अपने सीने में समेटे है। बताते हैं कि यहां रहते हुए गुरु बालासिद्ध महाराज ने अनेक चमत्कारी कार्य किए थे। चमत्कारों के उजागर होने पर महाराज ने जीवित रहते हुए ही समाधी ले ली थी। आश्रम में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां काली के मंदिर के अलावा हनुमान मंदिर भी दर्शनीय हैं।



मेले में बच्चों के लिए लगे झूले।

### वीरानियां झेल रहा आश्रम

एक के बाद एक साधु संत के गद्दी पर विराजमान होने का सिलसिला 2002 में महामंडलेश्वर गुरु हरिदास के निधन के बाद रुक गया। क्योंकि अपने मर्जी के संत को बैठाने के लिए एक पक्ष के हजारों लोगों के साथ बाबा सुरेश गिरी 108 को मंदिर की गद्दी पर बैठाने के लिए पहुंच गया था। दूसरे पक्ष ने विरोध किया तो विवाद इतना बढ़ा कि लोग हथियारों लेकर आमने-सामने आ गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया था। दो पक्षों की आन की लड़ाई में वीरान हुए भूड़ा आश्रम का एक करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार के लिए 2021 में तत्कालीन उपजिलाधिकारी अशोक चौधरी ने आदेश दिया था। मगर वह आदेश हवा में ही रह गया। इस वर्ष एसडीएम सुनील कुमार प्रथम द्वारा आश्रम परिसर के कुछ हिस्से में टीन शेड डलवाया जा रहा है।

# राशन घटतौली की जांच करने गांव पहुंची टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार खबर का असर**

**अमृत विचार :** राशन डीलर द्वारा कम राशन देने की शिकायत पर मंगलवार को टीम गांव पहुंची। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जांच टीम आने की सूचना यदि उन्हें पहले मिल जाती तो जांच के दौरान वह एकत्र हो जाते। अपनी शिकायत रखने का मौका मिलता।

रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के लालपुर पट्टी कुंदन गांव के लोगों ने राशन डीलर के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की थी। उनका कहना था डीलर प्रत्यक राशन कार्ड पर एक किलो अनाज कम देता है। इसके अलावा यूनिटों की केवाईसी न होने का बहाना बनाकर भी कटौती करता है। विरोध करने पर राशन डीलर आग बबूला हो गया। ग्रामीणों से अभद्रता करते हुए कहा कि 12 रुपये प्रति राशन कार्ड के हिसाब से जिला पूर्ति अधिकारी को रिश्वत के तौर पर देता हूं। राशन डीलर द्वारा ग्रामीणों से कही रिश्वत की ऑडियो और वीडियो वायरल हो गई थी। इस मामले को अमृत विचाार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद डीएम जोगिन्दर सिंह ने तत्काल टीम गठित कर जांच के आदेश दिए।

मंगलवार को एसडीएम मोनिका सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गांव पहुंची और मामले की जांच की। मगर सूचना के अभाव में ग्रामीण नहीं मिल सके। इसके बाद टीम ने राशन की दुकान की जांच की। पूर्ति निरीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर


स्वार में मिठाई बांट कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपाई।

### केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**स्वार, अमृत विचार** : भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन केक काटकर मनाया। बाद में सड़कों पर झाड़ू लगाकर सफाई भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन भाजपाइयों ने धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंगलवार की सुबह भाजपाई मदर इंडिया गर्ल्स इंटर कालेज में एकत्र हुए। उन्होंने केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया और मिष्ठान का वितरण किया। इसके मार्गों पर झाड़ू लगाकर सफाई की। इस दौरान महेंद्र सैनी, देवेंद्र दिवाकर, दिलीप अरोरा, हरीश मौर्य, राजेश कुमार शर्मा, अमित सक्सेना, उदयवीर सिंह, प्रेमपाल, राजेश शर्मा, रणधीर सिंह राणा, पंडित प्रशांत शर्मा, अमित चंद्रा, नौबत राम सैनी, प्रफुल्ल गुप्ता आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया मोदी का जन्मदिन

## उत्सव पैलेस में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, आवास की चाभी पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : शहर विधायक आकाश सक्सेना के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व चाभियां आदि वितरित किए गए। इससे लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे।

उत्सव पैलेस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तत्पश्चात शहर विधायक ने प्रधानमंत्री की सरकार में गरीबों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र



महिला को आवास की चाभी देते नगर विधायक आकाश सक्सेना।

मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। विश्व में भारत का डंका बजाने के साथ ही देश से गरीबी को दूर करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना समेत ऐसी तमाम योजनाएं शुरू कीं, जिनके माध्यम से गरीबी धरातल पर दूर हो रही है। उनकी यही दूरदृष्टि विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करेगी।

कहा कि सरकार की किसी भी योजना में भेदभाव नहीं किया गया है। जो लाभ राम को मिला, वही रहीम को भी मिला है।

भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताने के साथ ही प्रधानमंत्री की सोच के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही स्वच्छता जैसे विषय के बारे में सोच सकते हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो अपने जन्मदिन को शाही अंदाज में न मनाकर सेवा के रूप में मनाते हैं।

इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। दिव्यांगों को ट्राइसाइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, चमरौआ ब्लॉक प्रमुख हरिबाला, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल यादव, डॉ. सौरभ आदि उपस्थित रहे।

### 101 लोगों को मिली आवास की चाभी

कार्यक्रम में 101 लाभार्थियों को आवास की चाभी दी गई। आवास की चाभी हाथ में आते ही लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों का कहना था कि आज उनके अपने घर का सपना साकार हो गया है।

### 101 युवाओं को मिला रोजगार

कौशल विकास मिशन की ओर से संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मिल गया है। मंगलवार को 101 युवाओं को रोजगार दिया गया। कंपनियों ने लाभार्थियों को ज्वाइनिंग लेटर भी जारी कर दिए।

### 101 महिलाओं की कराई गोदभराई और अन्नप्राशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में 101 महिलाओं की गोद भराई और अन्नप्राशन कराया गया। इसी तरह 101 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए।


लाभार्थियों को आवास की चाभी देते पूर्व विधायक।

# 32 लाभार्थियों को मिली पीएम आवास की चाभी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए मंगलवार का दिन खुशनुमा रहा। 32 लाभार्थियों को गृह प्रवेश मिला जबकि 296 नए लाभार्थियों का चयन कर लिया गया।

मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर के 10 लाख लाभार्थी को एक क्लिक के तहत हर लाभार्थी को 40 हजार रुपये की प्रथम किश्त उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की। शाहबाद ब्लॉक सभागार में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर व बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने नव चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और पिछले वर्ष के 32 लाभार्थियों को आवास की चाभी भेंट की। इस मौके पर एडीओ पंचायत वेदप्रकाश शर्मा, सचिव अवधेश कुमार सिंह, कुनाल चौधरी, कृष्ण कुमार, रोहित राव, श्वेता पांडेय, इंतजार अली, उमेश गौतम आदि रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर पूर्व सांसद ने किया श्रमदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने झाड़ू लगाकर किया। उन्होंने नेहरु कुष्ठ आश्रम में श्रमदान किया। इसके साथ ही आश्रम में रहने वाले निवासियों को फल भी बांटे।

पूर्व सांसद ने कहा कि वंचित समाज के लिए 10 साल में जितने काम हुए हैं, इतनी आजादी के बाद कभी नहीं हुए। इसके अलावा ज्वाला नगर में जनसंपर्क कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। फल विक्रेताओं, दुकानदारों एवं व्यापारियों को भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया। बताया कि दो हफ्तों में भाजपा ने 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ा है। इस बार भाजपा ने 10 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, अरविन्द, अमन आदि उपस्थित रहे।


लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते पूर्व सांसद।


ज्वालानगर में झाड़ू लगातीं पालिका अध्यक्ष और ईओ।

- **दो हफ्तों में भाजपा ने 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को बनाया सदस्य**

### शहर में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

**रामपुर, अमृत विचार** : स्वच्छता ही सेवा अभियान के स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने किया। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत ज्वालानगर पीएम गालियारे से की। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष व ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने झाड़ू लगाई। इसके बाद नगर पालिका परिषद से हाथी खाना चौराहे तक सफाई अभियान चलाया गया। बाद में नगर पालिका में स्टाफ को पालिका अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। इस मौके पर खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम, अविनाश कुमार, द्वारिका नाथ, सैयद फैसल हसन आदि मौजूद रहे।

# बच्चों का भविष्य संवारता है शिक्षक

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार** : गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय गूजरवाला के प्रधानाध्यापक सादिक अली ने कहा कि शिक्षक वह व्यक्ति है जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर भविष्य संवारता है।

नगर के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमान जामई के शिक्षक पुत्र सईद रहमानी के मोहल्ला भब्बलपुरी स्थित आवास पर सोमवार की रात शैक्षिक गोष्ठी हुई। इसमें परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की स्कूलों में नियमित उपस्थिति एवं उनके शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक सिर्फ एक सरकारी सेवक नहीं है, बल्कि वह समाज का महत्वपूर्ण सदस्य, मार्गदर्शक एवं ज्ञान का स्तंभ है।


गोष्ठी में विचार व्यक्त करते शिक्षक।

- **टांडा में किया गया शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन**

खुशी की बात है कि शिक्षक साथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद तनवीर ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास पैदा करने के लिए विद्यालय में सकारात्मक और उत्साहवर्धक माहौल बनाने पर बल दिया। सईद रहमानी ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना है। शिक्षकों पर नौनिहाल का भविष्य निर्भर है।

इस मौके पर जुनैद रहमानी, उमर फारूक, मोहम्मद मुस्तफा, गौहर अली, सिद्दीक अकबर, नफीस अहमद, मौलाना तुफैल अहमद, डॉक्टर असद रहमानी, सआदत अली और अहसान उल हक आदि उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : विश्वकर्मा जयंती पर उद्योगों में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी अपनी सुभाशीष इंडस्ट्रीज में विधि-विधान से पूजन किया। उन्होंने औद्योगिक प्रगति एवं फैक्ट्री के सुरक्षित संचालन की कामना की। रायपुर स्थित शुभाशीष इंडस्ट्रीज में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ शहर विधायक ने किया। इसके बाद हवन व पूजन किया। मशीनों के कलपुर्जों की पूजा की। इस अवसर पर फैक्ट्री के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रेडिको खेतान में भी हुई पूजा-अर्चना** : इम्पलाइज यूनियन रामपुर डिस्टलरी एंड कैमिकल कंपनी में राष्ट्रीय दिवस का आयोजन किया गया। पंडित मोहित शर्मा ने मशीनों, प्लांटों, कलपुर्जों और उपकरणों की पूजा की। कंपनी की उन्नति और देश में सुख शांति तथा भाईचारे के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शाहिर अली, कंपनी के मानव संसाधन महाप्रबंधक अजय प्रताप, वरिष्ठ महाप्रबंधक इन्द्रपाल सिंह, मैकेनिकल हैड विकास सक्सेना, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी, रजत जौहरी, सुरक्षा अधिकारी यशवीर सिंह, विजय बहादुर सक्सेना आदि मौजूद रहे।


रोडवेज कार्यशाला में हवन पूजन करते कर्मचारी।

### विश्वकर्मा जयंती पर रोडवेज कार्यशाला में हुआ हवन

**रामपुर, अमृत विचार** : रोडवेज की कार्यशाला में विश्वकर्मा जयंती पर पूजा के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। विश्वकर्मा पूजा को लेकर कार्यशाला में स्थित मंदिर को सजाया गया। इसके बाद बस स्टैंड स्थित मंदिर के आचार्य ने विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा कराई। इस दौरान शाखा मंत्री विक्रम सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

### अवेद्य नाथ महाराज की दसवीं पुण्य तिथि मनाई

**रामपुर, अमृत विचार** : विश्व हिन्दू महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवेद्य नाथ महाराज की दसवीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से कोसी मंदिर पर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार प्रजापति ने बाबा भोले नाथ को जल समर्पित एवं दीप जलाकर महंत का स्मरण कर खिचड़ी का प्रसाद बांटा। इस दौरान जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा, अमन गर्ग, सिद्धार्थ भटनागर, विष्णु शर्मा, दिव्यांक गुप्ता, कमल तुरैहा, प्रिंस श्रीवास्तव, केशव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में शामिल विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी।

### हिन्दुत्व की रक्षा के लिए दिखानी होगी एकता : पप्पू

**रामपुर, अमृत विचार** : विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिए क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य, शूद्र जाति के लोगों को एक साथ एक मंच पर आना होगा। हिन्दुत्व की रक्षा के लिए अपनी एकता दिखानी होगी। विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 10वीं पुण्यतिथि पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी लाल प्रजापति के आह्वान पर आंबेडकर पार्क के सामने कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा ने कहा कि अब हम किसी भी हिन्दू को कटने- मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। इसके लिए हमें कितने ही बलिदान क्यों न देने पड़े। इसके बाद खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवकी नंदन, धर्मार्थ गोपाल गिरि महाराज, जिला अध्यक्ष विष्णु सिंह, पंकज अग्रवाल, विष्णु सैनी, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते यादव समाज के युवा।

### मंगेश यादव के एनकाउंटर की कराई जाए जांच

**शाहबाद, अमृत विचार** : यादव समाज के युवाओं ने मंगेश यादव के एनकाउंटर की जांच की मांग की। सरकार पर यादवों पर अत्याचार करने का आरोप भी लगाया। मंगलवार को राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में तमाम युवा लक्खी बाग मंदिर पर एकत्र हुए। उन्होंने मंगेश यादव के एनकाउंटर और यादव समाज पर लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर चर्चा की। सूचना पर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार और सीओ संगम कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने गृह मंत्री को नामित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। इसमें युवाओं ने सरकार पर यादवों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। कबड्डी खिलाड़ी ने कहा कि सरकार को जातीय अत्याचार बंद करना चाहिए। युवाओं ने मंगेश यादव के एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में आशुतोष यादव, अंकित यादव, मोकम, आकाश यादव, विशाल, केपी यादव, विष्णु आदि शामिल रहे।



मुख्य अतिथि वीरपाल सिंह को स्मृति चिह्न देते यादव समाज के लोग।

### कुरीतियों पर रोक लगाए यादव समाज : वीरपाल

**शाहबाद, अमृत विचार** : सपा के राष्ट्रीय सचिव वीरपाल सिंह ने कहा कि जब तक यादव समाज अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं देंगे। तब तक यादव समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाएगा। नगर में आयोजित अखिल भारतीय यादव महासभा में सपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि यादव समाज में फैली कुरीतियों दहेज प्रथा व तेरहवीं पर रोक लगानी चाहिए। सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार भी केवल यादव समाज के ही पीछे पड़ी है। सरकार के मुखिया को केवल हमारे समाज का नाम इसलिए याद रहता है, क्योंकि उन्हें हमारा शोषण करना होता है। हमें एकजुटता दिखानी होगी। इस अवसर पर विभिन्न कलाकारों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके उद्देश्यों को अपने जीवन में उतरने पर जोर दिया। अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष हरज्ञान सिंह यादव तथा संचालन प्रेमपाल सिंह यादव, उमेश यादव, राजेंद्र सिंह यादव ने किया।

## धर्मकर्म

### मसवासी में रही गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की गूंज

# पट्टीकलां कोसी नदी पहुंचे श्रद्धालुओं ने किया गणपति का विसर्जन

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार** : श्री गणेश भगवान की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी भक्त अबीर-गुलाल में सराबोर होकर भांगड़े की थाप पर थिरकते हुए पट्टीकलां कोसी नदी घाट पर पहुंचे। भक्ति भाव के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। मसवासी से पट्टीकलां तक शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव बिजारखाता से शोभायात्रा मसवासी पहुंची। इसमें नगर की शोभायात्रा भी शामिल हुई। विभिन्न रूपों में सजे कलाकार ढोल नगाड़े की थाप पर नृत्य कर रहे थे। डीजे की धुन पर ईश्वरीय रूप में सजे कलाकार सभी को आकर्षित कर रहे थे। युवाओं ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और खूब नृत्य किया। अगले वर्ष जल्दी आने के निमंत्रण के साथ पट्टीकलां कोसी नदी में श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। पूरे दिन माहौल भक्तिमय बना रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ स्वार अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संदीप त्यागी, चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा फोर्स के साथ मौजूद रहे।


भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन के दौरान उपनिरीक्षक को सम्मानित करते लोग।


शाहबाद में गणपति प्रतिमा की विसर्जन यात्रा में शामिल भक्त।

### श्रद्धालुओं ने रामगंगा घाट पर किया गणपति प्रतिमा का विसर्जन

**शाहबाद, अमृत विचार** : नगर में अलग-अलग स्थानों पर गणपति बप्पा की स्थापना की गई थी। सप्ताह भर मंदिरों पर गणेश उत्सव मनाया गया। मंगलवार को धूमधाम से गणपति बप्पा की विदाई की गई। विदाई से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ मोहल्ला बरबालान, नालापार व मनोकामना शिव मंदिर से हुआ। बजरंग चौक, मेन मार्केट, बिलारी अड्डा होते हुए रामपुर रोड पहुंची शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक मूर्ति ने दर्शकों का मन मोह लिया। ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस दौरान गणपति की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भक्तों ने रंग गुलाल ही होली खेली। रामपुर चुंगी होते हुए रामगंगा घाट पहुंचे भक्तों ने गणपति का विसर्जन किया। इस दौरान वेदप्रकाश चंद्रवंशी, हर्षित माली, रोहित कुमार राम, दीपक भारद्वाज, शेखर बरनबाल एवं सन्नी आदि शामिल रहे।

# भक्तों ने उड़ाया अबीर-गुलाल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार** : नगर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ आदि जयकारों के बीच गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकाली।

मोहल्ला सिनेमा स्थित मां दुर्गा भवानी मंदिर में 10 दिन पहले भगवान गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। मंगलवार को भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन किया। महाआरती के बाद गणेश प्रतिमा को भाखड़ा डैम में विसर्जित करने से पहले शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर राजेश कुमार मुन्ना, प्रकाश चंद्र, सोनू कश्यप, विकास, सतीश, गौरव आदि मौजूद रहे। उधर माता महाकाली मंदिर से भी गणपति की विसर्जन यात्रा निकाली गई। यह विभिन्न मार्गों से होती हुई भाखड़ा डैम पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच प्रतिमाएं विसर्जित की गई। इस मौके पर हर्ष रावत, विनोद राजपूत, आकाश रस्तोगी आदि मौजूद रहे। मोहल्ला लक्ष्मीनगर में मां चामुंडा मंदिर से भगवान गणेश जी की प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इससे पहले पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख आदि ने विसर्जन यात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर राजू, अशोक, बाबू, बन्टी, अन्नू, सुनील, विशाल, प्रताप आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के लिए सीओ रवि खोखर, इंस्पेक्टर बलवान सिंह, उपनिरीक्षक ललित कुमार, अमित कुमार, कार्तिक कुमार व सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।


गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन करते भक्त।

- **भाखड़ा घाट पर जयकारों के साथ किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत्॥

मन, वचन और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# धीमी रफ्तार

महिलाएं और लड़कियां दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन लैंगिक असमानता हर जगह बनी हुई है जो सामाजिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। लैंगिक समानता एक मौलिक मानव अधिकार है और इसे बढ़ावा देना स्वस्थ समाज के लिए ज़रूरी है। यानी शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के लिए आवश्यक आधार है। सोमवार को जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट दर्शाती है कि विश्व भर में, लैंगिक समानता और महिलाओं व लड़कियों की मज़बूती में प्रगति दर्ज की गई है, मगर इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। जबकि लैंगिक समानता एक सर्वव्यापी उद्देश्य है और इसे राष्ट्रीय नीतियों, बजटों और संस्थानों का मुख्य केंद्र होना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों पर जारी डेटा के अनुसार लैंगिक समानता हासिल करने के लिए निर्धारित पांचवें टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी संकेतक फ़िलहाल पहुंच से दूर हैं। चिंता की बात है कि वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 146 देशों में से 129 वें स्थान पर है। यह भारत को नीचे से 18वें स्थान पर रखता है। कुल मिलाकर भारत की रैंकिंग पिछले कई वर्षों से निचले 20 में बनी हुई है। राजनीतिक सशक्तीकरण आर्थिक भागीदारी एवं अवसरों के मामले में लैंगिक अंतराल सबसे ज्यादा बना हुआ है। असमानता दूर करने के लिए महिलाओं को रोज़गार के अवसरों और पूंजी तक समान पहुंच मिलनी चाहिए। भारत में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार संपत्ति में महिलाओं का समान अधिकार है परंतु पारिवारिक संपत्ति पर महिलाओं का अधिकार प्रचलन में नहीं है। इसलिए उनके साथ विभेदकारी व्यवहार किया जाता है। महिलाओं को सामाजिक और पारिवारिक रुढ़ियों के कारण विकास के कम अवसर मिलते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो पाता। लैंगिक असमानता के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र के साथ वैज्ञानिक क्षेत्र, मनोरंजन क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र और खेल क्षेत्र प्रमुख हैं।

भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। हालांकि समाज की मानसिकता में धीरे-धीरे परिवर्तन आ रहा है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है। लैंगिक समानता के मामले में देश में कुछ प्रगति हुई है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना और महिला शक्ति केंद्र जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी भी ज्यादा काम करने की जरूरत है। लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए संगठनात्मक नीतियों में लैंगिक मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

# बाढ़ खलनायक नहीं होती


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब, ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं।

साल के दस महीने लाख मिन्नतों के बाद जब आसमान से जीवनदायी बरसात का आशीष मिलता है तो भारत का बड़ा हिस्सा इससे उपजी त्रासदी "बाढ़" को कोसता दिखता है। समझना होगा कि बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं,बल्कि प्रकृति के पुनरुत्थान की प्रक्रिया है। दूसरा जहां बाढ़ हानि पहुंचा रही है,वहां अधिकांश स्थानों पर इसके मूल में मानवीय त्रुटियां ही हैं। नैसर्गिक बाढ़ विनाशकारी नहीं होती और उसके कुछ सकारात्मक पहलू भी होते हैं।

बाढ़ महज एक प्राकृतिक आपदा ही नहीं है,बल्कि यह देश के गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक संकट का कारक बन गया है। हमारे पास बाढ़ से निपटने को महज राहत कार्य या यदा-कदा कुछ बांध या जलाशय निर्माण का विकल्प है, जबकि बाढ़ के विकराल होने के पीछे नदियों का उथला होना, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, रेत की खुदाई व शहरी प्लास्टिक व खुदाई मलवे का नदी में बढ़ना,जमीन का कटाव जैसे कई कारण दिनों-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। आंकड़ों को पलटें तो यह सच है कि देश में हर साल बाढ़ का दायरा और उससे होने वाली हानि का दायरा बढ़ता जा रहा है,लेकिन यह भी सच है कि उसकी अनुपात में बरसात बीतते ही देश के बड़े हिस्से में पानी की कमी का भी विस्तार है।

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक भारत में तीन करोड़ 42 लाख हेक्टेयर जमीन बाढ़ प्रभावित है। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत देश में पिछले छह दशकों के दौरान बाढ़ के कारण लगभग 4.7 लाख करोड़ का नुकसान हुआ और 1.07 लाख लोगों की मौत हुई, आठ करोड़ से अधिक मकान नष्ट हुए और 25.6 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में 109202 करोड़ रुपये मूल्य की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस अवधि में बाढ़ के कारण देश में 202474 करोड़ रुपये मूल्य की सड़क,पुल जैसी सार्वजनिक संपत्ति पानी में मिल गई। मंत्रालय बताता है कि बाढ़ से प्रति वर्ष औसतन 1654 लोग मारे जाते हैं, 92763 पशुओं का नुकसान होता है। लगभग

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है,जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं, जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है,बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है।

71.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जल प्लावन से बुरी तरह प्रभावित होता है,जिसमें 1680 करोड़ रूपये मूल्य की फसलें बर्बाद हुईं और 12.40 लाख मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हकीकत यह भी है कि बाढ़ के कारण पता चलता है कि किसी नदी का असली स्वरूप क्या है? जब नदी का पानी फैलता है तो उससे आसपास के भूजल स्रोतों का पुनर्भरण होता जाता है। भूजल स्तर में सुधार न केवल पानी का भंडार होता है,बल्कि धरती की सेहत के लिए भी अनिवार्य तत्व है।

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब,ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं। जब यह गाद खेतों में जमा होती है तो यह मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है,जिससे आगामी फसलों की पैदावार बेहतर होती है। खेती के लिए धरती के नवजीवन की यह प्रक्रिया युगों से बाढ़ के आसरे ही चल रही है। नदियों में बाढ़ के साथ मछली, कछुए और अन्य जलचरों के जीवन का विस्तार होता है। इससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित होता है। बाढ़ के पानी के साथ बहकर आने वाले विभिन्न पौधे और जानवर नदियों के किनारे के पारिस्थितिक तंत्र को समृद्ध करते हैं। इस तरह बाढ़ जलीय जीवों और वनस्पतियों की जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करती है। बाढ़ यह भी याद दिलाती है कि नदी इंसान की तरह एक जीवंत संरचना है और उसकी याददाश्त है और उसके जिम्मे पृथ्वी को समयानुसार संरचित करना भी है। तभी नदियां अपने पुराने मार्गों को फिर से खोजती हैं या नए मार्ग बनाती हैं,जिससे नदी की धाराएं स्वाभाविक रूप से पुनर्निर्धारित होती हैं। यह प्रक्रिया भू-आकृतिक परिवर्तनों को निर्मित करती है, जो लंबे समय में धरती पर जीवन के तत्वों को पुष्पित-पल्लवित करने में सहायक होती है। नदियां जब अपने यौवन पर होती हैं तो अपने साथ सौभाग्य लेकर आती है। जब नदी भरती है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पंख लगते हैं। सबसे बड़ी बात,इंसान जो भी कचरा,मलवा चुपके से नदी में डाल देता है,बाढ़ उसे साफ करती है और नदी के लिए गैरजरूरी तत्वों को किनारे पटक देती है। बाढ़ के पानी से नदियों के प्रदूषक बहकर समुद्र या अन्य जल स्रोतों में चले जाते हैं, जिससे नदी की शुद्धता और स्वच्छता में सुधार होता है।

आखिर बाढ़ खलनायक कब बनती है? एक तो नदियों के रास्ते में व्यवधान,खासकर रेत उत्खनन के लिए या फिर विभिन्न परियोजनाओं के लिए बनाए गए बांध या फिर शहरों में पुल जैसी सुविधाएं जुटाने के लिए नदी के बीचों-बीच बनाए गए खंभे या अन्य निर्माण,नदी की नाराजगी का कारण होते हैं। फिर छोटी नदियों को बुलावा देना या उन पर कब्जा,छोटी नदियों के तालाब और बड़ी नदियों से मिलन मार्ग को बाधित करना, वहां स्थाई निर्माण कर लेने आदि से भ्रम होता है कि नदी बस्ती में घुस आई, जबकि हकीकत में उस बाढ़ को इंसान ने जल धार के बीच घुसकर खुद आमंत्रित किया होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण (एनडीएमए) के पूर्व सचिव नूर मोहम्मद का मानना है कि देश में समन्वित बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। नदियों के किनारे स्थित गांव में बाढ़ से बचाव के उपाए नहीं किए गए। आज भी गांव में बाढ़ से बचाव के लिए कोई व्यवस्थित तंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों की पहचान करने की भी जरूरत है, जहां बाढ़ में गड़बड़ी की ज्यादा आशंका रहती है। आज बारिश का पानी सीधे नदियों में पहुंच जाता है। वाटर हार्वेस्टिंग की सुनियोजित व्यवस्था नहीं है ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। शहरी इलाकों में नाले बंद हो गए हैं और इमारतें बन गई हैं। ऐसे में थोड़ी बारिश में शहरों में जल जमाव हो जाता है। अनेक स्थानों पर बाढ़ का कारण मानवीय हस्तक्षेप है।

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है,जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं,जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है,बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है। मानव सभ्यता को बाढ़ के साथ सह-अस्तित्व की रणनीतियों को अपनाने और इसके फायदों को समझने की जरूरत है ताकि प्राकृतिक आपदाओं के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके और इसके सकारात्मक पहलुओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

## प्रसंगवश

# श्रद्धा और दान का महत्व

कुछ लोग इस बात पर हंसते हैं कि पितरों को अर्पित श्राद्ध की वस्तुएं उन्हें कैसे मिल जा सकती हैं? गलती केवल उन्हीं की नहीं है। गलती उनकी भी है,जो पितृपक्ष में श्राद्ध के महत्व को ठीक से समझा नहीं सकते। शास्त्रों में कर्मकांड पर बहुत ध्यान दिया है,पर ज्ञानकांड की उपेक्षा की है। श्राद्ध में श्रद्धा और दान का महत्व है।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्रद्धा का संबंध भावनाओं से है। पितरों के लिए आदरभाव और आभार की भावना श्राद्ध का भावना पक्ष है। हम अपने भौतिक शरीर के लिए उनके आभारी हैं, क्योंकि हम आसमान से नहीं टपके। हम अपनी भौतिक समृद्धि के लिए भी उनके आभारी हैं। हम बौद्धिक विकास के लिए भी उनके आभारी हैं। वे नींव के पत्थर हैं,जो दिखते तो नहीं पर हमारा अस्तित्व उन पर कायम है। यह भावना कृत स्मर की भावना है। यह भावना आदमियत पैदा करती है। दान का भावनात्मक और आर्थिक महत्व है। छीनना, प्रतिदान और दान धन के वितरण के तीन तरीके हैं। तीनों का अंतिम फल धन का हस्तांतरण है। किंतु छीनने में शक्ति, क्रूरता, विवशता, दुख और अभिशाप का पुट है। प्रतिदान में रिसिप्रोसिटी होती है, को-ऑपरेशन होता है। यह पॉजिटिव सम को-ऑपरेटिव गेम है। इसमें भाग लेने वाले सभी पक्षों की बेहतरी होती है,किंतु इसका भौतिक पक्ष भावनात्मक पक्ष की तुलना में ज्यादा प्रभावी होता है। दान में भी भौतिक वस्तुओं का हस्तांतरण होता है, किंतु यहां प्रतिदान की भावना मुखर नहीं होती। यह देने वाले को संतोष देता है,कर्तव्य पूर्ति का भाव देता है। भौतिक वस्तुओं के हस्तांतरण की क्रिया और घटना को मल्टी डायमेंशनल समझें और इमोशनल डायमेंशन पर गौर करें। छीनने में एक पक्ष को अपनी शक्ति, दबदबे ओर रुतबे का दंभ भले ही होता हो, दूसरे पक्ष को तकलीफ होती है। यह बात प्रतिदान के केस में नहीं होती। दोनों पक्ष राजी-खुशी से हस्तांतरण करते हैं,लेकिन दान में इमोशनल डायमेंशन प्रबल होता है,जहां लेने और देने वाले अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। पितरों के श्राद्ध में इन बातों पर सोचना चाहिए।

# श्राद्ध पक्ष का धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व

आश्विन मास में पड़ने वाला श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का पर्व है। मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज धरा पर सूक्ष्म रूप में निवास करते हैं। साथ ही अपने संबंधियों से तर्पण व पिंडदान प्राप्त कर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। यह आता है महालया श्राद्ध पक्ष में। महालया पक्ष में पिंडदान व श्राद्धकर्म का विशेष महत्व है।

पितृ पक्ष के सोलह श्राद्धों का धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। पितृ पक्ष का वैज्ञानिक रहस्य भी है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पृथ्वी सूर्यमंडल के निकट रहती है। इसलिए श्राद्धकर्ताओं द्वारा किए गए सभी तर्पण आदि सर्वप्रथम सूर्यमंडल पर पहुंचते हैं। आत्मा कभी न नष्ट होने वाली ऊर्जा है, जो केवल मोक्ष प्राप्त होने पर ईश्वर की अनंत ऊर्जा में समाहित हो जाती है। विज्ञान के अनुसार उर्जा हमेशा संरक्षित रहती है, यह एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है। इसीलिए धर्मशास्त्र में कहा गया है,मृत्यु अंत नहीं प्रारंभ है। जीवित और मृत भेद मात्र स्थूल जगत तक ही सीमित रहता है,सूक्ष्म जगत में सभी जीवित हैं। प्रत्येक शिशु का जुड़ाव उसके पूर्वजों से बना रहता है।

क्रोमोसोम्स के माध्यम से वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि नवजात शिशु में कुछ गुण दादा व परदादा के व कुछ गुण नानामह व नाना के समाहित रहते हैं। जैनैटिक साइंस पर शोधकर्ताओं के अनुसार आज भी हम अपने पूर्वजों से जुड़े हुए है, पितरों के डीएनए का विस्तार ही हमारा अस्तित्व है। वैज्ञानिकों ने पितरों के सूक्ष्म शरीर को 'एक्टोप्लाज्म' की संज्ञा दी है। पितरों के निमित्त श्राद्ध आदि कर्म करने से पितरों के साथ-साथ स्वयं का भी कल्याण होता है। श्राद्ध आत्मा


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है।

के गमन जिसे संस्कृत में प्रैति कहते हैं, से जुड़ा हुआ है। प्रैति ही बाद में बोलचाल में प्रेत बन गया। यह कोई भूत-प्रेत वाली बात नहीं है।

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है। प्राण मन को लेकर निकलता है। प्राण जब निकल जाता है तो शरीर को जीवात्मा को मोह रहता है। इसके कारण वह शरीर के इर्द-गिर्द ही घूमता है, कहीं जाता नहीं। शरीर को जब नष्ट किया जाता है, उस समय प्राण मन को लेकर चलता है। मन कहां से आता है? कहा गया है चंद्रमा मनसः लीयते यानी मन चंद्रमा से आता है। यह भी कहा है कि चंद्रमा मनसो जातः यानी मन ही चंद्रमा का कारक है। मन का जुड़ाव चंद्रमा से है। इसलिए ह्रदयाघात जैसी समस्याएं पूर्णिमा के दिन अधिक होती हैं। चंद्रमा वनस्पति का भी कारक है। रात को चंद्रमा के कारण वनस्पतियों की वृद्धि अधिक होती है। दाह संस्कार के समय चंद्रमा जिस नक्षत्र में होगा, मन उसी ओर अग्रसर होगा। प्राण मन को उस ओर ले जाएगा। चूंकि 27 दिनों के अपने चक्र में चंद्रमा 27 नक्षत्र में घूमता है, इसलिए चंद्रमा घूमकर अठाइसवें दिन फिर से उसी नक्षत्र में आ जाता है। मन की यह 28 दिन की यात्रा होती है। इन 28 दिनों तक मन की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए श्राद्धों की व्यवस्था की गई है। हम जिस समय पितृपक्ष मनाते हैं,उस समय चंद्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट रहता है। इसलिए कहा जाता है कि पितर हमारे निकट आ जाते हैं।

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है विभु अर्थात चंद्रमा के दूसरे हिस्से में पितरों का निवास है। चंद्रमा का एक पक्ष हमारे सामने होता है जिसे हम देखते हैं,परंतु चंद्रमा का दूसरा पक्ष हम कभी देख नहीं पाते। इस समय चंद्रमा दक्षिण दिशा में होता है। दक्षिण दिशा को यम का घर माना गया है। आज हम यदि आकाश को देखें तो दक्षिण दिशा में दो बड़े सूर्य हैं,जिनसे विकिरण निकलता रहता है। हमारे ऋषियों ने उसे श्वान प्राण से चिह्नित किया है। शास्त्रों में इनका उल्लेख लघु श्वान और वृहद श्वान के नाम से हैं। इसका उल्लेख अथर्ववेद में भी आता है। वहां कहा है श्यामश्च त्वा न सबलश्च प्रेषितौ यमश्च यौ पथिरक्षु श्वान। अथर्ववेद 8/1/19 के इस मंत्र में इन्हीं दोनों सूर्यों की चर्चा की गई है। श्राद्ध में हम एक प्रकार से उसे ही हवि देते हैं कि पितरों को उनके विकिरणों से कष्ट न हो। इस प्रकार से देखा जाए तो पितृपक्ष और श्राद्ध में हम न केवल अपने पितरों का श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, बल्कि पूरा खगोलशास्त्र भी समझ ले रहे हैं। श्रद्धा और विज्ञान का यह एक अद्भुत मेल है, जो हमारे ऋषियों द्वारा बनाया गया है। इसके महत्व का वर्णन पुराणों में भी वर्णन मिलता है।

## सोशल फोरम

# कुछ भी अपरिहार्य नहीं

पाउलो कोएल्हो एक ब्राजीलियन कवि एवं उपन्यासकार हैं। उनका एक कथन मुझे अच्छा लगा। उसका अनुवाद प्रस्तुत कर रहा हूं। "साइकल बंद करना: जब एक चरण समाप्त होता है तो हमें यह पता होना चाहिए। अगर हम आवश्यक समय से अधिक समय तक उसके रहने पर जोर देते हैं तो हम दूसरे चरणों के सुख और अर्थ खो देते हैं, जिनसे हम गुजरना होता है।


शरद कोकाश
कवि

चक्र बंद करना, दरवाजे बंद करना, अध्याय समाप्त करना आप इसे जो भी नाम दें यह महत्वपूर्ण है कि जीवन के उन पलों को बीते हुए समय में छोड़ दें,जो समाप्त हो गए हैं। आप सोचते रह सकते हैं कि ऐसा क्यों हुआ? चीजें बीत जाती हैं और हम सबसे अच्छा यही काम कर सकते हैं कि उन्हें वास्तव में बीत जाने दें, लेकिन स्मृतियों को नष्ट करना,चले जाने देना, अनाथालयों को बहुत सारी चीजें दे देना, अपने घर में मौजूद किताबों को बेचना या दान करना। यही कारण है कि यह इतना महत्वपूर्ण है (चाहे कितना भी दर्द हो!) इस दृश्यमान दुनिया में सब कुछ अदृश्य दुनिया की अभिव्यक्ति है, हमारे दिल में जो हो रहा है और कुछ यादों को भी जाने देने का मतलब है कि दूसरी यादों के लिए जगह बनाना। चीजों को जाने दो। उन्हें छोड़ दो। उनसे अलग हो जाओ। टीवी पर उसी कार्यक्रम को बार-बार देखना बंद कर दें,जो आपको दिखाता है कि आपने किसी नुकसान से कितना कुछ सहा है। यह सिर्फ आपको जहर दे रहा है और कुछ नहीं। एक नए अध्याय की शुरुआत से पहले,पुराने को समाप्त करना होता है। खुद को बताएं कि जो बीत गया है,वह कभी वापस नहीं आएगा।

याद रखें,आपके जीवन में ऐसा समय था जब आप उस चीज या उस व्यक्ति के बिना जी सकते थे मतलब कुछ भी अपरिहार्य नहीं है। एक आदत एक जरूरत नहीं है। यह इतना स्पष्ट लग सकता है, यह मुश्किल भी हो सकता है,लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है। अतः चक्र बंद करना गर्व, असमर्थता या अहंकार के कारण नहीं,बल्कि सिंपली इसलिए है कि वह अब आपके जीवन में फिट नहीं बैठता है।"

-फेसबुक वॉल से

# नैनीताल में 144 वर्ष पहले हुआ था प्रलयकारी भू-स्खलन


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी।

18 सितंबर,1880 को नैनीताल में हुए प्रलयकारी भू-स्खलन की आज 144 वीं बरसी है। शेर-का-डांडा पहाड़ी में हुए इस विनाशकारी भू-स्खलन ने कुछ ही पलों में नैनीताल का भौगोलिक मानचित्र ही बदल दिया था। इस हादसे में 108 हिंदुस्तानियों और 43 यूरोपियन समेत कुल 151 लोग मारे गए थे। बचाव कार्यों के दौरान कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे खुद कमर तक मलबे में धंस गए थे। भू-स्खलन में पच्चीस लाख रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई थी।

भू-स्खलन ने कैप्टन हैरिस का आलीशान विक्टोरिया होटल और इसके आसपास स्थित सभी घरों को नेस्तनाबूद कर दिया था। मालरोड के समीप स्थित 'बेल शॉप' नामक दुकान और मां नयना देवी का मंदिर भी भू-स्खलन की चपेट में आ गए थे। असेंबली रूम्स (वर्तमान कैपिटल सिनेमा) का एक हिस्सा झील में समा गया था और शेष बचा हुआ हिस्सा मलबे में दफन हो गया था। पलक झपकते ही झील का एक हिस्सा मैदान में तब्दील हो गया था। 1880 तक नैनीताल फलता -फूलता और सर्व सुविधा संपन्न एक खुशहाल नगर बन चुका था। तब यहां की आबादी 10.054 हो गई थी,जिसमें 2.957 महिलाएं और 7.097 पुरुष थे। अंग्रेज नैनीताल के मौसम और यहां की स्वास्थ्यवर्धक जलवायु से अभिभूत थे। ब्रिटिश हुक्मरान यहां के पारिस्थितिक तंत्र से छेड़छाड़ से हासिल खूबियों के लुत्फ उठाने की कीमत से अंजान थे। भू-स्खलन की इस त्रासदी ने न केवल अंग्रेजी शासकों के होश उड़ा दिए,बल्कि उन्हें भीतर तक हिला कर रख दिया था। इस भू-स्खलन के बाद औपनिवेशिक सरकार नैनीताल की पहाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील हो गई थी। हादसे के चौथे दिन 22 सितंबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जांच के लिए कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बना दी थी। इसके बाद भारत के भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप अधीक्षक मिस्टर डब्ल्यू. थियोबॉल्ड ने प्रभावित पहाड़ी की जांच की। इसी साल भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिक आरडी ओल्डहैम की अध्यक्षता में इंजीनियरों की एक जांच कमेटी बनी। इसके अलावा सेना की ओर से दो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठाई गई। विशेष सिविल अधिकारी ने सरकार को अलग से अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी।

नगर पालिका के तत्कालीन सदस्य एवं भू-विज्ञानी फ्रैडिक एडवर्ड जॉर्ज मैथ्यूज ने भी शेर-का-डांडा पहाड़ी की सुरक्षा की जांच की थी,मैथ्यूज की जांच रिपोर्ट 1882 में प्रकाशित हुई। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर शेर-का-डांडा की पूरी पहाड़ी को किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए निषेद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया। पहाड़ी में बने असुरक्षित भवनों को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए। इस आदेश के क्रम में मशहूर शिकारी एवं शिकार कथाओं के लेखक जिम कॉर्बेट के पिता क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट ने इस पहाड़ी में स्थित अपने दो मंजिला भवन एवं कॉटेज को तोड़ दिया था। इस हादसे के बाद नैनीताल में वैज्ञानिक आधार पर एक नया नायाब नालातंत्र विकसित किया गया। 1880 से 1928 के दौरान समूचे नैनीताल को 69 बड़े और 234 ब्रांच नालों के जाल में लपेट दिया गया था। सबसे अधिक ब्रांच नाले इसी पहाड़ी में बनाए गए। आज इनमें से अधिकांश ब्रांच नालों का वजूद खत्म हो गया है।

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी। चूंकि राजभवन साम्राज्यवादी सत्ता के वैभव और शक्तिशाली सामर्थ्य का प्रतीक था। लिहाजा भू-स्खलन के बाद इस पहाड़ी की सुरक्षा के मद्देनजर विषय विशेषज्ञों की अनेक उच्चस्तरीय जांच कमेटियां बनी। 1895 में सर एंटोनी पैट्रिक मैक्डॉनल, नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट गवर्नर बने। उनके कार्यभार संभालते ही सेंट-लू के राजभवन को खाली कर दिया गया। डायोसेजन बॉयज स्कूल (शेरवुड कॉलेज) को अस्थायी राजभवन बना दिया गया। इस भू-स्खलन के बाद इस क्षेत्र में तैनात किए गए विशेष सिविल अधिकारी मिस्टर एचसी कोनीबीयरे (ई.एस.क्यू.सी.एस. द्वारा 11 अक्टूबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध के सचिव को भेजी एक विस्तृत रिपोर्ट के अंतिम हिस्से में यह मार्मिक टिप्पणी लिखी थी: "यह सत्य है कि नगर के सीमित हिस्से में कुछ शव अभी भी नुकीली चट्टानों व पत्थरों के नीचे दबे हैं,पर यह तर्क शायद ही लोगों को कब्रगाह के करीब मकान लेने से रोके। रणभूमि के निकट गांव वीर योद्धाओं के शवों से कभी खाली नहीं हुए। नैनी झील के इर्दगिर्द वीर एवं श्रेष्ठ लोग समाए। यह सुंदर भूमि उनका घर है, जो मौत से भी निडर रहे, बिना उलाहना के।"

1880 के भू-स्खलन के बाद ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल की संवेदनशील पहाड़ियों एवं झील की सुरक्षा के दीर्घकालिक उपाय सुझाने के लिए अनेक विशेषज्ञ कमेटियां बनाईं। विषय विशेषज्ञों की सलाह के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल नगर को निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित, दो क्षेत्रों में विभक्त कर दिया। भू-स्खलन के लिहाज से नाजुक एवं संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों पर सख्त पाबंदी लगा दी गई। शेर-का-डांडा पहाड़ी को निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान शेर-का-डांडा पहाड़ी समेत निर्माण निषेद्ध क्षेत्रों में नए निर्माण कार्य नहीं के बराबर हुए। स्वतंत्रता के बाद के करीब दो दशकों तक ब्रिटिशकालीन व्यवस्थाएं कायम रहीं। कालांतर में निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित की सीमा रेखा खत्म होती चली गई। सरकार ने खुद इस नियम का उल्लंघन किया। शेर-का-डांडा पहाड़ी में जहां 1880 के भू-स्खलन ने भीषण तबाही मचाई थी,ब्रिटिश शासन काल में उस पहाड़ी में निर्माण तो दूर घास काटने और फुलवारी बनाने की भी मनाही थी,सरकार ने उसी कमजोर पहाड़ी में 1985 में भारी-भरकम रोप-वे बना दिया। नैनीताल नगर में विगत चार दशकों में सर्वाधिक निर्माण कार्य इसी संवेदनशील पहाड़ी में हुए हैं और हो रहे हैं।

# बाजारवाद का मतलब पैसा

बाजारवाद का मतलब पैसा और पैसा। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर आदमी उपभोक्ता है। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। ग्लोबलाइजेशन का जमाना है, विश्व बाजार का यही वैश्विक दृष्टिकोण है। इस दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष अध्ययन करना है तो कोई शोधार्थी किसी अस्पताल के व्यवहार से इसकी शुरुआत कर सकता है। चिकित्सा का आधार ही करुणा है, लेकिन आपको ग्लोबलाइजेशन का अर्थ यहीं से समझ में आने लगेगा। फिर शोधार्थी प्राथमिक विद्यालय में जाकर अनुसंधान करे,जो मानवता का आधार हैं। माध्यमिक विद्यालय में जाए फिर विश्वविद्यालय में जाए।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ग्लोबलाइजेशन अर्थात मनुष्य और प्रकृति का संबंध-न नदी से नाता है, न धरती से,न पर्यावरण से,न सूरज से, न चंदा से! मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंध ऐसा है कि पड़ोस की खबर नहीं, नितांत व्यक्तिनिष्ठ। लोग गरीब और निर्बल की बात करते जरूर हैं,अपने को गरीब और निर्बल का सबसे बड़ा हिमायती भी सिद्ध कर देते हैं,किंतु कुल मिलाकर जो परिदृश्य है,उसमें सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है। गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं,लेकिन कोलाहल या हल्ला इतना है कि सामान्य-जन गरीब और निर्बल की कराह सुन नहीं पा रहे हैं।

## एक नजर

### बाइक से टकराकर बुजुर्ग महिला गंभीर घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी सोमपाल ने मंगलवार को बताया कि मां रामवती दोपहर ढ़ाई बजे किसी काम से दूसरी ओर जाने के लिए संभल बहजोई मार्ग पार कर रही थी। सड़क पार करते समय रामवती को पुलिसकर्मी की बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि पुलिसकर्मी की बाइक से हादसा होने के बारे में जानकारी नहीं है।

### पर्युषण के दसलक्षण दिवस का समापन

**बहजोई, अमृत विचार :** श्री दिगम्बर जैन मंदिर में महापर्व पर्युषण पर्व के 10वें दिन समापन पर जैन समाज के पुरुष व महिलाओं ने उपवास रखकर यह पर्व मनाते हुये विधि विधान पूर्वक जिनेन्द्र भगवान् की पूजा अर्चना की। भगवान का सामूहिक पूजन, अभिषेक, शांतिधारा जैसे धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। वासुपूज्य भगवान् के मोक्ष कल्याणक दिवस का निर्वाण लड्डू एवं श्रीफल चढ़ाया।

## भैंस ने सींगों पर उठाकर फेंका तो चलती बाइक पर गिरा ग्रामीण, तीन घायल

**संभल, अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर भैंस ने पैदल जा रहे ग्रामीण को सींगों पर उठाकर फेंका तो ग्रामीण चलती बाइक पर जा गिरा। हादसे में ग्रामीण व बाइक सवारों सहित तीन लोग घायल हो गए।

गांव धुरैटा निवासी अतीक मंगलवार को पैदल पंवासा स्थित बैंक जा रहा था। अतीक जैसे ही पंवासा में स्थित पुलिस चौकी के पास पहुंचा तो पीछे से आई भैंस ने अतीक को दौड़ा लिया। थोड़ी दूर पीछा कर भैंस ने अतीक को सींगों पर उठाकर हवा में उछाल दिया। जिसकी वजह से अतीक गांव कल्हा निवासी दुष्यंत व गांव बीजू नगला निवासी चंद्रकेश की चलती बाइक पर गिर गया। हादसे में अतीक, दुष्यंत व चंद्रकेश तीनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल अतीक, दुष्यंत व चंद्रकेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## एसपी ने अपने दफ्तर पर नई पहल के साथ जनसुनवाई पोर्टल किया आरंभ

# एसपी कार्यालय से मिलेगी शिकायतकर्ता को पर्ची

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान कराने के लिए जनपद में नई पहल की है। अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को शिकायत दर्ज होते ही समस्या समाधान के भरोसे की पर्ची मिलेगी। शिकायतों का रिकॉर्ड दर्ज होगा जिसके हिसाब से थाना प्रभारियों की रैंकिंग तय होगी।

नवागत पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को जन शिकायत खिड़की का शुभारंभ किया। एसपी ने बताया कि शिकायत लेकर जनसुनवाई में आने वाले सभी लोगों का शिकायती पत्र जन शिकायत खिड़की पर बैठा पुलिसकर्मी स्कैन करते शिकायतकर्ता का फोटो खींचेगा। इसके बाद शिकायतकर्ता को ऑनलाइन एक पर्ची निकाल कर देगा। इस पर्ची का नाम भरोसे की पर्ची रखा गया है। भरोसा इस बात का कि शिकायत कर्ता को उसकी समस्या का समाधान मिलेगा। एक पर्ची शिकायतकर्ता के पास रहेगी तो दूसरी पर्ची एसपी के पास प्रार्थना पत्र के साथ जाएगी। एसपी इस पर्ची के साथ ही शिकायतकर्ता की तुरंत ही शिकायत अपने आदेश जारी करेंगे। दर्ज होने वाली शिकायतों का ऑनलाइन पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। किस थाने से कितनी शिकायत आ रही हैं। यह भी एक महीने के अंदर देखा जाएगा। महीने भर में शिकायत आने पर ही पता चलेगा कि कौन थानेदार अपने थाने पर बैठकर जनसुनवाई में सही शिकायत पर कार्रवाई कर रहा है और कौन जनता की शिकायत अनसुनी कर रहा है।



**नई पहल :** भरोसे की पर्ची के बारे में जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

### भरोसे की पर्ची

- सभी थानों की शिकायतों का एसपी दफ्तर पर रखा जाएगा रिकॉर्ड
- तय होगी थानेदारों की रैंकिंग

### आईजीआरएस पर भी दर्ज होगी शिकायत

**बहजोई, अमृत विचार :** एसपी कार्यालय में नई व्यवस्था के तहत जब शिकायतकर्ता अपनी शिकायत करेगा और पुलिसकर्मी उसकी शिकायत स्कैन करके शिकायतकर्ता को पर्ची देगा तो यह शिकायत ऑनलाइन आईजीआरएस पोर्टल पर भी जाएगी। इस पोर्टल के माध्यम से ही समस्या व निस्तारण या लंबित है यह पता चलेगा।

## सार-संक्षेप



रजपुरा में विश्वकर्मा पूजन करते शुगर मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### चीनी मिल में हुआ भगवान विश्वकर्मा का पूजन

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। अधिकारियों ने हवन में आहुतियां दीं और पूजन के बाद भंडारा भी हुआ। मंगलवार को डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में भगवान विश्वकर्मा का पूजन विधि विधान से हुआ। मुख्य यजमान यूनिट हेड आशीष कुमार ने पूजन किया। हवन में आहुतियां दी गईं। जिसके बाद भंडारे प्रसाद वितरित कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक केन इकबाल सिंह, उप महाप्रबंधक प्रशासन एवं कारखाना प्रबंधक राजन कुमार दीक्षित, उप महाप्रबंधक इंजीनियरिंग अवतार सिंह, उप महाप्रबंधक प्रोडक्शन सुधीर त्यागी, उप महाप्रबंधक आईटी संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक क्वालिटी संतोष चौहान, उप महाप्रबंधक सेल्स अमित अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक एचआर आंचल बिंदल, प्रदीप मिश्रा, शिवराज, रोहित, राजीव, पुष्पराज, बृजेश, रामकुमार, विजेंद्र आदि रहे।

### विश्वकर्मा की जयंती पर हुआ हवन

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली के सरस्वती स्कूल में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर हवन में आहुति देकर सर्व समाज के हित की मंगल कामना की। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति के समक्ष पुष्प अर्पित किए। हवन सुभाष चंद्र शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण कराया। इस दौरान संजीव विश्वकर्मा, सरजीत विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, अतुल विश्वकर्मा, लकी विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा आदि रहे।

### राधा-गोविन्द कालेज में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेजज में विश्वकर्मा जयंती पर मंगलवार को पूजा व हवन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात मशीनों की विधि विधान से पूजा कराई गई। बताया गया कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। अंत में एक पेड़ मां के नाम पर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमेन पवन शर्मा, प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज तोमर, अनिल शर्मा, रतनेश पाठक, शैलेंद्र सिंह, प्रशांत, नितिन चौहान, पुष्पेंद्र मौर्य, सुरेश पाल, नरेंद्र, सुरेंद्र, विनीत, रजत, भास्कर, प्रीति, अभिषेक, निशा, फातिमा आदि मौजूद रहे।



विश्वकर्मा पूजा करते संस्थान के अधिकारी।

### वीनस शुगर मिल में हुआ विश्वकर्मा पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वीनस शुगर मिल की कार्यशाला में भगवान विश्वकर्मा की जयंती परंपरागत तरीके से मनाई गई। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का पूजन कराया गया। इसके उपरांत हवन आरंभ हुआ। जिसमें मिल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने आहुतियां दीं। अंत में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर मिल के सीईओ अनुपम सिंह, आरके सिंह, सचिन गुप्ता, एमपी वर्मा, अभिषेक गौड़ आदि मौजूद रहे।



मिल में पूजन करते सीईओ अनुपम सिंह व अन्य।

### प्रभारी मंत्री से की सड़क को गड्ढामुक्त कराने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** जिला संघर्ष समिति संभल के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सिंहपुरसानी से असमोली को जाने वाले सड़क मार्ग बहुत व्यस्त है। मुरादाबाद जाने आने के लिए लोगों को समय और पैसे की बचत होती है। किसान भी चीनी मिल जाने के लिए इसी मार्ग को अपनाते हैं। सड़क में काफी समय से गड्ढे बन गए हैं। जिससे हादसे होते रहते हैं। कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। लोक निर्माण विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि मार्ग ग्रामीण अभियंत्रण इकाई के अंतर्गत आता है। इस दौरान चौधरी रविराज चाहल, चौधरी हरपाल सिंह, मनोज कुमार, सुधीर आदि रहे।

### अपंजीकृत नर्सिंग होम में उपचार के दौरान महिला की मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर के एक अपंजीकृत नर्सिंग होम में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद झोलाछाप व स्टाफ मौके से फरार हो गया। कस्बा में मोहल्ला टंकी निवासी राहुल की पत्नी ज्योति को प्रसव पीड़ा हुई तो वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचा। जहां उसने नवजात को जन्म दिया। इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही ज्योति की तबीयत खराब होने लगी। इसके बाद जच्चा को स्टाफ नर्स ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बाद में उसे कस्बा के ही बिजली घर के निकट अपंजीकृत नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। जहां उपचार के दौरान ज्योति की मौत हो गई। महिला की मौत होते ही परिजन अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चीखने चिल्लाने लगे। इस हालात में अस्पताल संचालक व स्टाफ फरार हो गया। कोतवाल ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में सोमवार की रात कमरे में सो रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने बेटी की हत्या करने का उसके ससुराल वालों पर आरोप लगाकर हंगामा किया। थाना क्षेत्र के गांव दबथरा निवासी जितेंद्र कुमार की शादी डेढ़ वर्ष पहले बदायूं जिले में जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव दहगवां निवासी सरोज उर्फ सुरभि 22 वर्ष के साथ हुई थी। सोमवार की रात खाना खाने के बाद जितेंद्र कुमार बरामदे में और सरोज कमरे में सोने चली गई। देर रात सरोज बैड पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रोते बिलखते मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए।

### दो पक्षों में मारपीट व पथराव, महिला सहित तीन घायल

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट व पथराव हुआ। जिससे एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी मोनू शर्मा मंगलवार को अपनी ननिहाल कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा सलेमपुर में आया था। विवाद के चलते मोनू शर्मा अपने मामा हरकिशोर के घर नहीं जाकर उनके पड़ोसी वीरपाल के घर चला गया। भांजे मोनू शर्मा को अपने घर बैठाने का हरकिशोर के बेटे तुषार व नरेंद्र ने वीरपाल से विरोध जताया। इसी बात को लेकर तुषार, नरेंद्र व वीरपाल के बीच मारपीट होने लगी। जिसके बाद वीरपाल पक्ष के अन्य परिजन भी मौके पर आ गए और एक दूसरे के ऊपर ईंट पत्थर बरसाने लगे। मारपीट व पथराव की वजह से वीरपाल की पत्नी सोनी व ललित और राहुल घायल हो गए।

### टेलर का तालाब में उतराता मिला शव



**संभल, अमृत विचार :** दस दिन पहले घर से गए टेलर का शव तालाब में उतराता मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नई सराय निवासी टेलर सालिम 35 वर्ष सात अगस्त को घर से चला गया था। कई दिन तक तलाश करने के बाद भी सालिम का पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार की शाम माता के थान के पास स्थित मूल तालाब के पानी में सालिम का शव उतराता देखा। सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी व कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर भी मौके पर पहुंचे। वहीं सालिम के भाई असलम ने आशंका जताई है कि मछली पकड़ते समय पैर फिसलने की वजह से सालिम तालाब में डूब गया होगा।

# शरीर साफ रख वातावरण को करें स्वच्छ

## प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का किया आरंभ

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** 17 से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ जनपद दौरे पर पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने नगर के काठ बाजार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई की। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को प्रभारी मंत्री ने शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने स्ट्रीट वेंडर को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छता को अपने जीवन का एक अंग बनाना चाहिए। एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, शरीर और मन स्वस्थ होगा तो वातावरण स्वच्छ हो जाएगा। इस दौरान डीएम राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू, गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति, बीएसए अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।



बहजोई में झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

### केक काटकर मनाया पीएम का जन्मदिन

**बबराला, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास पर प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह रिंकू, पूर्व विधायक अजीत यादव, गुलफाम सिंह यादव, उमेश यादव, दीपक यादव, चेयरमैन गुन्नौर खुशबू प्रजापति, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिव्य प्रकाश यादव, विनय वार्ष्णेय, गौरव यादव, प्रशांत अग्रवाल, सचिन प्रजापति, मदनलाल शर्मा, राजीव शर्मा, मनोज यादव, सुरेश यादव, हरेंद्र यादव, अखिलेश यादव आदि ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की।

### सफाई कराकर लोगों को बांटे कपड़े के थैले

**सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी की ओर से स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम में नासर शहीद पार्क में पौधरोपण, सफाई और सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय की सफाई कराई गई। पॉलीथिन मुक्त सिरसी अभियान के तहत कर्मचारियों और लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास और सभासदों ने सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोगों को डिजिटल आईडी कार्ड बांटे गए। चेयरमैन ने सभासदों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभासद आदित्यवीर रस्तोगी, मोहम्मद अजीम, कयामुद्दीन, भूकन सिंह सैनी, मीसम अब्बास, मोहम्मद साहिर, आशिक अब्बास आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान की आदत अपनाकर बचाएं लोगों का जीवन: धर्मवीर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा संभल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में 74 यूनिट रक्तदान हुआ।

संभल में डॉ.सचिन सक्सेना ब्लड बैंक पर लगे रक्तदान शिविर का उदघाटन प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में 74 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, सौरव त्यागी, हृदय त्यागी, रिफिल चौधरी, विवेक चौधरी, ब्लॉक प्रमुख पति कुलदीप चाहल, ब्लाक प्रमुख पंवासा हृदेश यादव, मोहम्मद आदिल, सलीम खान, होमगार्ड कमांडेंट संजय गुप्ता, रोहित चौधरी, सुधीर चाहल, अविनेश चौधरी, सन्नी चौधरी ने रक्तदान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, परमेश्वर लाल सैनी, मंजू दिलेर, डॉ.अरविंद गुप्ता आदि रहे। जिला महामंत्री सोनू चाहल ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया। शिविर के बाद प्रभारी मंत्री ने मलिन बस्ती में महावीर जाटव के यहां भोजन किया।



संभल में रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति।



गांधी पार्क में स्वच्छता की शपथ लेतीं पालिकाध्यक्ष, ईओ व स्टाफ। ● अमृत विचार

## नगर पालिका ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में शासन के निर्देश पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

महासफाई अभियान का आरंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पौधरोपण करके किया। इसके बाद स्वच्छता पखवाड़े के तहत पालिकाध्यक्ष ने झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर जन भागेदारी के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देना है। अंत में सभी ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर, जेई केके अग्रवाल, ऋ षभ कुमार, सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, अवनेश गुप्ता, अक्षिता गोयल, बृजवाला वार्ष्णेय, हिना गोयल, प्रमोद कुमार, प्यारे लाल, अंशुल गुप्ता, लवित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# सफाई व स्वच्छता के लिए पॉलीथिन से मुक्ति जरूरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद संभल द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने किया। डीएम और अन्य अधिकारियों ने श्रमदान करके समाज के लोगों को भी इस अभियान में सहयोगी बनने का संदेश दिया।

चौधरी सराय चौराहा पर हुए कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया का स्वागत किया गया। डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित यूजर फ्रेंडली सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल के रेट्रो फिटिंग कार्य का शुभारंभ किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की थीम पर निर्मित आरआरआर सेंटर नवीनीकरण कार्य एवं आरआरआर की गाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने वेस्ट टू वेंडर पार्क का उद्घाटन करते हुए जायजा लिया। एक पेड़ मां के नाम पर के तहत चौधरी सराय पार्क में पौधरोपण किया। सफाई मित्र सम्मान कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 सफाई मित्रों एवं स्ट्रीट वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने एवं सहयोगी 5 स्ट्रीट वेंडर्स को आई कार्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। पॉलीथिन मुक्त संभल बनाकर साथ ही, जूट के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, नगर पालिकाध्यक्ष आशिया मुशीर, भाजपा नेता संजय सांख्यधर, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीरज शर्मा, सभासद, पालिका स्टाफ और कई संगठनों के लोग मौजूद रहे।



डीएम व पालिका चेयरमैन को पुराने कपड़ों से बने थैले भेंट करती महिलाएं।

### बेकार कपड़ों से तैयार थैलों के प्रयास को सराहा

**संभल, अमृत विचार :** ग्रीन संभल कॉरिडोर के तत्वावधान में खराब कपड़ों से बनाए गए थैले डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया को महिलाओं ने भेंट किए। डीएम ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है, जो बेकार हुए कपड़ों का उपयोग थैले बनाने में किया जा रहा है। थैलों की सिलाई करने वाली महिलाओं में शशि बाला, रिमझिम, क्रांति, नीतू, मोनिका कविता सिंह, मीनू, पूनम शर्मा, महिमा, रुचि आदि रहीं। डीएम ने चौधरी सराय चौराहे पर बने पार्क को देखा। जहां पर खराब टायर से साइकिल और बैठने की बेंच बनाई गई थी। बच्चों देवांश और वैष्णवी ने डीएम को हस्तनिर्मित स्वच्छता ही सेवा का संदेश देती हुई कलाकृति भेंट की। डीएम ने बच्चों को स्वाध्याय हेतु पुस्तक उपहार स्वरूप दी। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, जसपाल सिंह, आमिर, सौरभ गुप्ता, शंकर शर्मा, कैलाश चंद गुप्ता, संजीव शुक्ला, गौरव शर्मा, प्रभाकर शुक्लाआदि रहे।

# प्रभारी मंत्री ने मृतकों के परिजनों को सौंपे चेक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने रजपुरा क्षेत्र में हुए हादसे के मृतकों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। परिजनों को आर्थिक मदद के चेक सौंपे।

विकास खंड रजपुरा के गांव भोपतपुर पक्के की मढ़ैया में सोमवार को बोलेरो पिकअप के रौंदने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिले और परिवारों को सांत्वना दी। प्रभारी मंत्री ने परिजनों को राहत खाद्य सामग्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्रमुख योजनाओं, आयुष्मान कार्ड आदि से मृतकों के परिजनों को लाभान्वित किया जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, डिप्टी कलेक्टर रमेश बाबू ,डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, नगर पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर खुशबू प्रजापति, खंड विकास अधिकारी रजपुरा अमरजीत सिंह आदि रहे।



रजपुरा हादसे में मृतकों के परिजनों को चैक सौंपते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति।

- मृतकों के परिजनों से मिले और परिवारों को सांत्वना दी

### पांच लोगों की मौत के दूसरे दिन भी छाया रहा मातम, शवों का हुआ अंतिम संस्कार

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र के गांव भोपतपुर पक्के की मढ़ैया में सोमवार को हुए हादसे में पांच लोगों की मौत के दूसरे दिन भी मातम पसरा रहा। महिलाएं विलाप करती रहीं तो लोगों की आंखें भी नम नजर आईं। इस बीच पांचवें मृतक के शव का भी अनूपशहर गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव भोपतपुर पक्के की मढ़ैया के किनारे रविवार को रात गंगा का पानी आ गया था। सोमवार को सुबह ग्रामीण सड़क किनारे बैठकर पानी को देख रहे थे। तभी गवां की तरफ से आई तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने लोगों को रौंद दिया था।

# युवती जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती घर से सोने-चांदी के जेवर भी साथ ले गई है। युवती के पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है कि सोमवार को वह अपने परिवार के साथ ईदमिलादुन्नवी का जुलूस देखने गया था। घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। परिजन शाम छह बजे घर पर पहुंचे, तो युवती घर नहीं थी। खोजबीन की तो गांव की एक युवती ने बताया कि वह गांव सैफनी निवासी युवक जीशान के साथ गई है। पिता ने घर आकर देखा तो युवती अपने साथ सोने का हार, दो सोने की अंगूठी, एक नाक की नथ आदि ले गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने जीशान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पति व ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति व ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसका विवाह थाना क्षेत्र एक युवक के साथ हुआ था। दस सितंबर को महिला ने अपने पति को बताया ससुर उसके साथ छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने का प्रयास करते हैं। यह बात सुनकर महिला के पति ने बताया कि घर से बाहर यह बात न जाए। इसके बाद महिला ने फोन पर अपनी मां को बात बताई। मां अपनी पुत्री की ससुराल पहुंच गई। इसके बाद मां अपनी पुत्री को लेकर घर आ गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने महिला के पति व उसके पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### आज आठ घंटे ठप रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से पावर हाउस उपकेंद्र पर नए पोल व तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे मंगलवार की सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बुधवार को पावर हाउस उपकेंद्र से जुड़े मालगोदाम रोड, लक्ष्मण गंज, सुभाष रोड, रानी रामकली बाग, रायसती, आजाद रोड, तेग बहादुर कॉलोनी, विपिन मील, श्रीधाम आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी।

### छुट्टा पशु बरामद, एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने छुट्टा गोवंशीय पशु बरामद कर पशुवध के उपकरण सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा भागने में कामयाब हो गया। संभल के मुहल्ला हातिम सराय निवासी गुफरान व हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी निवासी गुफरान सोमवार की देर रात जंगल में घूम रहे छुट्टा गोवंशीय पशु को पकड़कर उसका वध करने के लिए लेकर जा रहे थे। दोनों गुफरान छुट्टा पशु लेकर जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में गांव फिरोजपुर से गांव चिमयावली जाने वाले रास्ते पर पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने टोका तो दोनों भागने लगे। जिसमें पुलिस ने घेराबंदी कर हातिम सराय निवासी गुफरान को पकड़ लिया। जबकि सिरसी निवासी गुफरान जंगल की ओर भागने में कामयाब हो गया। छुट्टा पशु कब्जे में लेकर पुलिस ने गुफरान के पास से पशुवध करने के उपकरण भी बरामद किए।

### ट्रक की टक्कर से युवती सहित दो गंभीर घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव रफीपुर निवासी सौरभ व मल्लाह शाकिन निवासी युवती नेमवती पुत्री झब्बू लाल ई रिक्शा में बैठकर संभल की ओर से आ रहे थे। रेलवे क्रॉसिंग के निकट ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा आगे वाले ट्रक में जाकर लगा। जिसमें सवार युवती व ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सफाई मित्रों ने श्रमदान कर की सफाई

**बबराला, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत के सफाई मित्रों ने श्रमदान कर सफाई की। ईओ अमरेश तिवारी ने कार्यक्रम का आरंभ महिला सफाई मित्रों को स्वच्छता ही सेवा के बैच व बैज लगाकर किया। ईओ ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सफाई मित्रों सहित नगर पंचायत स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। ईओ अमरेश तिवारी ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर जूट के थैले का इस्तेमाल करने की अपील की।

### पुजारी को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मंदिर परिसर में शराब का विरोध करने पर पुजारी को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुजारी ने थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव पहलादपुर में धामुंडा देवी मंदिर में विंटू पुत्र रामकिशन पुजारी है। विंटू के अनुसार वह शाम के समय मंदिर के कार्य में लगा हुआ था। उसी समय गांव के कुछ दबंग मंदिर पहुंचे और परिसर में ही शराब पीने लगे। विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव वाले घायल विंटू को ई-रिक्शा में बैठाकर थाना ले आए। जहां पुलिस ने उसका मेडिकल कराया। घायल ने दबंगों के विरुद्ध तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।



चंदौसी के मंदिर में गणेश प्रतिमा का पूजन कराता परिवार। ● अमृत विचार



चंदौसी में गणेश प्रतिमा विसर्जन को ले जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मुख्य रथ की गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### बड़ी प्रतिमाओं की निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी पर पंडालों में भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाओं को स्थापित किया गया था। बुधवार को जब श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए राजघाट नरौरा के लिए रवाना हुए, तो प्रतिमाओं को रथ पर रखकर व डीजे के साथ नाचते गाते गणेश मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजन कराया। उसके बाद अबीर गुलाल उड़ाकर नृत्य किया। सभी श्रद्धालु अपने संसाधनों से गंगा घाट की ओर रवाना, जहां प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया।

# अबीर-गुलाल उड़ाकर भक्तों ने दी गणपति बप्पा को विदाई

## विदाई पर छलके आंसू, अगले साल आने का लिया वादा, पंडाल व घरों में स्थापित गणेश प्रतिमा की पूजा कराकर निकले लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** अनंत चौदस को गणपति बप्पा को अबीर-गुलाल उड़ाकर विदाई दी गई। गंगा घाट पर विसर्जन के समय हजारों भक्तों की आंखों में आंसू छलक आए और भगवान गणेश से अगले वर्ष आने का वादा लिया। गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी मंगलवार की सुबह आठ बजे गणेश जी की मुख्य प्रतिमा की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन के लिए राजघाट नरौरा ले गए। इसके उपरांत घर व पंडालों में स्थापित हुए गणपति को भी श्रद्धालु राजघाट नरौरा लेकर पहुंचे।

गणेश चतुर्थी पर गणेश मेला परिषद व अन्य श्रद्धालुओं ने गजानन की प्रतिमाओं को विधि विधान से स्थापित किया था। दस दिन तक भगवान गणेश की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गई थी। 11वें दिन यानी अनंद चौदस को भगवान गणेश को विदाई दी गई। मंगलवार की सुबह मेला परिषद के पदाधिकारियों ने गणेश मंदिर पर प्रतिमा का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद अबीर गुलाल उड़ाकर शोभायात्रा निकाली गई। इसके उपरांत परिषद के पदाधिकारी वाहन में प्रतिमा को रखकर राजघाट नरौरा ले गए जहां प्रतिमा को पूजन-अर्चन के बाद गंगा में विसर्जित किया। इसके बाद घरों व पंडालों में स्थापित अपनी-अपनी प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालु राजघाट नरौरा के लिए रवाना हो गए। गंगा घाट पर पहुंचने पर गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया गया।



संभल के बरेली सराय में गणपति विसर्जन यात्रा में झूमती महिलाएं। ● अमृत विचार



संभल ठेर सराफा बाजार में निकाली जा रही गणपति विसर्जन यात्रा। ● अमृत विचार



चंदौसी में गुलाल उड़ाकर गणेश प्रतिमा को ले जाते युवक। ● अमृत विचार

## गणेश विसर्जन यात्रा में गूंजा गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ

**संभल, अमृत विचार :** श्री कल्कि नगरी संभल में गणपति विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गईं। गणेश प्रतिमाओं को लेकर चले श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा के इंतजाम रहे। श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को लेकर राजघाट गंगाघाट के लिए रवाना हो गए। जहां गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मंगलवार को सुबह से ही गली मुहल्लों से गणपति की विसर्जन यात्रा निकाली जाने लगी। मुहल्ला आलम सराय से श्रद्धालु गणपति की मूर्ति को लेकर चले तो जयकारे गूंजने लगे। मुहल्ला कोट पूर्वी में सरथल चौकी से गुजरी विसर्जन यात्रा में ठेले पर गणपति की प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ का जयघोष कर रहे थे। मुहल्ला ठेर से ठेले पर भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमा को लेकर श्रद्धालु निकले तो जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर गुलाल की बौछार करते हुए जयकारे लगाए। पुरानी तहसील रोड से भी एक साथ तीन गणेश विसर्जन यात्रा जब शंकर कॉलेज चौराहा पर पहुंची तो नजारा बिल्कुल अलग रहा। ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते हुए गणपति का गुणगान कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी भी की। मुहल्ला बरेली सराय और हल्लू सराय से निकलीं गणेश विसर्जन यात्रा की धूम रही। हयातनगर और सरायतरीन में भी गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गईं। श्रद्धालु गणपति की प्रतिमाओं को लेकर राजघाट गंगाघाट रवाना हुए। जहां गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने गणपति से सुख समृद्धि प्रदान किए जाने की मनौती मांगी। शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रसाद का वितरण किया गया। मुहल्ला ठेर सर्राफा बाजार में छोले चावल का वितरण हुआ। वहीं गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान वाहनों पर भी प्रसाद की व्यवस्था रही। गणपति विसर्जन यात्रा निकलने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। जिन मार्गों से गणेश विसर्जन यात्रा निकाली जानी थीं, वहां पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।



चंदौसी में गणेश प्रतिमा के साथ बच्चे।



गणेश प्रतिमा को ले जाते अखिलेश कुमार खिलाड़ी।

### श्रद्धालुओं ने दी अपनी प्रतिमाएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ऐसे बहुत श्रद्धालु थे, जिन्होंने अपने घरों में प्रतिमाएं स्थापित की थीं। मगर वह विसर्जन करने के लिए राजघाट व नरौरा नहीं जा सके। ऐसे श्रद्धालुओं ने अन्य राजघाट नरौरा जाने वाले श्रद्धालुओं को अपनी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए दीं। उन प्रतिमाओं का भी विसर्जन राजघाट नरौरा स्थित गंगा में कर दिया गया।

### नगर के हर मार्ग पर तैनात रही पुलिस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गणेश विसर्जन को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। नगर में जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे। पंडालों से जब गणेश प्रतिमाएं गणेश मंदिर की ओर निकली तो पुलिसकर्मी साथ रहे। उनके द्वारा गंगा घाट कितने लोग गणेश प्रतिमाएं ले जा रहे है। इसका विवरण लिया जा रहा था। जिससे उनको जानकारी रहे कि कितने लोग कितने वाहने से विसर्जन के लिए जा रहे है।

### बहजोई में गणपति विसर्जन यात्रा में झूमे श्रद्धालु

**बहजोई, अमृत विचार :** नगर में श्री गणेश विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें नागरिकों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया तो दूसरी तरफ श्री गणेश के भक्ति भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। गणेश चतुर्थी पर घर-घर तथा मंदिरों में विराजमान किए गए गजानन के विसर्जन को लेकर नगर में श्री गणेश विसर्जन यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। लोग अपने हाथों में गणेश भगवान की मूर्ति को लेकर महाप्रभु का जय घोष करते हुए चल रहे थे। मंदिरों में विराजमान की गई भगवान श्री गणेश की मूर्ति विसर्जन के लेकर लोग हर्षोल्लास के साथ जुलूस के रूप में निकले। गणेश विसर्जन यात्रा में जहां एक ओर श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के गीत पर जमकर झूमते हुए चल रहे थे। ढोल की थाप श्रद्धालु जमकर झूम रहे थे। श्री गणेश विसर्जन यात्रा श्री भगवानपुर देवी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मंदिरों पर होती हुई राजघाट गंगा तट पर पहुंची। जहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश का विसर्जन किया।



विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमा ले जाते लोग।



राजघाट पर गणपति की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## गंगा तट पर विसर्जन कर बप्पा को विदाई दी गई

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** अनंत चतुर्दशी के दिन अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना के साथ गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मंगलवार को राजघाट गंगा तट पर विसर्जन कर बप्पा को विदाई दी गई। मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन ने गंगा तट से अलग गड्ढा तैयार कराया था। विसर्जन के पहले श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को गंगा स्नान कराया और अगले बरस जल्दी आने का निवेदन करते हुए विसर्जन किया। दूर दराज क्षेत्रों से आए अनेक श्रद्धालुओं ने भी गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच गणेश की आरती व पूजा अर्चना के बाद उनकी मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया। वहीं विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को गणपति विसर्जन के पहले श्रद्धालुओं ने गणेश की आरती और पूजा की।

### टैक्स चोरी करने वाले जींस कारोबारियों पर होगी कार्रवाई

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में उद्योग बंधु ओडीओपी की बैठक एवं व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में नगर में जींस के कारोबार को लेकर जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं व्यापार कर विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे करते हुए सत्यापन किया जाए। जिससे सत्यापन के आधार पर चिन्हित कारोबारी पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरों में एक अभियान चलाते हुए अतिक्रमण मुख्य मुख्य मार्गो से हटाया जाए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि एक टीम बनाकर जनपद में नशीली दवा के कारोबारियों पर छापामारी कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश डीएम ने दिये।



गजानन हाल में रासलीला का मंचन करते कलाकार।

## गजानन सभागार में माटी खामन की लीला देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** गजानन सभागार में वृंदावन से आए श्री अंश कृष्ण कला मंडल के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। मंगलवार को कलाकारों ने माटी खामन का भावपूर्ण मंचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दृश्य में दिखाया गया कि बचपन में श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ ब्रह्मांड घाट पर खेलने जाते हैं। जहां श्रीकृष्ण मिट्टी का ढेला मुंह में रख लेते हैं, तो ग्वाले घर आकर मैया यशोदा से शिकायत करते हैं। इसके बाद यशोदा भी मौके पर पहुंचती हैं और श्रीकृष्ण के मुंह से मिट्टी का ढेला निकाल देती हैं। जब वह श्रीकृष्ण का मुंह खुलवाकर देखती हैं तो उन्हें तीनों लोको के दर्शन होते हैं। यह देख यशोदा व ग्वाले चकित रह जाते हैं। रासलीला में श्रीकृष्ण की भूमिका श्रीअंश, यशोदा की मोहन पाल, ग्वाले की वीरेंद्र उपाध्याय, श्याम शर्मा, छोटू ने निभाई।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी-अलीगढ़ रेलवे ट्रैक पर मझोला हाल्ट के पास 70 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सोमवार की देर रात घटना की सूचना मिलने पर बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवापुर निवासी हरि सिंह 70 वर्ष कैंसर से पीड़ित थे। उनके पुत्र गोपी ने बताया कि उनके पिता सोमवार की शाम पांच बजे दवा लेने चन्दौसी के लिए घर से निकले। मगर रात तक वापस नहीं लौटे। उनकी कई स्थानों पर खोजबीन की गई। मगर उनका कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार की सुबह बनियाठेर पुलिस ने सूचना दी। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, तो शव देख उसकी शिनाख्त अपने पिता हरि सिंह के रूप में की। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### जहरखुरानों ने अधेड़ व्यक्ति को बनाया शिकार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म पर मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे एक अधेड़ व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ कर्मचारी ने उसे 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां देर शाम तक उसे होश नहीं आया था। बरेली से चन्दौसी होकर मुरादाबाद जाने वाली पैसेंजर मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन से बेहोशी की हालत में एक 55 वर्षीय व्यक्ति उतरा और प्लेटफार्म नंबर दो पर बैंच पर जाकर लेट गया। उसके पास एक बैग था। अन्य यात्रियों ने घटना की सूचना आरपीएफ को दी। तभी आरपीएफ जवान दानवीर सिंह ने मौके पर पहुंचे और बेहोश यात्री की पहचान कराने का प्रयास किया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी में भर्ती कराया। देर शाम तक उपचार के बाद भी होश नहीं आ सका। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### खेत में बारिश का पानी जाने पर दंपति को पीटा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** खेत में भरा बारिश का पानी दूसरे खेत पर जाने पर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव फरीदपुर खास निवासी गुलाब सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसके खेत में धान की फसल खड़ी है। बारिश व हवा के कारण फसल खेत में बिछ गई है तथा खेत में पानी भरा हुआ है। अधिक पानी होने के कारण खेत की मेड़ कटने से पड़ोसी खेत स्वामी हरि सिंह के खेत में जा रहा है। हरि सिंह ने गुलाब सिंह से खेत में आने का विरोध किया तो गुलाब सिंह ने कहा कि उसने उसके खेत में पानी नहीं काटा है। इसी बात को लेकर हरि सिंह ने अपने भाइयों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से गुलाब सिंह पर हमला कर दिया।

आयोजन | गणेश चतुर्थी मेले में हुआ अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन, देर रात तक दर्शक लेते रहे आनंद

# मगर आजकल की लड़कियां तो सरहदें पार कर रहीं हैं...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी मेले में श्री भूपाल दास रंगमंच पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ कवयित्री वंदना गुप्ता ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से किया। हास्य कवि सम्मेलन में दूर-दूर से आए कवि व कवयित्रियों ने कविता का पाठ कर दर्शकों को गुदगुदाया। देर रात तक दर्शक हास्य कवि सम्मेलन का आनंद लेते रहे।

मंगलवार की रात हास्य कवि सम्मेलन में फिरोजाबाद के टुंडला से आए हास्य कवि लटूरी लट्ठ ने पढ़ा कि मैंने जो भी चीज खरीदी, जालिम विकट जमाने से, नौकर ने भी लाकर दे दी, बहुत बड़े तहखाने से। हे परमेश्वर तुम ही आकर, बेइमानों को शुद्ध करो, गंध मिलावट की आती है, नंबर एक किराने से।



मंच पर काव्य पाठ करती कवयित्री। ● अमृत विचार

लखनऊ से आई कवयित्री वंदना विशेष ने पढ़ा कि तुम्हें न याद आई प्यार भरी बातों की, कभी भी याद नहीं जाती मुलाकातों की। तुम्हारे प्यार में हासिल यदि हुआ मुझको, सुकून दिन का गया नींद गई रातों की। कवि सुरेश अलबेला ने पढ़ा कि प्यार में हदें पर हदें पार कर रहीं हैं, यहां तक तो ठीक था मगर आजकल की लड़कियां तो सरहदे पार कर रहीं हैं। मजबूरियां इतनी है कि किसी से आंखे भी चार नहीं कर सकता, पुरुष तो लुगाई के डर से मोहल्ला भी पार नहीं कर सकता। कवि रामबाबू सिकरवार ने पढ़ा कि गधो अब झूल सिलवाओ जमाना खूब आया है- खूब आया है, बिन पढ़े डिग्रियां पाओ जमाना खूब आया है- खूब आया है। संचालन कर रहे कवि डॉ. सौरभकांत शर्मा ने पढ़ा कि शब्द आकार ले रहा होगा, शून्य आधार ले रहा होगा। फिर से शबरी ने बेर तोड़े हैं, ईश अवतार ले रहा होगा। कवि हिमांशु बवंडर शर्मा ने सुनाया कि- गरीबों की गरीबी का बनाते हैं उपहास, दिखाने को दांत में कनक लगवाते हैं। पहले भाव पूछते मीठे अमरुदों का, फिर अमरूदों पर नमक लगवाते हैं। कवयित्री डॉ. दुर्गा टंडन ने पढ़ा कि- चेतना को जगा दो समर शेष है, अब अधर में खड़ा यह मेरा देश है। कवि अमित शर्मा ने पढ़ा- युवा देश का अपनी ताकत जब-जब रण में तोलेगा, चप्पा-चप्पा इस भारत का वंदे मातरम बोलेगा। इसके अलावा अन्य कवियों ने भी कविता पाठ कर दर्शकों को हंसाया। इस अवसर पर मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्रकुमार आदि मौजूद रहे।

### गणेश मेले में शतरंज प्रतियोगिता शुरू

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मेला गणेश चौथ में मंगलवार की रात शतरंज प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता में 16 मैच कराये गए। मैच देर रात तक चले। मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन स्कूल परिसर में स्व. राधा देवी एवं स्व. दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का आरंभ राजकुमार वार्ष्णेय ने किया। प्रतियोगिता में उर्वशी सक्सेना, प्रिया सागर, श्रेयांश गुप्ता, काजिम खान, शिवनारायण शर्मा, पवन वार्ष्णेय, राहुल श्रीवास्तव, चन्द्रपाल सिंह, प्रतिभ गुप्ता, आशीष सागर, धर्मेन्द्र सिंह, लोकेश सैनी, रामकिशन, पारस शर्मा, शंकर लाल, अभय कुमार, जर्नादन शर्मा, आदि के बीच टीम बनाकर मैच खेले गए। इस अश्विनी शर्मा, राजू बनर्जी, शशिकांत, करुनेश शर्मा, शुभम, सूरज के अलावा मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति के पदाधिकारियों द्वारा जायन्ट्स सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। बुधवार को सेवा सप्ताह का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया।

पहले रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. संतोष वार्ष्णेय द्वारा वृद्धों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। इसके बाद महिला शक्ति की पदाधिकारियों ने वृद्धों को खाद्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डॉ. सुधा चौधरी, उषा वार्ष्णेय, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, रानी, अनुराधा, मृदुल अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शैलेश, गार्गी, अलका, कल्पना, आशा बिसारिया, मीरा गोयल, अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0638923 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया है।

-अब्दुल मतीन पुत्र अब्दुल वाजिद अंसारी c/o विनीत कुमार ग्राम सन्दलपुर पो. हाथीपुर चन्दू कुन्दरकी (मुरादाबाद) 244413

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0938329 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया है।

-अर्शीनूर पुत्री अहमद नूर c/o विनीत कुमार ग्राम सन्दलपुर पो. हाथीपुर चन्दू कुन्दरकी (मुरा.)

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने मेरे भाइयों करन सिंह एवं अनिरुद्ध कुमार पुत्रगण स्व. श्री राम चरन सिंह से हमारे प्रति दुर्व्यवहार करने के कारण समस्त संबंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किये गये कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरे व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

-नरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री राम चरन सिंह निवासी निकट अवन्तिका सांई पब्लिक स्कूल, अवन्तिका कालोनी, थाना सिविल लाइन्स, मुरादाबाद

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. विनया मीन व पुत्र वधु शमा परवीन, गलत आचरण में पड़ गये हैं। मैं अपने पुत्र, पुत्र वधु को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इन दोनों के द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों के लिये ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-अफसर अली पुत्र असगर, निवासी- ग्राम कासमपुर, थाना व तह. कांठ, जिला- मुरादाबाद

## एक नजर

### युवक ने गाजियाबाद में की आत्महत्या

**रहरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने गाजियाबाद में आत्महत्या कर ली। मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव का है। गांव निवासी मजदूर का परिवार गाजियाबाद के किसी भट्टे पर मजदूरी करता था। जहां सोमवार देर रात युवक ने कमरे में फंद से लटककर जान दे दी। उधर लोगों में चर्चा है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था।

### सड़क पर गिरा पेड़, राहगीर परेशान

**भोजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में तारक नगला हाईवे पर बारिश व हवा चलने से पेड़ गिर गया। इससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ को रोड के किनारे करवाकर रास्ता खुलवाया। यह घटना मंगलवार दोपहर तीन बजे हुई।

### जुलूस में शामिल युवकों ने हुड़दंग कर मारपीट की

**अमरोहा, अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में जीप में मौजूद युवकों ने सड़क पर हुड़दंग किया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले का है। सोमवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जा रहा था। तभी जुलूस में कुछ लोग निजी वाहनों से शामिल हो गए। इनमें एक जीप में सवार युवकों की कई स्थानों पर लोगों से झड़प हुई। आरोपियों ने रात करीब नौ बजे मोहल्ला सराय कोहना व नल पर मामूली कहानी के बाद मोहल्ला निवासी कैफ और एक अन्य युवक पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं बीच बचाव में आए लोगों की झंडे से डंडे से पिटाई की। हंगामा की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक आरोपी वाहने लेकर मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**बुरावली/रहरा, अमृत विचार :** करंट लगने से किशोर की मौत हो गई। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतौरा में मजदूर नवाब का परिवार रहता है। सोमवार की रात नवाब का 14 वर्षीय पुत्र अनस घर में ही बिजली का तार लगा रहा था। बिजली का करंट लगने के बाद परिजनों ने किशोर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अनस को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव को मंगलवार को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

# स्वच्छ परिवेश से रोगों में भी कमी आती है : तरारा

## विधायक ने सफाई कर सेवा स्वच्छता पखवाड़े का किया आंरभ, लोगों को पार्टी का सदस्य भी बनाया

संवाददाता, गजरौला



झाड़ू लगाते विधायक राजीव तरारा व अन्य ● अमृत विचार



स्वच्छता अभियान में भाग लेते भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विधायक राजीव तरारा ने सकरथली गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा स्वच्छता पखवाड़े का आरंभ किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ गांव में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने ग्रामवासियों से स्वच्छता रखने का आह्वान किया। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता के हित में किए कार्यों की जानकारी दी एवं 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता दिलाई। विधायक ने ग्रामीणों को स्वच्छता से होने वाले लाभों के बारे में बताया, कहा कि स्वच्छ परिवेश से रोगों में भी कमी आती है। इस अवसर पर सतपाल सिंह पाल, जितेंद्र सैनी, संजय सिंह चौहान, हुकम सिंह, रामचरण सिंह, विजय सिंह, विजेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, शिवराज सिंह, सुशील सिंह आदि उपस्थित रहे।

वहीं, सैदनगली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़े के तहत सैदनगली में स्वच्छता अभियान चलाया। सैदनगली के चामुण्डा मन्दिर में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने साथियों के साथ सफाई की। अभिनव कौशिक ने बताया कि स्वच्छता से ही सुंदरता बढ़ती है। इसलिए सभी को सेवा पखवाड़े में योगदान देना है। इस दौरान सभासद अमित प्रजापति, सभासद निकेश राघव, हरीरमन शर्मा, अनित सैनी, कल्लू सैनी, कुलदीप प्रधान, राजन वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रहरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने ग्राम प्रधानों के साथ ब्लाक परिसर गंगेश्वरी में झाड़ू लगाकर सफाई की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की कामना कर क्षेत्र वासियों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष पप्पू प्रधान, ज्ञानेंद्र प्रधान, रतन प्रधान, गिरीश गोस्वामी, हेतराम प्रधान आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मंदिर में की सफाई

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार को भाजपाइयों ने शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन मनाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जगत सिंह सैनी ने कहा कि आज्ञ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है, विश्वकर्मा जयंती है और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। इसी क्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर डॉ. विजय पाल, जगत सिंह सैनी, जोगिंदर, बीपी दुबे, गोपाल, रोहित सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आवास की चाबी पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

सवाददाता, मंडी धनौरा

● कार्यक्रम में लोगों को योजनाओं की जानकारी भी दी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को पीएम आवास की चाबी वितरण कार्यक्रम विकास खण्ड सभागार में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व बीडीओ विजय सक्सेना ने 29 लाभार्थियों को उनके आवास की चाबी सौंपी। आशियाने की चाबी पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इसके अलावा 2024-25 के पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए 21 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। विकास खण्ड सभागार में उड़ीसा से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण ब्लॉक के समस्त स्टाफ व पीएम आवास लाभार्थियों को दिखाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों को अपनी छत हो, इसके लिए लगातार सरकार आवास वितरण कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के जरिए गरीबों, किसानों, मजदूरों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास की नीति पर चलते हुए सभी वर्गों को सम्मान देते हुए सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया है। इस दौरान बीडीओ विजय सक्सेना ने बताया कि सरकार गरीब लाभार्थियों को खुद का आवास दे रही है। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, एडीओ पंकज कुमार, सचिव संदीप सिंह, बंटी कुमार, अशोक, मनोज कुमार, यशवीर खटाना, रहीस मंसूरी, अमजद खान सहित लाभार्थी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



बछरायूं में गणपति की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शोभायात्रा निकालकर गणपति को विदा किया

संवाददाता, मंडी धनौरा/बछरायूं

**अमृत विचार :** बछरायूं में मंगलवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन बहुत ही धूमधाम से किया गया।

नगर के मोहल्ला बकाबाद से गणपति की मूर्ति को रथ पर रखकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोग एक दूसरे को गुलाल लगा रहे थे और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। श्रद्धालुओं ने तिगरी में मूर्ति को विसर्जित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य के नेतृत्व में गणपति विसर्जन की शोभायात्रा मोहल्ला बकाबाद से शुरू हुई। हफीज रोड चौराहे पर आकर गणपति की मूर्ति को वाहने में रखकर तिगरी धाम ले जाया गया है। इससे पहले भगवान गणेश की 11 दिन पूजा अर्चना करने के बाद अनंत चतुर्दशी पर उनसे अगले बरस रिद्धी व सिद्धी सहित फिर से पधारने की प्रार्थना की गई। भगवान गणेश से उनकी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य, मितलेश आर्य, राहुल आर्य, शिल्पी आर्य, दीपांशु आर्य, चंदमुखी, विजय, सुभाष, मोहित, प्रवीण, रिंकू आर्य, मनोज आर्य, राहुल, चंद्रसेन, सुरेश सैनी अरवी आर्य, सानवी आर्य, गौरव, प्रिंस सहित काफी संख्या में लोग रहे।

## सार संक्षेप



शोभायात्रा का आरंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### रामलीला मंदिर में स्थापित किया महावीर ध्वज

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में मंगलवार को हर्षोल्लास से महावीर ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान रामलीला मंदिर पर हनुमान के ध्वजा को स्थापित किया गया। नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के पति अजयवीर सिंह उर्फ पप्पू चौहान ने फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ किया। शोभायात्रा में अरुण कुमार शर्मा ने महावीर ध्वज उठाया। सीटू चौहान ने सहयोग किया। पहलवान घनश्याम सिंह ने कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने हैरतअंगेज करतब दिखाए। पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से पूजन करवाया। शोभायात्रा बड़ा शिव मंदिर मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर न्यादर चौराहा, मोहल्ला फकीरगंज, रविदास धर्मशाला होती हुई रामलीला मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान कुंवर सुरेंद्र सिंह, सीपी सिंह विश्नोई, मुकेश माहेश्वरी, सुरेंद्र चौहान, डॉ. मनीष विश्नोई आदि रहे।



प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं के लिए पक्के चैंबर बनवाने की मांग

**गजरौला, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने तहसील हसनपुर के नवीन भवन में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बर्स, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि भवन के निर्माण कराने की मांग को लेकर मुख्यमत्री को संबोधित ज्ञानप प्रभारीमंत्री केपी मलिक को सौंपा। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने कहा कि नवीन तहसील भवन में अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बर, पुस्तकालय और कम्प्यूटर कक्ष आदि के बहुमंजिला भवन के निर्माण कराया जाए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन ने कहा नवीन परिसर में उपनिबंधक कार्यालय हसनपुर के स्थापन एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी शीघ्र की जाए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्र मोहन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, बार अध्यक्ष गंगासरन, भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता, बार उपाध्यक्ष फतेह सिंह एवं विनोद त्यागी आदि मौजूद रहे।

### छेड़खानी के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** छात्रा से छेड़खानी के आरोप में कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी भतीजी एक स्कूल में कक्षा-9 की छात्रा है। स्कूल आते जाते समय कमालपुरी निवासी कदीर उससे छेड़खानी करता है। सोमवार को भतीजी ने चाचा को बताया कि कदीर ने उसे धमकी दी। इसके बाद छात्रा के परिजन आरोपी के घर शिकायत करने जा रहे थे। तभी प्राथमिक विद्यालय के पास कदीर ने गाली गलौज की। विरोध किया तो कदीर ने मकसूद, आदिल, अजहरुद्दीन को बुला लिया। इन लोगों ने पीड़ित परिजनों के साथ मारपीट की। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। बाद में पीड़ित छात्रा के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### फोन पर पत्नी को तीन तलाक देने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारा पीटा। विरोध करने पर देवर व ननदोई ने दुष्कर्म किया। पति से शिकायत करने की तो उसने तीन तलाक दे दिया। गांव शरीफनगर निवासी एक युवती की शादी उत्तराखंड में जसपुर के मोहल्ला चांद मस्जिद के पास बड़ी नहर निवासी एक युवक के साथ डेढ़ साल पहले हुई थी। आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से उसका पति व उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। वे कार की मांग कर रहे थे। बाद में वे उसे भूखा प्यासा रखने लगे। उसका देवर उसपर बुरी नियत रखता था। वह अपने पति से इसकी शिकायत करती तो वह कहता कि कोई बात नहीं। कुछ समय पूर्व उसका पति उसे बिना बताए विदेश चला गया तो ससुराल वालों ने उसे और प्रताड़ित किया। आरोप है कि चार माह पहले उसका देवर व ननदोई उसके कमरे में घुस आए। इन्होंने चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार उससे दुष्कर्म किया। उसने अपने पति को फोन करके आपबीती बताई तो उसने कहा कि जबतक मांग पूरी नहीं होगी ऐसा ही होगा। 13 सितंबर को उसके पति ने फोन करके गाली गलौज की। इसके बाद तीन तलाक दे दिया।

### युवक को पीटने में चार के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राईभूड़ निवासी अनीता देवी पत्नी भानू प्रताप ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र बाइक से मलकपुर सेमली के बाजार से आ रहा था। तभी रास्ते में खड़े पंकज, उदयवीर सिंह, सौरभ, खूब सिंह, शानू ने उसे रास्ते में रोक लिया। इन्होंने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। बीच बचाव करने आई मां को भी आरोपियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया।

### 20 लीटर कच्ची शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस मंगलवार को रानी नांगल, शिवनगर पत्थर खेड़ा के पास गश्त कर रही थी। तभी किशनपुर गांवड़ी नहर की पुलिया के पास 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम गुड्डू बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### प्रदर्शनी में किए गए 40 एचआईवी टेस्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत एचआईवी एड्स कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदर्शनी लगाई गई। चिकित्सा प्रभारी राजपाल सिंह सैनी ने फीता काटकर इसका आरंभ किया। योजना के तहत 40 एचआईवी टेस्ट किए गए। इन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई। शोएब खान, रियाज उल हक, विनीता, गीता चौहान, कार्तिक, कमल रावत, दीपक चौहान रहे।

### कोतवाली में महिला ने प्रेमी की पीटा, हंगामा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली में महिला ने अपने प्रेमी की पिटाई कर दी। इस पर आरोपी ने भाग कर अपनी जान बचाई। बताया गया कि उत्तराखंड में काशीपुर निवासी युवती की शादी ठाकुरद्वारा में हुई थी। तभी से युवती अपने प्रेमी के संपर्क में थी। उसका प्रेमी युवक काशीपुर से ठाकुरद्वारा स्थित एक फैक्ट्री में आकर नौकरी करने लगा। दोनों मोबाइल पर बात करते और मिलते भी रहे। इस बीच महिला प्रेमी के साथ रहने को तैयार हो गई। लेकिन प्रेमी ने टालमटोल कर रहा था। मंगलवार को वह प्रेमी को लेकर कोतवाली पहुंची। इस बीच महिला का पति, सास-ससुर व मायके वाले भी कोतवाली पहुंच गए। ये लोग वहां हंगामा होने लगे। इस दौरान युवक ने अपने को घिरा देखकर उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। यह सुनते ही महिला भड़ गई। उसने प्रेमी की थप्पड़ों से पिटाई शुरू कर दी। ससुराल वालों ने समझाया तो वह अपने पति के साथ चली गई।

### बालापुर और करनावाला में लगा रामनवमी का मेला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक प्रतिनिधि वीर सिंह सैनी ने गांव बालापुर में श्री कूड़ेनाथ समाधि पर रामनवमी मेले का फीता काटकर आरंभ किया। लोगों ने प्रसाद चढ़ाकर घर परिवार में सुख शांति की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान आनंद सिंह सैनी, बाबा प्रेम नाथ, सुखबीर सिंह सैनी, हरपाल सिंह सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार, ओमप्रकाश सिंह, हर्ष रूप सिंह, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। उधर, करना वाला जब्ती के शिव मंदिर पर मेला लगा। मंदिर के महंत दिनेश गिरी ने बताया कि भादो में प्रतिवर्ष मंदिर स्थल पर मेले लगता है। यहां विनीत भारद्वाज, मनोज चौहान आदि रहे।

## उत्तराखंड-आसपास

# दबतोरी के पास ट्रेन से कटकर 13 गोवंश की मौत, साजिश की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● दबतोरी स्टेशन के पास लाइन पर तीन बार आया गोवंश का झुंड

● साजिश की आशंका के चलते हादसों की जांच करेगी आरपीएफ

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ रेलवे लाइन पर गांव दबतोरी के पास सद्भावना एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेन और इलेक्ट्रिक इंजन से कटकर 13 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। ट्रेनों का समय प्रभावित हुआ। मालगाड़ी व अन्य ट्रेनों को रोकना पड़ा। पशुओं के बार-बार ट्रैक पर आने में साजिश की आशंका देख आरपीएफ जांच करेगी।

दबतोरी रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात 9 बजकर 35 मिनट पर अलीगढ़-बरेली पैसेंजर ट्रेन 04317 गुजरी। इसी बीच गोवंश का झुंड रेलवे लाइन पर पहुंच गया। ट्रेन की चपेट में आने से तीन गोवंश की मौत हो गई। तकरीबन 15 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। रेलवे के कर्मचारी और ग्रामीणों ने रेलवे लाइन से गोवंश के अवशेष हटाए तब ट्रेन रवाना हुई। रात 10 बजकर 27 मिनट पर इलेक्ट्रिक इंजन गुजरा। उसकी चपेट में आकर पांच गोवंश की मौत हो गई। इसके बाद रात 11 बजकर 35 मिनट पर लखनऊ से दिल्ली जाने वाले सद्भावना एक्सप्रेस 14013 गुजरी। इस दौरान भी रेलवे लाइन पर गोवंश आ गए थे। पांच पशुओं की कटकर मौत हो गई। अवशेष इंजन में फंस गए।

लगभग आधा घंटा ट्रेन खड़ी रही। एक ही रात में तीन हादसों की कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। बार-गार ट्रैक पर गोवंश आने में साजिश की आंशका के चलते आरपीएफ जांच करेगी। दबतोरी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि रात को तीन बार हादसे हुए। ट्रैफिक बाधित हुआ था। गोवंश को रेलवे लाइन पर रोकने का इंतजाम होना चाहिए। इस संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर सांत्वना दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसो. हसनपुर के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष विश्वेश्वर दयाल अग्रवाल के निधन पर आत्मा की शांति के लिए तहसील बार हसनपुर की शोकसभा मंडी परिसर स्थित तहसील प्रांगण में हुई।

तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि राजीव कुमार अग्रवाल एवं परिवारजनों के साथ दुःख की घड़ी में सहभागी हैं। शोक सभा की अध्यक्षता बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी ने की। इस मौके पर बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, दिनेश गुप्ता, फतेह सिंह, विनोद त्यागी, नंदराम सिंह सागर, संदीप कुमार, संजीव कुमार, नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, विकास चौधरी, केदारनाथ, श्यौराज राणा, मेघराज सिंह, महावीर सिंह आदि रहे।

# बदरीनाथ हाईवे पर दलदल में फंसे वाहन, घंटों लग रहा जाम

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मानसून के बाद चारधाम यात्रा का दूसरा चरण शुरू हो गया है। यात्रा ने भी रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है, लेकिन गौचर से लेकर बदरीनाथ तक दर्जनन भर जगहों पर हाईवे बदहाल है। चटवापीपल व कमेड़ा में मलबा आने से हाईवे बार-बार बंद हो रहा है। वहां से दलदल से होकर वाहन गुजर रहे हैं। वाहन फंस जाने से हर रोज घंटों जाम लग रहा है। मंगलवार को जाम में फंसे यात्रियों ने फंसे वाहनों को निकलवा कर सड़क के गड्डों में पत्थर डालकर स्थिति सही करने की कोशिश की।

भूस्खलन से ध्वस्त होने की वजह से बदरीनाथ हाईवे परेशानी का सबब बना है। गौचर से लेकर बदरीनाथ तक कई जगह सड़क की स्थिति बेहद खराब है। कमेड़ा में मलबे की वजह से हाईवे बार-बार बंद हो रहा है। कर्णप्रयाग और गौचर के पास चटवा पीपल पेट्रोल पंप के नजदीक पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन बीते कुछ दिनों से मुसीबत बना है। इससे चटवा पीपल में सड़क पर दलदल हो जाने से मुसीबत बढ़ गई है। चटवा पीपल में बीते दिवस ट्रक फंस जाने से घंटों जाम लगा रहा। वहीं मंगलवार सुबह यहां दो टूरिस्ट वाहन फंसने से हाईवे के दोनों ओर छह किमी लंबा जाम लग गया, जिसमें 600 से अधिक वाहन फंस गए। जाम की वजह से अखबार, दूध, सब्जियों जैसी आवश्यक सामग्री के वाहन कर्णप्रयाग नहीं पहुंच सके।

# गाजियाबाद के अरविंद बने सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 9वीं वाहिनी पीएसी में कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता का समापन

**अमृत विचार:** 9वीं वाहिनी पीएसी में चल रही प्रथम अंतर वाहिनी कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता में खिलाड़ी जीत के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। कबड्डी में 9वीं वाहिनी पीएसी ने 24वीं वाहिनी को 38-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जबकि 41वीं वाहिनी गाजियाबाद के अरविंद सिंह 13 अंक प्राप्त करके सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट बने हैं। बुधवार को प्रतियोगिता का समापन होगा।

9वीं वाहिनी पीएसी परिवार में पश्चिम जोन की टीमों की प्रतियोगिता हो रही है। मंगलवार को कबड्डी स्पर्धा में पहले मैच में छठीं वाहिनी पीएसी मेरठ ने 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ को 11-06 से हराया। दूसरे मैच में 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद ने 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को 47-25 से शिकस्त दी। तीसरे मैच में 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को 38-15 से हराया। चौथे मैच में 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ ने 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद को 41-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया है। जबकि खोखो में दिन के पहला मैच में 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा ने 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को, आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली ने 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद को, 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ ने 43वीं वाहिनी पीएसी एटा को हराकर 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं जिम्नास्टिक स्पर्धा में 8वीं वाहिनी बरेली ने पहला, 41वीं वाहिनी गाजियाबाद ने दूसरा और 9वीं वाहिनी मुरादाबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया। 41वीं वाहिनी गाजियाबाद के अरविंद सिंह 13 अंक पाकर सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट बने।

## राष्ट्र विरोधी नारेबाजी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार:** ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस में सिर तन से जुदा जैसी नारेबाजी करने का वीडियो वायरल होने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कोतवाली में मामला दर्ज करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बजरंग दल के संयोजक छविराज चावला के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में कुछ युवक देश विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश विरोधी नारेबाजी करने वालों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। शिकायत करने वालों में छविराज चावला, सतीश, ओमबीर, रामचरण, प्रिंस, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, राम यादव, मुनेंद्र कुमार, सुभाष, रामचंद्र, राहुल सिंह, जयदेव मौर्य, ऋषभ, हरगोविंद सिंह, मुकुल, गोविंद सैनी आदि शामिल हैं।

# एसडीएम से अमीन तक पहनेंगे सफेद शर्ट और नीला ब्लेजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने जारी किया आदेश, जेब पर लगाना पड़ेगा राजस्व विभाग का लोगो

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग में उप जिलाधिकारी से लेकर संग्रह अमीनों तक के लिए ड्रेस लागू कर दिया गया है। राजस्व परिषद अध्यक्ष की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राजस्व विभाग में ये सभी अधिकारी और कर्मचारी अब सफेद शर्ट और नीला ब्लेजर पहनेंगे। शर्ट और ब्लेजर दोनों की पॉकेट पर राजस्व विभाग का लोगो भी लगा होगा। सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को इस आदेश का शत-प्रतिशत तौर पर पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

लखनऊ में 12 अगस्त को हुई राजस्व परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया था जिसे लागू कराने के लिए अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त जेबी यादव ने सभी जिलों को बैठक के मिनट्स भेजे हैं। राजस्व परिषद अध्यक्ष की ओर से जिलाधिकारी और मंडलायुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित कराएं। प्रमुख बात यह है कि राजस्व विभाग में अमीन, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक जैसे कर्मचारियों के साथ एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लिए एक ही ड्रेस कोड लागू किया गया है।

बताया जा रहा है कि राजस्व परिषद की ओर से ड्रेस लागू करने की तैयारी लंबे समय से चल रही थी लेकिन अब इसे लागू किया जा रहा है। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 12 अगस्त को सभी जिलाधिकारी और मंडलायुक्तों के साथ बैठक की थी। इसके 28 दिन बाद बैठक में लिए गए निर्णय लागू करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि बरेली में अभी न किसी अधिकारी ने ड्रेस कोड का पालन शुरू किया है न ही किसी कर्मचारी ने।

### थानों का निरीक्षण करेंगे मजिस्ट्रेट

राजस्व परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों के मुताबिक सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है कि एक रोस्टर बनाकर जिलों के मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में आने वाले पुलिस थानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी इस निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक के जरिए थानों की व्यवस्था में सुधार कराएं।

### प्रदर्शनी में मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर का प्रदर्शन

# शून्य से शिखर की यात्रा मोदी के जीवन का सार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम लखनऊ के पटेल पार्क, जीपीओ में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। योगी ने कहा कि शून्य से शिखर की यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का सार है। संघर्षों से आगे बढ़कर उन्होंने अपना मार्ग बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संघर्षमय जीवन की गाथा को चित्रों के माध्यम से देखने और अवलोकन करने का अवसर हम सबको प्राप्त हो रहा है। इससे पहले, सीएम योगी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक और प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद संजय सेठ, विधायक योगेश शुक्ला, विधान परिषद के सदस्य मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, संतोष सिंह एवं कार्यक्रम के संयोजक संजय राय और भाजपा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



मंगलवार को लखनऊ के पटेल पार्क जीपीओ में .प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

### प्राकृतिक आपदा बाधक नहीं बन सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। प्रात:कालीन सत्र में वाराणसी में अनेक कार्यक्रमों में भाग लेन का अवसर प्राप्त हुआ। वहां रात्रिकालीन से ही मूसलाधार बारिश जारी है, लेकिन कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। कोई भी प्राकृतिक आपदा हमारे मार्ग में बाधक नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को अंत्योदय एकात्म मानव दर्शन के जनक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती है और 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले कार्यक्रम के साथ अनेक रचनात्मक अभियानों में जुड़ना होगा।

## केजरीवाल का इस्तीफा देना चुनावी चाल:मायावती

**लखनऊ, अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चुनावी चाल है। उन्होंने एक्स के जरिये कहा कि यह पैंतरेबाजी है, पर उनके लंबे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं, उसका हिसाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि सत्ता व विपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई शत्रुता स्तर तक कटु न हो तो बेहतर रहेगा, ताकि देश व जनहित प्रभावित न हो।



## सार-संक्षेप

### तीन आईपीएस, दो पीपीएस का स्थानांतरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने मंगलवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। 2021 बैच की आईपीएस अंशिका वर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली बनाया गया है। 2020 के आईपीएस मानुष पारिक को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली को पुलिस अधीक्षक नगर बरेली बनाया गया है। 2021 बैच के कुंवर आकाश सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से स्थानांतरित कर प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद बनाया गया है। उधर, पीपीएस अधिकारियों में एएसपी सुल्तानपुर को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ मुख्यालय बनाया गया है जबकि अखंड प्रताप सिंह को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ से एएसपी सुल्तानपुर बनाया गया है।

### दुष्कर्म के प्रयास में छह साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए छह साल के कारावास व 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय, सतीश चंद्र देवरस व अधिवक्ता हरिओम दुबे ने बताया कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता आठ दिसंबर 2015 को रात गांव में ही एक लड़की की शादी में शामिल होने के बाद अकेले अपने घर जा रही थी। एक व्यक्ति ने पीछे से उसे पकड़ लिया और उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने युवक की अंगुली में दांत काट लिया। गांव के कुछ लोग आ गए तो वह भाग गया। आरोपी की पहचान गांव निवासी फुरकान के रूप में होने पर उसके खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास तथा धमकी देने की धारा में रिपोर्ट लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए उसे सजा दी।

### घर में घुसकर बंदर ने बालक को नोचकर किया घायल

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** बंदर के गिरोह ने घर में घुसकर एक बालक पर हमला कर दिया। बंदर के हमले में बालक घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज करवाया गया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरिया के कबडियन पुरवा गांव में बंदरों ने उत्पात मचा रखा है। मंगलवार को बंदरों के गिरोह ने सलमान (9) पुत्र गुलाम रसूल के उपर उस समय हमला कर दिया। जब बालक घर में अकेला था, कई बंदर मिल कर उसको काटने लगे। उसने जब शोर मचाना शुरू किया। घर के बाहर परिवार के लोग व ग्रामीण जब दौड़ तब बंदर वहां से भागे। पीड़ित बालक के पिता गुलाम रसूल ने बताया कि गांव के बाहर बाग में लगभग दो ढाई सौ बंदरों का गिरोह रहता है और गांव में आकर काफी उत्पात मचाते घर में घुसकर घर में रखा अनाज आदि सामान को बिखेर देते हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों को पकड़ कर उनको कहीं दूर छोड़ जाए।

### अप्रैल व जून से नहीं मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में संविदा और आउटसोर्स पर तैनात मनरेगा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। किसी का अप्रैल तो किसी का जून से बकाया है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। करीब 42 हजार कर्मचारी प्रभावित हैं। मनरेगा के जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत करीब 42 हजार कर्मचारी तैनात है। इनमें किसी को अप्रैल तो किसी को जून से वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारी परेशान हैं। कोई बच्चों का तो कोई पत्नी का नियमित उपचार नहीं करा पा रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है। इन हालात में ज्यादातर कर्मचारी कर्जदार हो गए हैं। उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ, बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में समय से वेतन न मिलने से 20 से 24 माह तक का बकाया है।

# मेरठ में कालीन कारोबारी के 4 ठिकानों पर छापा

### प्रवर्तन निदेशालय की चार अलग-अलग टीमों ने एक ही समय में की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मेरठ के चर्चित कालीन कारोबारी एवं निर्यातक के आवास सहित चार ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को छापा मारा। टीम ने कारोबारी के घर, परतापुर में स्थित कालीन फैक्ट्री, रेलवे रोड बर्फ खाने में स्थित बर्फ की फैक्ट्री और शीतगृह पर एकसाथ छापेमारी की है। छापेमारी चार टीमों ने एक ही समय में अलग-अलग की। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि फैक्ट्री संचालक के साकेत स्थित घर और अन्य स्थानों पर ईडी ने छापा डाला है।

मेरठ के उद्यमी जितेंद्र गुप्ता का शारदा एक्सपोर्ट्स के नाम से कालीन का बड़ा कारोबार है। जितेंद्र गुप्ता की कई देशों में शारदा एक्सपोर्ट्स कालीन के नाम से सप्लाई होती है। देश-विदेश में कालीन की क्वॉलिटी को लेकर अच्छा नाम है। कारोबारी के दो बेटे हैं और दोनों अधिकांश विदेश में ही रहते हैं। ईडी की टीम सबसे पहले कंपनी के मालिक जितेंद्र गुप्ता के साकेत स्थित घर पर पहुंची। दूसरी टीम परतापुर रिठानी में उनकी कालीन फैक्ट्री में पहुंची। तीसरी टीम रेलवे रोड बर्फखाने पहुंची, चौथी टीम आइस फैक्ट्री और कोल्ड स्टोर में रेड डालने पहुंची है। सभी टीमों ने एकसाथ एक ही समय पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला। किन आरोपों में छापेमारी हुई, इसका खुलासा ईडी अधिकारियों ने नहीं किया है।



कारोबारी के घर पर पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम।

● **उद्यमी जितेंद्र गुप्ता का शारदा एक्सपोर्ट्स के नाम से है कालीन का बड़ा कारोबार**

### प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में नौ रत्नों में शामिल थे

बतादें कि कारोबारी जितेंद्र गुप्ता स्वच्छ भारत अभियान समिति के सदस्य हैं। जितेंद्र गुप्ता 2014 में प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में 9 रत्नों में शामिल रहे थे। प्रधानमंत्री ने जितेंद्र गुप्ता से अपने निजी आवास पर स्वच्छता प्रहरी के रूप में मुलाकात की थी। कारोबारी ने मेरठ में ग्रामीण क्षेत्रों में करीब करोड़ों रुपये खर्च करके चार हजार से ज्यादा शौचालय बनवाने में मदद की थी, साथ ही 20 से अधिक आरओ प्लांट गांवों में लगवा चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जितेंद्र गुप्ता की सेवा कार्यों के उत्कृष्ट कार्यों के तहत इन्हें दो अक्टूबर 2019 में स्वच्छता ही सेवा सम्मान के लिए लखनऊ में सम्मानित किया जा चुका है।

## सहायक स्टोर कीपर परीक्षा में पूछे जाएंगे 100 सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **यूपीएसएसएससी ने जारी किया लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम**

**अमृत विचार।** यूपीएसएसएससी ने सहायक स्टोर कीपर और सहायक ग्रेड-तीन के पदों के लिए लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम जारी किया है। कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और 2 घंटे की परीक्षा होगी। परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन भी होगा।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की ओर से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में सहायक स्टोर कीपर के 199 पदों पर और उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के सहायक ग्रेड-तीन के एक पद के लिए होने वाली लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक विधान जायसवाल के अनुसार परीक्षा दो घंटे की होगी और इसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन किया जाएगा। एक गलत सवाल होने पर एक चौथाई अंक काट लिया जाएगा। परीक्षा में पहले भाग में हिंदी परिज्ञान व लेखन योग्यता के 20 सवाल पूछे जाएंगे। दूसरे भाग में सामान्य बुद्धि परीक्षा के 20 प्रश्न होंगे, तीसरे भाग में सामान्य जानकारी के 20 सवाल, भाग चार में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान के 20 प्रश्न और पांचवें भाग में 20 सवाल उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी के होंगे। पाठ्यक्रम व उससे संबंधित जानकारी वेबसाइट https://upsssc.gov.in पर उपलब्ध है।

## बिना कारण दूसरा अनंतिम कुर्की आदेश जारी करना अवैध

विधि संवाददाता,प्रयागराज :

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना नया कारण बताए दूसरा अनंतिम कुर्की आदेश जारी करने के मामले में कहा कि केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 83(1) कार्यवाही लंबित रहने के दौरान सरकारी राजस्व की रक्षा करने के लिए आयुक्त को बैंक अकाउंट सहित किसी भी संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क करने की अनुमति देती है। यह कुर्की लिखित आदेश के माध्यम से की जानी चाहिए। आदेश की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति के बाद अनंतिम कुर्की स्वचालित रूप से प्रभावी हो जाती है।

कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि कोर्ट के आदेश के 10 दिनों बाद यानी 16 मई 2024 को याची के खाते को दूसरी बार अनंतिम रूप से कुर्क करने के लिए कोई नया कारण बताए बिना नोटिस जारी कर दिया गया। इस नोटिस में इस तथ्य का भी उल्लेख नहीं किया गया कि कुर्की दूसरी बार की जा रही है।

## नाले में गिरकर डूबने से दो भाइयों की मौत

**मिर्जापुर, एजेंसीः** अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम थाना चुनार क्षेत्र के बगही गांव में एक नाले में गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। एएसपी ने बताया कि केशवपुर निवासी बिहारी अपनी पत्नी के साथ खेत में गया हुआ था। वहां से चारा लेने के बाद बिहारी अपने दो पुत्र सिद्धार्थ (8) व श्याम (6) के साथ वापस गांव आ गया। बिहारी खेत में जाने पर दोनों बच्चे अपने पिता के पीछे-पीछे जाते समय नाले में गिर गए।

## अयोध्या, काशी और मथुरा में शुरू होगा वाटर स्पोर्टस : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोवा और केरल की तर्ज पर उप्र. में भी जल भ्रमण की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिए उप्र. राज्य पर्यटन निगम ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) को पत्र लिखकर तैयारी शुरू कर दी है। जलमार्ग प्राधिकरण छह कैटामारन बोट उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या, काशी, मथुरा में दो-दो बोट का संचालित होंगी। अब तक अयोध्या और काशी में एक जैसे कैटामारन बोट की आपूर्ति की जा चुकी है। इस बोट में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में रूरल, एग्री तथा वाटर स्पोर्टस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# अखिलेश यादव तो अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं: भूपेन्द्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि हर चीज में जाति देखने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं। ये लोग जातिवादी मुद्दों को हवा देते हैं। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, विपक्ष के विभेदकारी और संविधान विरोधी नैरेटिव को देश की जनता ने नकार दिया है। इमरजेंसी लगाकर संविधान को सूली पर टांगने वाली कांग्रेस और इंडी गठबंधन का झूठ जनता जान चुकी है, उसे मोदी और उनके कामों पर भरोसा है।

भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर पत्रकारों से उपलब्धियां साझा कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस उत्तर प्रदेश के लोगों को धर्म, जाति व भाषा के आधार पर बांटकर राजनीति करना चाहती हैं। प्रदेश की जनता इन दलों के झांसे में नहीं आने वाली है।

भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, भाजपा की सरकार निष्पक्ष रहते हुए बिना किसी भेदभाव के अपना काम कर रही है। भाजपा ने अपराधमुक्त सरकार का वादा किया था। अब भाजपा जब अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो अखिलेश यादव को तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन पूरा भारत मना रहा है। मोदी देश के इतिहास में पहले ऐसे ग़ैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें जनता ने लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सौंपी है। देशवासियों को मोदी की नीतियों और कार्यों पर विश्वास है।



● **केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता**

### 100 दिन में 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू की है, टैक्स राहत दी और किसानों के खाते में तीन लाख करोड़ रुपये पहुंचाने का काम किया है। आज देश की आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। हमारी इकोनामी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

## वर्ग पहेली-195

**बाएं से दाएं**

3. 1. अभियोग लगाना, मुकदमा चलाना 2. भली प्रकार जोड़ने या लगाने की क्रिया।

5. 1. बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहा हुआ 2. अविश्वसनीय।

6. 1. जवान, नौजवान 2. वह अवस्था जब आदमी की आयु अठारह वर्ष से तीस वर्ष के बीच होती है 3. तरुण।

7. 1. एक प्रकार की आतिशबाज़ी 2. नदी या जलाशय के पास की वह छोटी इमारत जिसमें बैठकर चांदनी रात का आनंद लेते हैं 3. चकोतरा नीबू।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. शोभा या सौंदर्य बढ़ाने वाला, शोभायुक्त 2. सजा हुआ; सज्जित 3. विराजमान।

2. 1. राजनीति से संबंधित 2. सियासी 3. प्रशासनिक।

4. 1. मथने की क्रिया या भाव 2. वह मटका जिसमें दही मथा जाता है, मथनिया 3. मथानी, रई।

5. अपमान करने वाला।



### वर्ग पहेली -194 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | 2 टा | ■ | 3 उ | ■ | 4 झीं |
| ■ | ल | ■ | प | ■ | क |
| 5 चु | ■ | 6 ड | ह | 7 क | ना |
| 8 ह | की | क | त | न | ■ |
| ल | ■ | ■ | ■ | 9 क | हीं |
| 10 बा | धि | त | ■ | ना | ■ |
| ज़ी | ■ | ■ | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू -108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 4 | 3 | |
| 5 | | | | | 7 | | 1 | |
| 2 | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 | 5 | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 7 | 5 | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | 3 | | 8 |
| | 6 | | 3 | | | | | 1 |
| | 7 | 1 | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 | 1 | 3 | 4 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 08.04 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 19 सितंबर 04.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 11.00 तक तत्पश्चात उत्तराभाद्रपद।

**मेष** — आज जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन से परेशान होंगे। छोटी-मोटी बातों पर ज्यादा आक्रामक न हों। जमीन से जुड़े मामलों में अड़चन आने की संभावना है। मित्रों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए।

**वृष** — आज पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं। अपना खानपान बेहद संतुलित रखें। सभी काम सही समय पर पूर्ण हो जाएंगे। मनोरंजन के साधनों में रुचि लेंगे। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा।

**मिथुन** — आज विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। पिताजी अथवा गुरुजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। परिवार में थोड़ा काम की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — आज बनते हुए कार्यों में विघ्न आने की आशंका है। बुजुर्गों के व्यवहार से आप आहत हो सकते हैं। अध्यात्मिक चिंतन को आप काफी समय देंगे। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज का दिन अपनों के बीच शांति से बिताएंगे तो बेहतर होगा। प्रशासन से जुड़े लोगों को सावधान रहना चाहिए। अनैतिक कार्यकलापों की तरफ प्रेरित हो सकते हैं। अपने शुभचिंतकों की सलाह को अन्यथा न लें।

**कन्या** — आज दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है। आपकी योजना सफल होगी। घर में कुछ आगंतुकों का आगमन हो सकता है। विवादित मामलों को सुलझा सकते हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आज घर का माहौल अनुशासित रहेगा। नकारात्मक आदतों को छोड़ने का प्रयास करें। आप दूसरों की सहायता करने की पूरी कोशिश करेंगे। अपनी योजनाओं को लोगों के सामने साझा न करें। लोग आपके भोलेपन का लाभ उठा सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कारोबार को लेकर टेंशन हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहें। उधार लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें। अपनी क्षमताओं और योग्यता पर संदेह न करें।

**धनु** — आज कुछ लोग आपका मूड खराब करने का प्रयास करेंगे। धन लाभ के नए मौके मिल सकते हैं। उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। घर में कुछ लोग आ सकते हैं। आपके विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। इसके कारण आप क्रोधित भी हो सकते हैं।

**मकर** — आज उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। आपकी समस्याओं का समाधान आपको मिल सकता है।

**कुंभ** — आज कला जगत से जुड़े लोगों को बड़े मौके मिल सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकालें इसका ध्यान रखें। यदि सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं तो तुरंत उसका इलाज करवाएं। आपको अनावश्यक खर्च करने से बचना चाहिए।

**मीन** — आज साझेदारी वाले व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। फिलहाल वर्तमान कार्यों में ही ध्यान दें। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आप रोमांचक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

### आज की फिल्में

B4U Movies
- 15 अगस्त — सुबह : 10.59
- विक्की डोनर — शाम : 06.12

&pictures
- जिगर वाला नं. 1 — सुबह : 10.41
- यू टर्न — रात : 08.00

Sony Pix
- मॉर्बियस — सुबह : 11.36
- वंडर वुमन 1984 — रात : 08.00

Zee Cinema
- थैंक गॉड — सुबह : 10.53
- द क्रू — रात : 08.00

Colors Cineplex
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 10.00
- रुध्रन — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

पति-पत्नी दोनों कार दुर्घटना में गुजर गए।
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।



## एक नजर

### सरकार ने कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शून्य किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के लिए अप्रत्याशित लाभ कर को मंगलवार को घटाकर शून्य प्रति टन कर दिया। कर की नई दर 18 सितंबर यानी आज से प्रभावी होगी। कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। दो सप्ताह में औसत तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इसे अधिसूचित किया जाता है। इससे पहले, संशोधन 31 अगस्त से प्रभावी हुआ था। उस समय कच्चे पेट्रोलियम पर अप्रत्याशित लाभ कर 1,850 रुपये प्रति टन निर्धारित किया गया था। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। नई दरें 18 सितंबर से प्रभावी होंगी। देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया। इसके साथ भारत उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों को अप्रत्याशित रूप से होने वाले लाभ पर कर लगाते हैं।

# थोक महंगाई अगस्त में चार महीने के निचले स्तर पर

## सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से 1.31% गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आलू-प्याज की मुद्रास्फीति 77.96 व 65.75 प्रतिशत के उच्च स्तर पर



सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से थोक मुद्रास्फीति अगस्त में चार महीने के निचले स्तर 1.31 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, प्याज और आलू की कीमतों में तेजी रही। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई, जबकि मई में यह 3.43% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। जुलाई में 2.04% और अगस्त 2023 में इसमें 0.46% की गिरावट आई थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अगस्त 2024 में खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, कपड़ा तथा मशीनरी और उपकरण के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अगस्त में 3.11% रही, जबकि जुलाई में यह 3.45% थी। सब्जियों की कीमतों में अगस्त में 10.01% की गिरावट रही। आलू-प्याज की मुद्रास्फीति क्रमशः 77.96 और 65.75% के उच्च स्तर पर बनी रही। वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक में नरमी का कारण खाद्य (सब्जी) कीमतों में क्रमिक गिरावट है।

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि हालांकि खरीफ की बुवाई अब तक अच्छी रही है, लेकिन चालू महीने में अतिरिक्त वर्षा से कटाई में देरी हो सकती है। इससे पैदावार प्रभावित हो सकती है, हालांकि अखिल भारतीय स्तर पर जलाशयों में पर्याप्त भंडारण होने से रबी की बुवाई में तेजी की संभावना है। बार्कलेज ने कहा कि ऊर्जा और धातु की कीमतों में गिरावट से विनिर्माण लागत में कमी आने से मुख्य उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ने का जोखिम कम हो गया है।

# आईपीओ : बाजार में हिस्सेदारी का मौका...

आईपीओ (इनिशियल पब्लिक आफरिंग) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से निजी कंपनी अपने शेयरों को पहली बार सार्वजनिक रूप से जारी करती है। यह कंपनी को पूंजी जुटाने का अवसर प्रदान करता है और निवेशकों को सार्वजनिक बाजार में हिस्सेदारी प्राप्त करने का मौका देता है। आईपीओ से पहले निवेशकों को कंपनी की वित्तीय स्थिति, मूल्यांकन, और प्रबंधन टीम की जांच करनी चाहिए। हालांकि आईपीओ में निवेश के संभावित लाभ हैं, लेकिन इसमें वित्तीय और मार्केट जोखिम भी शामिल हैं। उचित शोध और वित्तीय सलाह के साथ निवेश करना महत्वपूर्ण है। इसके कुछ मुख्य बिंदुओं पर विचार करते हैं.....

**प्रस्तावित मूल्यांकन :** आईपीओ के लिए निर्धारित शेयर मूल्य का मूल्यांकन करें और यह जानने की कोशिश करें कि क्या यह उचित है। अन्य कंपनियों की तुलना और पिछले आईपीओ के मूल्यांकन का भी ध्यान रखें।

**कंपनी की योजना:** कंपनी की भविष्य की योजना, उनके बाजार में संभावनाएं और प्रतियोगिता की स्थिति को समझें।

**प्रबंधन टीम:** कंपनी के प्रबंधन टीम के अनुभव और उनके द्वारा किए गए पिछले सफल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करें।

**प्रस्तावित शेयरों की संख्या:** आईपीओ में जारी किए जा रहे शेयरों की संख्या और उनके वितरण की योजना पर ध्यान दें।

**निवेशकों का रुझान:** आईपीओ में कितने निवेशक रुचि दिखा रहे हैं, और क्या संस्थागत निवेशकों ने भी इसमें भाग लिया है।

### निवेशकों को लाभ

**उच्च लाभ की संभावना:** अगर कंपनी की शेयरों की कीमत बढ़ती है, तो निवेशकों को अच्छा लाभ मिल सकता है।

**विविधीकरण:** आईपीओ के माध्यम से निवेशक अपनी निवेश पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं।

**अधिक अवसर:** नई कंपनियों में निवेश करने से पहले से मौजूदा कंपनियों के मुकाबले नए और अनूठे अवसर मिल सकते हैं।




### निवेश के जोखिम

**वित्तीय:** नई कंपनियों के पास स्थिरता और मुनाफे की गारंटी नहीं होती है, इसलिए निवेशकों को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**मार्केट:** स्टॉक की कीमतें बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बदल सकती हैं, जो कि अस्थिर हो सकती हैं।

**विवाद और कानून:** आईपीओ के दौरान कुछ कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं जो कंपनी की शेयर की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

**सार्वजनिक निरीक्षण:** कंपनी को सार्वजनिक रूप से अधिक कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ता है, जिससे कोई भी अनियमितता या विफलता की संभावना बढ़ जाती है।

### मार्गदर्शन

शोध और विश्लेषण : निवेश करने से पहले पूरी जानकारी और शोध करें। यह आपको आईपीओ के बारे में एक बेहतर समझ प्रदान करेगा।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव


**चन्दौसी :** शिवालिक- 980 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 880
**रामपुर :** शिवालिक-970 फ्लैग- 1090 डीएमओ-840 बोल्ड-1160

## देश का निर्यात 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात अगस्त महीने में 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 38.28 अरब डॉलर था। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में आयात 3.3% बढ़कर 64.36 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 62.3 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा बढ़कर 29.65 अरब डॉलर हो गया। वस्तु निर्यात में जुलाई में 1.5 % की गिरावट थी। निर्यात 1.14% बढ़कर 178.68 अरब डॉलर, आयात 7% बढ़कर 295.32 अरब डॉलर रहा।

# केंद्र ने किसानों के लिए कई नीतियां कीं लागू : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि नीतियों से उत्पादन और निर्यात को मिलेगा बढ़ावा
- 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां हुईं है लागू
- सरकार ने ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में बनी सरकार ने पहले 100 दिन में अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां लागू की हैं।

उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्टार्टअप एवं ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देने के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन एवं आजीविका को बेहतर करने के लिए सात योजनाओं के तहत 14,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित करने सहित कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया।

शाह ने कहा कि हमने पीएम-किसान के तहत 70वीं किस्त वितरित की है। अब तक 12.33 करोड़ किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। पीएम-किसान योजना के तहत 6,000 रुपये सालाना दिया जाता है जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे डाला जाता है। मंत्री ने कहा कि कृषि नीतियों को कृषक समुदाय के कल्याण और समृद्धि को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे देश के खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की स्थिति में सुधार होगा। शाह ने कहा कि संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) शासन की तुलना में मोदी सरकार ने एमएसपी पर अधिक फसलें खरीदी हैं। इससे पता चलता है कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार किसानों को लेकर प्रतिबद्ध है। एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चीनी मिलों को मल्टी-फीड डिस्टिलरी में परिवर्तित किया जा रहा है।

# देश में जिंक की मांग 2030 तक बढ़ने की संभावना

उदयपुर, एजेंसी

- पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में 7 गुना वृद्धि की उम्मीद

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने मंगलवार को कहा कि हरित ऊर्जा और बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों के चलते भारत में जिंक की मांग में 2030 तक वृद्धि की संभावना है। आईजेडए का मानना है कि पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में सात गुना वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत का रिकॉर्ड इस्पात उत्पादन और तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास जिंक के लिए महत्वपूर्ण अवसर पेश करता है। आईजेडए ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जिंक को शामिल करने से वार्षिक क्षरण लागत में कमी आ सकती है। ये लागत जीडीपी का 5% है। आईजेडए नेजिंक कॉलेज 2024 का आयोजन किया, जिसमें 31 कंपनियां और 21 देश शामिल हुए। आईजेडए के चेयरमैन अरुण मिश्रा ने कहा कि शहरीकरण और टिकाऊ बुनियादी ढांचे की आवश्यकता से भारत में जिंक की मांग तेजी से बढ़ने वाली है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुकमा में हुए सामूहिक हत्याकांड में 17 गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में अंधविश्वास के कारण हेड-कॉन्स्टेबल समेत उसके परिवार के पांच लोगों की सामूहिक हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम जादू-टोने के शक में गांव वालों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पांच लोगों की हत्या कर दी थी। घटना कोंटा के मुरलीगुड़ा कैंप के पास इटकल गांव की है।

### बुजुर्ग पर घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ का आरोप

**मुंबई।** मुंबई के मालबार हिल इलाके में रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग पर उनके घर में काम करने वाली 20 वर्षीय घरेलू सहायिका ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत दर्ज करने वाले अधिकारी ने बताया कि आरोपी सेवानिवृत्त व्यवसायी को उसकी वृद्धावस्था के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन नोटिस दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग दंपती और उनकी बेटी एक साथ रहते हैं। पीड़िता ने नौ सितंबर से वहां काम शुरू किया था। सहायिका के अनुसार बुजुर्ग की पत्नी 11 सितंबर की सुबह नौ बजे स्नान करने गयी थी और उनकी बेटी काम पर गई थी, तभी उन्होंने उससे छेड़छाड़ की।

### दर्शन व अन्य की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप, उसकी दोस्त पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को समाप्त होने के बाद उन्हें राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

# मेरे गणेश पूजा करने से भड़की है कांग्रेस

## सीजेआई के आवास पर हुए अनुष्ठान में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना का मोदी ने दिया जवाब

- भुवनेश्वर की रैली में देश के कई हिस्सों में श्रीगणेश पूजा का उल्लेख करते हुए बोले प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनके गणेश पूजन में भाग लेने के बाद कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम उन पर भड़का हैं तथा अंग्रेजों की तरह समाज को बांटने और तोड़ने में लगे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी है। भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना के संदर्भ में की।

गणेश विसर्जन का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अहम दिन देश को उन चुनौतियों पर भी ध्यान देना है, जो देश को पीछे धकेलना में जुटी हैं। आज, जब हम गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं तो मैं एक विषय इसी से जुड़ा उठा रहा हूं। गणेश उत्सव ने देश की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे तब जातियों के नाम पर लड़वाना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के आयोजनों के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा में भाग लिया था। इसका वीडियो जारी होने के बाद विपक्ष के कई नेताओं और सुप्रीम कोर्ट के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इस विवाद पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा था कि सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों को किसी निजी आयोजन का प्रचार नहीं करना चाहिए।

### 3,800 करोड़ की परियोजनाओं का हुआ अनावरण

प्रधानमंत्री ने ओडिशा सरकार की महिला केंद्रित योजना सुभद्रा की शुरुआत की और राज्य में 3,800 करोड़ से अधिक की रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने राज्य में 2,871 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने जनता मैदान में कार्यक्रम में 1,000 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी अनावरण किया। सुभद्रा योजना के तहत 21 से 60 आयुवर्ग की पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 50,000 की राशि दी जाएगी। लाभार्थियों को प्रति वर्ष 10,000 रुपये दो समान किश्तों में भेजी जाएगी। 76 लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। सुभद्रा योजना के तहत 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1,250 करोड़ राशि हस्तांतरित हुई है।

## ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगने संबंधी याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मद्देनजर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे मांगे जाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका दायर करने वाले वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय के पास ऐसा आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। आप बार के सदस्य हैं। हम जो कहते हैं, उसके लिए हमें आपकी पुष्टि की आवश्यकता नहीं है। आप जो कहते हैं, वह कानूनी अनुशासन के नियमों के अनुसार होना चाहिए।

# आतंकी के लिए लड़ने वाले परिवार की महिला का सीएम बनाना दुखद

नई दिल्ली, एजेंसी



- आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर किया कटाक्ष

आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री चुने जाने पर कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को फांसी से बचाने की लड़ाई लड़ी। मालीवाल ने एक्स पर यह प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके माता पिता ने अफ़ज़ल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को दया याचिकाएं लिखीं। उनके हिसाब से अफ़ज़ल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साज़िश के तहत फंसाया गया था। उन्होंने कहा कि वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ डमी मुख्यमंत्री है, फिर भी यह मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे!

### मालीवाल राज्यसभा से इस्तीफा दे : आप

आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि स्वाति मालीवाल में जरा भी शर्म है तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना चाहिए। स्वाति मालीवाल ऐसी इंसान हैं, जो राज्यसभा जाने के लिए आप से टिकट लेती हैं, लेकिन बोलने के लिए स्क्रिप्ट भाजपा से लेती हैं। उन्हें राज्यसभा में रहने का शौक है, तो उन्हें भाजपा से टिकट लेना चाहिए।

## राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कत्याल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने राहत देते हुए कहा कि जमानत दी जाती है।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

कत्याल को ईडी ने 11 नवंबर, 2023 को विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कत्याल ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक लोगों से जमीन खरीदी और यह खरीद राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की ओर से की गई। ईडी ने दावा किया है कि कत्याल एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के निदेशक थे, जिसने लालू प्रसाद की ओर से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से जमीन खरीदी थी। इस मामले में राजद प्रमुख के परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी आरोपी हैं।

## जम्मू में आतंकवादी हमले बढ़ने के लिए भाजपा जिम्मेदार : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए भाजपा जिम्मेदार है। उमर ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू के गुलाबगढ़ में कहा था कि जम्मू संभाग में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए नेकां और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उमर ने कहा कि गृह मंत्री बताएं कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस और नेकां की सरकार 10 वर्षों से यहां नहीं है।

# प्रशासन को गहरी नींद से जागने की जरूरत : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग में मौत का मामला**

- 13 सितंबर के आदेश में प्रशासन की लापरवाही पर जताया अफसोस

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रशासन को गहरी नींद से जागने और शहर के कोचिंग संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही, कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर की इमारत के भूमिगत तल (बेसमेंट) के चार सह-मालिकों को 30 नवंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। उसी इमारत में कोचिंग संस्थान था, जहां जुलाई में तीन अभ्यर्थी डूब गए थे।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर 13 सितंबर को पारित आदेश में प्रशासन केलापरवाह रवैये पर अफसोस जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं और निर्दोष लोग उन शरारती तत्वों के कारण जान गंवा देते हैं, जो केवल पैसा कमाना चाहते हैं। अदालत की वेबसाइट पर जारी आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि देशभर से बच्चे शिक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग संस्थान मालिकों को ऐसे मासूम बच्चों की कोई परवाह नहीं है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उपराज्यपाल से आग्रह किया कि वे समिति गठित करें, अच्छा हो कि यह समिति हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के अधीन हो, जो कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करे तथा सुझाव दे कि वे असुरक्षित भवनों या परिस्थितियों में संचालित ना हों। कोर्ट ने कहा कि हालिया घटना जिसमें तीन छात्रों की जान चली गई, दुर्भाग्यपूर्ण है और खतरे की घंटी है। अदालत ने पहले भी अनधिकृत कोचिंग संस्थान चलाने के मुद्दे को उठाया है, लेकिन दुर्भाग्य से नगर निकाय के अधिकारी कोई कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। ऐसे छात्रों के माता-पिता मेहनत की कमाई खर्च करके बच्चों को कोचिंग संस्थान में भेजते हैं, इस उम्मीद के साथ कि उनके बच्चे कुछ बनेंगे।

## जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत : मुर्मू

- तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि जल जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की ज़रूरत है। मुर्मू ने मंगलवार को भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के नए तथा परंपरागत तरीकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को प्रभावी बनाने, विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ाने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं।

# क्या वित्त मंत्री को बुच से जुड़े तथ्यों की जानकारी थी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री से किए सवाल

सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के मामले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रतिक्रिया के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने कहा कि बुच और उनके पति के वित्तीय लेन-देन के जो तथ्य सामने आए हैं, अब तक उनका किसी ने खंडन नहीं किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री को इन तथ्यों की जानकारी थी?

वित्त मंत्री ने सोमवार को कहा था कि सेबी प्रमुख और उनके पति अपना बचाव कर रहे हैं और ऐसे तथ्य सामने रख रहे हैं जो कांग्रेस के आरोपों के विपरीत हैं। माधवी और धवल ने कहा था कि ये आरोप झूठे और साख बिगाड़ने की कोशिश हैं। रमेश ने एक्स पर लिखा कि सेबी प्रमुख के व्यक्तिगत वित्तीय लाभ के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने आखिरकार केंद्र सरकार की चुप्पी तोड़ी है।

## समन पर केजरीवाल की याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की उन दो याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिनमें आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की ओर से दायर शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती दी गई थी। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने केजरीवाल की पुनरीक्षण याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं।

# शीर्ष कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा- क्या खंडपीठ में याचिका दायर हो सकती है

नई दिल्ली, एजेंसी

**मथुरा शाही ईदगाह**

- हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंदू पक्ष को नोटिस देने से पहले सुनवाई चार नवंबर तक टली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुस्लिम पक्ष से कहा कि क्या एकल-जज के उस आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर हो सकती है, जिसके तहत मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ शुरू में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हिंदू पक्षकारों को नोटिस देने की इच्छुक थी। बाद में उसने मामले को चार नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया। हिंदू पक्ष के वकील माधवी दीवान और विष्णु शंकर जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले आदेश पर रोक और सर्वेक्षण के लिए कमिश्नर नियुक्त किया था और अब इसे खाली कर दिया जाना चाहिए।

# विधायिका ने निर्भया कांड से सबक नहीं सीखा

इंदौर, एजेंसी

- चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले पर सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में टिप्पणी की कि ऐसी घटनाओं में शामिल नाबालिगों से नरम बर्ताव किया जा रहा है और विधायिका ने 2012 के निर्भया कांड से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश सुबोध अभ्यंकर ने मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा के खिलाफ दायर याचिका रद करते हुए तीखे लहजे में यह बात कही। दोषी के पिता ने यह याचिका दायर की।

दोषी ठहराया गया यह व्यक्ति 2017 में हुई घटना के समय 17 साल का था और सजा सुनाने के छह महीने बाद सात अन्य लड़कों के साथ एक बाल सुधार गृह से 2019 में भाग गया था। पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत यह देखकर व्यथित है कि देश में किशोरों के साथ काफी नरम व्यवहार किया जा रहा है और विधायिका ने निर्भया कांड की भयावहता से कोई सबक नहीं लिया है। यह पीड़ितों के लिए दुर्भाग्य की बात है। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में उपलब्ध सबूतों के मद्देनजर यह पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है कि दोषी का आचरण नाबालिग अवस्था में कितना राक्षसी था। वह सुधार गृह से भाग चुका है और अब तक उसका कोई पता नहीं है। शायद वह गली के किसी अंधेरे कोने में एक और शिकार करने के लिए छिपा हुआ है और उसे रोकने वाला कोई नहीं है।

## खेल डायरी

### स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना अल नासर ने मैच ड्रॉ कराया

**बगदाद।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने



एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में इराक के अल शॉर्टा के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। अल नासर ने मैच में अच्छी शुरुआत की। सुल्तान अल घन्नम ने 14वें मिनट में गोल करके अल नासर को बढ़त दिला दी थी लेकिन इसके 10 मिनट बाद मोहम्मद दाऊद ने इराक के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया।


### पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस द. कोरिया में पहले दौर में हारी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को मंगलवार को डब्ल्यूटीए कोरिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हमवतन अमेरिकी हेली बैपटिस्टे के खिलाफ 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले दौर के अन्य मुकाबलों में अमांडा एनिसिमोवा ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय यूलिया पुतिंतसेवा को 6-3, 7-6 से हराया जबकि पोलिना कुदरमेतोवा ने प्रिसिला होन को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी।



### टॉम सेरमनी ऑस्ट्रेलिया की फुटबाल महिला टीम के अंतरिम कोच नियुक्त

**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच टॉम सेरमनी को अंतरिम कोच नियुक्त किया हैं। एफए ने



मंगलवार को बताया कि स्थायी कोच की तलाश जारी है। सेरमनी तीसरी बार मैटिल्डास के मुख्य कोच का पद संभाल रहे हैं। सेरमनी इतिहास में सबसे लंबे समय तक मैटिल्डास कोच रहे हैं, इससे पहले उन्होंने 1994-1997 और 2005-2012 में राष्ट्रीय टीम के कोच रहे थे।

### सीजीएफ से 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को नहीं हटाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) से आग्रह किया कि इस खेल को 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में बरकरार रखा जाए लेकिन साथ ही स्वीकार किया कि संभावित मेजबान स्कॉटलैंड शायद इसके लिए राजी नहीं हो। भारत राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में सबसे सफल देशों में से एक है जिसने 2022 तक इस खेल में 114 पदक जीते हैं। कुश्ती पिछले तीन खेलों में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा रही है। पिछली बार कुश्ती को 2006 में इन खेलों में जगह नहीं मिली थी।

# आईसीसी विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि

दुबई, एजेंसी

- विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व कप में अब पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दी जाएगी। शुरुआत अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से होगी। आईसीसी के बयान के अनुसार महिला टी20 विश्व कप में विजेता बनने वाली टीम को अब 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया को पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। इस तरह से इसमें 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय पुरुष टीम को इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप का विजेता बनने पर 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। आईसीसी ने कहा, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। बयान के अनुसार, यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया।

# बांग्लादेश के लिए अलग रणनीति नहीं: रोहित

चेन्नई, एजेंसी

- पाकिस्तान पर बांग्लादेश की जीत को कप्तान ने नहीं दी तवज्जो
- नवंबर से होगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आयोजन

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान पर हाल ही में मिली शानदार जीत और मेहमान टीम में तेज गेंदबाज नाहिद राणा की मौजूदगी के बावजूद बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला में नई रणनीति बनाने की कोई जरूरत नहीं है। बांग्लादेश ने टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान पाकिस्तान को पहली बार हराया लेकिन रोहित ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी।

रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हर टीम भारत को हराना चाहती है। उन्हें इस पर गर्व होता है। उन्हें मजे करने दीजिए। हमारा काम यह सोचना है कि मैच कैसे जीते जाएं। हम इस बारे में नहीं सोचते कि विरोधी टीम हमारे बारे में क्या सोच रही है।

उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया की लगभग हर शीर्ष टीम के खिलाफ क्रिकेट खेला है। इसलिए पूरी तरह से अलग रणनीति बनाने की जरूरत नहीं है। रोहित तेज गेंदबाज राणा को लेकर भी चिंतित नहीं हैं जो आराम से 150 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन किसी एक खिलाड़ी की जगह उनका ध्यान



पूरी बांग्लादेश टीम पर है। भारतीय कप्तान ने कहा, देखिए टीम में कुछ नए खिलाड़ी होंगे। लेकिन आप बस उनके बारे में सोच सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भी यही योजना होगी, यानी अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा। रोहित ने कहा कि गेंदबाजों, विशेष रूप से तेज गेंदबाजों के कार्यभार का प्रबंधन करना उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी क्योंकि इस सत्र में कुल 10 टेस्ट होने हैं जिसमें नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी शामिल है। रोहित ने कहा, आप चाहते हैं कि आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सभी मैच खेलें लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि बहुत ज्यादा क्रिकेट हो रहा है। यह सिर्फ टेस्ट क्रिकेट नहीं है, टेस्ट श्रृंखला के बीच में टी20 क्रिकेट भी हो रहा है। इसलिए आपको अपने गेंदबाजों का इसके हिसाब से प्रबंधन करना होगा। उन्होंने कहा, हमने कुछ योजनाएं बनाई हैं कि हम इन गेंदबाजों का प्रबंधन कैसे करेंगे।

# चीन को हराकर भारत बना चैंपियन

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: भारतीय डिफेंडर जुगराज के फील्ड गोल ने टीम को दिलाई जीत

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

- मैच के पहले तीन क्वार्टर तक कोई भी टीम नहीं कर सकी थी गोल
- पाकिस्तान ने कोरिया को 5-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम का मंगलवार को जुगराज के गोल से ट्रॉफी पर फिर कब्जा कर लिया। मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर पांचवीं बार भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच के पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई।

टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लिए यह मुकाबला कतई आसान नहीं था। पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। भारतीय टीम के लिये 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया। चीन दूसरी बार ही किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था। इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था, जिसमें उसने कोरिया ने 3-1 से हराया था। इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5-2 से हराकर छह टीमों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3-0 से हराया था, लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा। पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था। राजकुमार पाल ने पहला हमला



जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया। राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके। दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया।

पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे। दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया। दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था। चीन को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिन पर भारतीय गोलकीपर पाठक ने गोल नहीं होने दिया। भारत के गोल के सूत्रधार हरमनप्रीत रहे जो जबर्दस्त स्टिक वर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद सौंपी जिसने गोल करने में कोई चूक नहीं की। हूटर से चार मिनट पहले चीन ने गोलकीपर को हटाकर अतिरिक्त खिलाड़ी को उतारा लेकिन बराबरी नहीं कर सका।

| वर्ष | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 2011 | भारत | पाकिस्तान |
| 2016 | भारत | पाकिस्तान |
| 2018 | भारत | संयुक्त |
| 2023 | भारत | मलेशिया |
| 2024 | भारत | चीन |

### युवा टीम के लिए आसान नहीं था यह टूर्नामेंट : फुल्टोन

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन का मानना है कि उनकी युवा टीम के लिए यह आसान टूर्नामेंट नहीं था। फुल्टोन ने फाइनल के बाद कहा हमारे लिए यह कठिन था, लेकिन आखिर में जीतना अच्छा रहा। हमें काफी मेहनत करनी होगी। हमने सात मैचों में अच्छी हॉकी खेली। आज ज्यादा गोल नहीं कर सके लेकिन नतीजा हमारे पक्ष में रहा। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने उनके और टीम के लिये उतार चढ़ाव भरे रहे। उन्होंने कहा काफी उतार चढाव रहे। पेरिस ओलंपिक और फिर परिवार के साथ सिर्फ आठ दिन बिताने के बाद इस टूर्नामेंट की तैयारी। युवा टीम और कुछ नए खिलाड़ियों के साथ हम यहां आये। खिलाड़ी थके हुए थे लेकिन फिर भी जीते जो अच्छी टीम की निशानी है।

# एफआईएच वार्षिक पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत, श्रीजेश

लुसाने, एजेंसी

- दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया जबकि दिग्गज पीआर श्रीजेश वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान के दावेदार होंगे। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहां टीम ने कांस्य पदक जीता था।

हरमनप्रीत इस पुरस्कार के लिए थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) के साथ दौड़ में शामिल हैं। भारत के लिए अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और बाद में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।

एफआईएच ने वेबसाइट पर सूची जारी करते हुए कहा, नामांकन हासिल



करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है, जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराये गये थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे। राष्ट्रीय संघों (उनकी संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों द्वारा प्रतिनिधित्व), प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया के लिए मतदान प्रक्रिया 11 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

# भारतीय पुरुषों में एरिगैसी की छठी जीत, महिलाओं ने भी मारी बाजी

बुडापेस्ट, एजेंसी

## शतरंज ओलंपियाड

- विश्व के नंबर चार भारतीय ग्रैंडमास्टर की जीत से टीम ने विजय अभियान जारी रखा

विश्व के नंबर चार भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की यहां खेले जा रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में लगातार छठी जीत से भारत की पुरुष टीम ने छठे दौर में भी अपना विजय अभियान जारी रखा। एरिगैसी ने छठे दौर में हंगरी के सजुगिरोव सानन पर शानदार जीत हासिल की। डी गुकेश ने हंगरी के शीर्ष खिलाड़ी रिचर्ड रैपॉर्ट के खिलाफ काले मोहरों से आसान ड्रॉ खेला तो वहीं प्रज्ञानानंद ने भी पीटर लेको के साथ अंक बाटें।

विदित गुजराती के बेंजामिन ग्लेडुरा को हराने के साथ ही भारत ने हंगरी पर 3-1 से जीत दर्ज करते हुए छह दौर के बाद पुरुष वर्ग में एकल बढ़त कायम कर ली। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने एलेना डेनियलियन पर जीत के चलते भारत ने आर्मेनिया के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल की। डी हरिका और आर वैशाली को अपने अपने मुकाबले में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। तानिया सचदेव ने मजबूत स्थिति से सुरक्षित खेलते हुए अन्ना सरगास्यान के साथ चौथे बोर्ड पर मैच ड्रा किया और भारत ने मुकाबला 2.5-1.5 से जीत लिया। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी तालिका में शीर्ष पर है।

# भारतीय टीम की घोषणा


**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम के कोच इशफाक अहमद ने मंगलवार को सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप फुटबॉल के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भूटान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ग्रुप ए में 20 सितंबर को बांग्लादेश और 24 सितंबर को मालद्वीप का सामना करेगी। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 28 जबकि फाइनल 30 सितंबर को खेला जायेगा। भारतीय टीम श्रीनगर में जारी शिविर से थिंपू (भूटान) के लिए बुधवार को रवाना होगी। **भारतीय टीम: गोलकीपर:** अहिबाम सूरज सिंह, नंदन राय, रोहित। **डिफेंडर :** ब्रह्मचरीमयम सुमित शर्मा, चिंगथम रेनिन सिंह, जोड्रिक अब्रांचेस, करीश सोरम, मोहम्मद कैफ, उशम तौंगम्बा सिंह, यिफरेम्बा चिंकाखम। **मिडफील्डर:** अब्दुल सलहा शिरगोजरी, अहोंगशांगबाम सैमसन, बनलमकुपर रिनजाह, के. अजलान खान, लेविस जांगमिनलुन, महमद सामी, मनभाकुपर मलंगियांग, मोहम्मद अरबाश, नगमगौहौ मेट, निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, विशाल यादव। **फॉरवर्ड :** भरत लैरेंजम, हेमनीचुंग लुंकिम।

- सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप फुटबॉल के लिए ग्रुप ए में 20 को बांग्लादेश और 24 को मालद्वीप व सेमीफाइनल 28 जबकि फाइनल 30 को होगा

# पुरुष एकल स्पर्धा में हारे प्रियांशु

चांगझोऊ, एजेंसी

- चाइना ओपन में कनाडा के ब्रायन ने 21-13, 21-16 से हराया



भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत को मंगलवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 32 में कनाडा के ब्रयान यंग से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को कनाडा के ब्रयान यंग ने प्रियांशु राजावत को 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-16 से हराया।

पहले गेम में कनाडाई खिलाड़ी ने पांच अंक हासिल किये वहीं भारतीय शटलर को महज दो अंक अर्जित कर सके। प्रियांशु को पहले गेम में 13-21 से हार मिली। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी राजावत को ब्रायन को कड़ी टक्कर दी। लेकिन कनाडाई शटलर ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए 42 रैली अपने नाम की तो वहीं प्रियांशु महज 29 रैली ही जीत सके। इस दौरान ब्रायन ने दो मैच अंक भी हासिल किए। दूसरा गेम ब्रयान यंग ने 21-16 से अपने नाम करते हुए मुकाबला जीत लिया। बैडमिंटन रैंकिंग में 40वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज अब इस प्रतियोगिता के पुरुष एकल स्पर्धा में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं। पहले राउंड में उनका सामना केंटा निशिमोटो से होगा।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली और रुतपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी महिला युगल स्पर्धा में दावेदारी पेश करेंगी। वहीं एन सिक्की रेड्डी और बी सुमीत रेड्डी की जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा में मुकाबला करेंगे। वहीं महिला एकल स्पर्धा में आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़ और सामिया इमाद फारूकी चुनौती पेश करेंगी।

## बॉलीवुड हलचल

# अपने नाम से फिल्म फेस्टिवल को लेकर खुश हैं करीना कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर उनके नाम से फिल्म फेस्टिवल आयोजित किये जाने को लेकर बेहद खुश हैं। करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की थी। करीना कपूर को



फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब 25 वर्ष हो गये हैं और इस दौरान करीना ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। देशभर में करीना कपूर के नाम से फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन पीवीआर-आईनॉक्स कर रहा है। करीना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। वीडियो में पू से लेकर चमेली और गीत समेत बड़े पर्दे पर निभाई जाने वाली करीना के सभी किरदारों की झलक देखी जा सकती है। वीडियो को शेयर करते हुए करीना कपूर खान ने कैप्शन में लिखा, नसों में खून, स्क्रीन पर जादू..., मेरी जॉब जिसे मैं प्यार करती हूं...मेरे अंदर की आग... अगले 25 साल के लिए शुभकामनाएं। यह पहली बार होगा, जब बॉलीवुड की किसी अभिनेत्री के 25 साल पूरे होने पर उसके नाम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

# जैकलीन ने गायन में किया पदार्पण

**मुंबई।** अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्री एवं पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीज अब अपने पार्श्वगायन से श्रोताओं को मदहोश करती नजर आयेंगी। जैकलीन ने सिंगल स्टॉर्मराइडर के साथ पार्श्वगायन की शुरुआत की है। इस गाने को एलए के सहयोग से बनाया गया है। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर प्रशंसकों को गाने का टीज़र दिखाया और पोस्ट को कैप्शन दिया, जिसमें लिखा था, यह तो बस शुरुआत है #स्टॉर्मराइडर। जैकलीन ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में संगीत की दुनिया में अपनी शुरुआत के पीछे की प्रेरणा को साझा किया, संगीत से भरे घर में पली-



बढ़ी हूं, खासकर मेरे पिता के पार्ट-टाइम डीजे होने के कारण मैं छोटी उम्र से ही ध्वनियों के से घिरी हुई थी। हमारा घर विनाइल रिकॉर्ड, सीडी और विभिन्न शैलियों और संस्कृतियों के संगीत से भरा हुआ था। विविध संगीत प्रभावों के इस संपर्क ने संगीत और प्रदर्शन के लिए मेरे जुनून को जगाया है।

# बिग बॉस सीजन 18 का प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** बहुचर्चित रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 18 का प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद से ही जल्द ही बिग बॉस सीजन 18 आने वाला है। बिग बॉस 18वें सीजन को भी सलमान खान होस्ट करेंगे। बिग बॉस 18 का प्रोमो शेयर कर दिया गया है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया, होगी एंटरटेनमेंट की पूरी विश, जब टाइम का तांडव लेकर आएगा बिग बॉस में एक नया ट्विस्ट। सीजन 18 के लिए आप हैं तैयार? बिग बॉस के प्रोमो में घड़ी और बिग बॉस की आंख देखी जा सकती है। बैकग्राउंड में सलमान खान कह रहे हैं, अब बिग बॉस देखेंगे घरवालों का फ्यूचर। अब होगा टाइम का तांडव। चर्चा है कि यह शो 05 अक्टूबर से ऑन-एयर हो सकता है।

# आईसीसी ने पांच अक्तूबर को होने वाले मैच में किया बदलाव

## महिला टी20 विश्वकप

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पांच अक्तूबर को शारजाह में बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच होने वाले मैच के समय में बदलाव की किया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बांग्लादेश और इंग्लैंड स्थानीय समयानुसार दो बजे दोपहर में शुरू होना था, जबकि ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका स्थानीय समय छह बजे शाम से एकदूसरे के खिलाफ मैच खेलने वाले थे। आईसीसी ने इसमें बदलाव किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका दोपहर में खेलेंगे, जबकि इंग्लैंड शाम को बांग्लादेश से मुकाबला करेगा। उल्लेखनीय है कि महिला टी-20 विश्वकप 2024 तीन अक्तूबर को शारजाह में शुरू होगा, जिसमें बांग्लादेश दोपहर दो बजे स्कॉटलैंड से भिड़ेगा और पाकिस्तान शाम छह बजे श्रीलंका के साथ खेलेगा।

# द. अफ्रीका में खेलो इंडिया खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

खेलो इंडिया खेलों का देश के बाहर पहली बार दक्षिण अफ्रीका में सफल आयोजन हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों में भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका में बसे प्रवासी भारतीयों के संगठन इंडिया क्लब के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सोमवार को बताया कि कबड्डी, खो खो, कैरम, और सातोलिया (लागोरी) जैसे चार पारंपरिक भारतीय खेल इस आयोजन के दूसरे चरण का हिस्सा बनेंगे। इंडिया क्लब ने जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ कार्यक्रमों की सह-मेजबानी की।

गुप्ता ने कहा, हमने खेलो इंडिया आयोजन में सहायता के लिए महावाणिज्यदूत महेश कुमार के अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया। हमारे कार्यकारी सदस्यों ने इससे दक्षिण अफ्रीका के कई भारतीय प्रवासी संगठनों को जोड़ा, जो इस आयोजन का हिस्सा बने। कुमार ने

- स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज में भाग लिया

कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम को भारत सरकार ने 2017 में शुरू किया था। यह भारत में खेलों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, हम इसे राष्ट्रीय सीमा से परे ले जाना चाहते हैं क्योंकि खेल लोगों को उस तरह से एकजुट करता है जैसा कोई और नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका में विदेश में पहले खेलो इंडिया का आयोजन उस विशेष रिश्ते को उजागर करता है जिसे इन दोनों देशों ने हमेशा साझा किया है। प्रवासी भारतीयों के साथ साथ स्थानीय लोगों की इसमें अच्छी भागीदारी रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य देश भी इस पहल का अनुसरण करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



हैदराबाद में मंगलवार को 70 फीट की श्री गणेश की मूर्ति के विसर्जन के दौरान गणपति का आशीर्वाद लेने उमड़े श्रद्धालु। एजेंसी

## बांग्लादेश में शांतिपूर्ण परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और वैध परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में है। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित हडसन इंस्टीट्यूट में एक सवाल के जवाब में कहा मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण, वैध परिवर्तन को समर्थन देने की कोशिश करना है। मुझे लगता है कि इसी में सभी की भलाई है। वर्मा ने कहा उम्मीद है कि सुरक्षा बहाल होगी, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बहाल होगी और साथ ही लोगों को बुनियादी आर्थिक सेवाएं भी मिल जाएंगी। इसका निर्णय बांग्लादेश के लोगों को करना है कि कैसे और कब उन्हें नए चुनाव कराने हैं।

# अब ऐप बताएगा, कौन सा मच्छर खतरनाक

दुनिया में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ रहा है। इनमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जीका वायरस के सबसे ज्यादा मामले हैं। हर मच्छर के काटने के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में किस मच्छर ने काटा है, इसकी पहचान करने में समय लगता है। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इस समस्या का जल्द हल ढूंढने की उम्मीद जगाई है। युगांडा की मैकेरी यूनिवर्सिटी और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में डॉ. सौम्या आचार्य और उनकी बायोइंजीनियर्स की टीम ने एक ऐप डेवलप किया है। इस ऐप का नाम है वेक्टरकैम। इस ऐप की मदद से यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कोई मच्छर किस प्रजाति का है और वह कौन सी बीमारी का वायरस फैला रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने भी इस ऐप की तारीफ की है। अभी इस ऐप का परीक्षण पूर्व-मध्य अफ्रीका में स्थित देश युगांडा में किया जा रहा है।

### वेक्टरकैम ऐप की भूमिका

यूं तो मच्छर देखने में बहुत छोटा जीव है, लेकिन इंसानों के लिए इसे सबसे खतरनाक माना जाता है क्योंकि मच्छर के काटने से 10 से अधिक बीमारियां फैलती हैं। इसमें मलेरिया और डेंगू के मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते हैं। मच्छरों के काटने से दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। वेक्टरकैम ऐप मच्छरों के फोटो को स्कैन करता है। इससे मच्छरों की प्रजातियों की भी पहचान कर सकता है। जैसेकि मच्छर डेंगू, जीका, मलेरिया किस तरह की संक्रामक बीमारी को फैलता है। इससे बचाव व इलाज की प्रक्रिया में काफी तेजी आ सकती है। इसके अलावा इसके अन्य फायदे भी हैं।

### ऐप से आम लोगों को फायदा

अभी यह ऐप सिर्फ डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। इस ऐप की मदद से वे बीमारी फैलाने वाले मच्छर की तत्काल पड़ताल करके तुरंत जरूरी एक्शन ले सकेंगे। लेकिन यह आपके हमारे जैसे आम लोगों के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि एक छोटे गांव, कस्बे के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में बैठे लोग भी अगर सिर्फ ऐप की मदद से तुरंत बीमारी फैला रहे मच्छर की पड़ताल कर लेंगे तो तुरंत उसका उपचार करना और उससे जुड़े एक्शन लेना भी आसान हो जाएगा। यह भी संभव है कि यह ऐप प्ले स्टोर के जरिए आम लोगों के लिए भी उपलब्ध हो जाए।




### मच्छरों के प्रकोप से खुद को इस तरह बचा सकते हैं

- फुल आस्तीन की शर्ट और फुल पैंट पहनें।
- अपने आसपास खूब साफ-सफाई रखें।
- बर्तनों या कंटेनरों में पानी जमा न होने दें।
- घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं।
- जरूरत न हो तो दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें।
- कूड़ेदान को हमेशा ढंककर रखें।

## एक नजर

### शिया मिलिशिया समूह ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी संगठन शिया मिलिशिया समूह ने सोमवार सुबह जॉर्डन घाटी में एक इजरायली ठिकाने पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। समूह ने एक बयान में कहा कि यह हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था और दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया। जॉर्डन नदी के किनारे वाली जॉर्डन घाटी इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ जॉर्डन की पश्चिमी सीमा बनाती है। यह वेस्ट बैंक की एकमात्र सीमा है जो सीधे इजरायल से नहीं मिलती है। इजरायल की सुरक्षा के लिए इसके रणनीतिक महत्व के कारण घाटी में इजरायली सैन्य बलों द्वारा भारी गश्त की जाती है।

### ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी ने कई घंटे किया इंतजार

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के मामले का आरोपी फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर अपनी राइफल और खाद्य सामग्री के साथ करीब 12 घंटे तक डेरा डालकर ट्रंप का इंतजार करता रहा था। ट्रंप की हत्या की फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। संघीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने इस कोशिश को विफल कर दिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।

### रूस में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के सुदूर पूर्व के अमूर क्षेत्र में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जेया जिले में स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने मंगलवार को बताया कि रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर सोमवार को लापता हो गया था। उसे उस स्थान के पास पाया गया जहां उसका आपातकालीन बीकन सक्रिय हुआ था। एक अधिकारी ने कहा हेलिकॉप्टर मिल गया है और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि हेलिकॉप्टर का आपातकालीन बीकन सिग्नल सोमवार शाम को प्राप्त हुआ था।

# मणिपुर में शांति के लिए सरकार का खाका तैयार

## राजग सरकार के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मेइती, कुकी समुदायों से कर रहे बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार मणिपुर में स्थायी शांति के लिए मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बातचीत कर रही है और उसने घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमा से लगती देश की सीमा पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने शाह ने कहा कि पिछले सप्ताह तीन दिनों की हिंसा को छोड़ दिया जाए तो मणिपुर में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही है और सरकार अशांत पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए काम कर रही है।

इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी थे। शाह ने कहा कि तीन दिन की हिंसा के अलावा पिछले तीन महीने में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा पिछले तीन दिन से शांति है और मुझे उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रित कर लेंगे। हम दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। यह जातीय हिंसा थी और जब तक दोनों समुदायों के बीच बातचीत नहीं होगी, तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता। शाह ने कहा हम शांति बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हमने एक खाका तैयार किया है और हम (शांति सुनिश्चित करने के लिए) हर संभव कदम उठाएंगे। सरकार ने मणिपुर में रणनीतिक स्थानों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में म्यांमा-भारत की उस सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू हो गया है जो समस्या की जड़ है। (म्यांमा के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर) 30 किलोमीटर तक बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। सरकार ने सीमा पर कुल 1,500 किमी बाड़ लगाने के काम के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उस 'भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था को पहले ही समाप्त कर दिया है, जो भारत-म्यांमा सीमा के निकट रह रहे लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर भीतर तक जाने की अनुमति देती थी। उन्होंने कहा घुसपैठ रोकने के लिए हमने म्यांमा के साथ की गई उस विशेष व्यवस्था को समाप्त कर दिया है जिसके तहत दोनों देशों के लोगों को बिना रोक-टोक के आवागमन की अनुमति थी।



सरकार के 100 दिन पूरे होने पर रिपोर्ट जारी करते अमित शाह।

### वक्फ विधेयक का उद्देश्य संपत्तियों का संरक्षण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करना है और इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पिछले महीने लोकसभा में पेश किया गया था और इसकी विस्तृत समीक्षा के लिए इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। विपक्षी दलों ने विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य संघर्ष और विवादों को कम करना है। इसमें वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित करने का भी प्रावधान है।

### गृह मंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा खामियों को किया गया दूर

शाह ने कहा कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहले मौजूद रहीं सुरक्षा खामियों को भी दूर कर दिया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से लगने वाली 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर एफएमआर लागू था। इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत 2018 में लागू किया गया था। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने मणिपुर में आम लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 16 नए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार खोलने का निर्णय लिया है। मणिपुर में ऐसे भंडारों की मौजूदा संख्या 21 है। उन्होंने कहा वहां एक मार्ग बाधित था। उस अवरोध को हटा दिया गया है लेकिन मौजूदा हालात के कारण ट्रांसपोर्टर इस मार्ग से जाने से कतरा रहे थे। इसलिए दुकानें खोली गई हैं, जहां खाद्यान्न समेत करीब 100 चीजें मिलेंगी। शाह ने कहा इनकी कीमतें वाजिब हैं...गरीबों को लाभ मिलेगा। दुकानें सबके लिए खुली हैं।

# न्यूयॉर्क के मंदिर में तोड़फोड़ भारतीय दूतावास ने की निंदा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

- मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को बनाया निशाना

अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यहां मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा करते हुए इस मामले को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में कहा मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोडफोड़ अस्वीकार्य है। वाणिज्य दूतावास न्यूयार्क में भारतीय समुदाय के संपर्क में है और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष इस मामले को उठाया है।

न्यूयॉर्क सांसद टॉम सुओजी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा इस तरह की हरकतें गैर-अमेरिकी हैं और हमारे राष्ट्र के मूल मूल्यों के विपरीत हैं। मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की घृणित हरकतों से मैं स्तब्ध हूं। सांसद ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि इस तरह के हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।




उन्होंने कहा पूजा स्थलों पर हमले हमारे सबसे बुनियादी मूल्यों पर हमले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम अपने हिंदू-अमेरिकी समुदाय के साथ मजबूती से खड़े हैं और बिना किसी अपवाद के हिंसा और घृणा के सभी रूपों की निंदा करते हैं। पूरी जांच होनी चाहिए और न्याय को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाये।

ओहियो सीनेट में स्टेट सीनेटर नीरज अंतानी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इस बर्बरता की निंदा करते हुए इसे हिंदूफोबिया की एक और घृणित घटना बताया। उन्होंने कहा मैं मेलविले, न्यूयार्क में बीएपीएस हिंदू मंदिर पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

## चुनाव जीतने के बाद रूस, चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अगर वह चुनाव जीत गए तो देश के रूस और चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे।



ट्रम्प ने ब्लॉगर फारूक सरमद को दिए साक्षात्कार में कहा मैं नहीं जानता कि वे दुश्मन हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मुझे लगता है कि हम रूस के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मैं चाहता हूं कि रूस यूक्रेन में बस जाए। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव आगामी पांच नवंबर को होने वाले हैं।

# तूफान यागी से मृतक संख्या 500 के पार

बैंकाक, एजेंसी

- वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस प्रभावित

म्यांमा में पिछले हफ्ते आए तूफान यागी और मानसून की बारिश की वजह से आयी बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई है तथा 77 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के बाद दक्षिण पूर्व एशिया में तूफान के कारण मृतक संख्या 500 के पार चली गई है। प्रभावित इलाकों में संचार संबंधी दिक्कतें हैं जिस वजह से हताहतों की तादाद पता लगाने का काम धीमा है।

आसियान मानवीय सहायता समन्वय केंद्र के मुताबिक, तूफान यागी ने सबसे पहले वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस को प्रभावित किया था। वियतनाम में करीब 300, थाईलैंड में 42 और लाओस में चार



लोगों की मौत हुई थी। उसने कहा कि फिलीपीन में 21 लोगों की मौत हुई है तथा 26 अन्य लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने सोमवार को बताया था कि म्यांमा में बाढ़ से अनुमानित 631,000 लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि सितंबर की शुरुआत में म्यांमा में पहले से ही 34 लाख लोग विस्थापित थे जिनमें से ज्यादातर युद्ध एवं अशांति की वजह से विस्थापित हुए।

## पेरू में जंगल की आग की घटनाओं में 15 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में जंगल में लगी आग की घटनाओं के कारण जुलाई से अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि तथा वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है। प्राधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने कहा कि आग मानवीय गतिविधियों के कारण लगी है और देश के 24 में से 22 क्षेत्र इससे प्रभावित है। उन्होंने कहा कि बादल, धुआं और तेज हवाएं आग बुझाने में लगे विमानों के कार्य में बाधा डाल रहीं हैं। सिविल डिफेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई से अब तक आग की घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 98 अन्य लोग आग के कारण घायल हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 10 लोगों की मौत पिछले दो सप्ताह के भीतर हुई है।

# भारत-अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन और बसों में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन, मध्यम और भारी वाहनों के विद्युतीकरण तथा बसों, ट्रैक्टरों और भारी उपकरणों में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रैनहोम और भारत के पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार दोनों देशों ने प्रत्येक देश के स्वच्छ ऊर्जा बाजारों में निवेश में वृद्धि का स्वागत किया। बयान में कहा गया एक न्यायसंगत, व्यवस्थित और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव की दिशा में काम करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, दोनों पक्षों ने दोनों देशों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समर्थन करने में ऊर्जा व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका का स्वागत किया। दोनों देशों ने उपभोक्ताओं को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के लिए बिजली वितरण क्षेत्र के आधुनिकीकरण के महत्व की भी बात कही।

### हिंद-प्रशांत और गाजा मामलों पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को अमेरिका-भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय वार्ता की और इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन एवं गाजा से संबंधित मामलों पर चर्चा की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली में हुई इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए प्रधान उप सहायक रक्षा मंत्री जेडीडिया पी. रॉयल ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता उत्तर अमेरिका एवं दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों के लिए विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव नागराज नायडू और रक्षा मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

# भारत की वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिका में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के कार्यक्रम में रखा भारत का पक्ष

पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि भारत द्वारा की गई प्रगति के बारे में वैश्विक स्तर पर जानकारी का अभाव है और उसकी वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं है। ईरानी ने यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन अमेरिका के दौरान एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईरानी अमेरिका की अनौपचारिक यात्रा पर हैं। भारत ने कितनी प्रगति की है, इस बारे में जानकारी की कमी है। उन्होंने कहा भारत में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए की गई कार्रवाई के बारे में ज्यादा सूचनाएं नहीं हैं। इसी तरह से देश में विशुद्ध विनिर्माण, यहां के कृषि आधारित उद्योग के बारे में यह गलत धारणा है कि हमारी अर्थव्यवस्था केवल बड़े व्यवसायों




के लिए खुली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्तमान में अगर आप हमारे देश में छोटे कारोबारियों को देखें तो 90 प्रतिशत खुदरा व्यापार तथाकथित असंगठित क्षेत्र में होता है। व्यवसाय के दृष्टिकोण से छोटी दुकानें जिन्हें अक्सर दिल्ली में किराना दुकान या अमेरिका में मॉम-एंड-पॉप स्टोर कहा जाता है, वे 844 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार कर रही हैं।

## इमरान खान पर नहीं चलेगा सैन्य मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नहीं है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी अनिश्चितता को लेकर स्थिति साफ करें।

**ज्ञान-विज्ञान** | अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले के परिणाम होगी यह खगोलीय घटना


# मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अगले कुछ वर्ष बाद उल्काओं की ऐसी बरसात होगी, जिसका जन्मदाता खुद मानव होगा। अब तक आसमानी आतिशबाजी या उल्कापात का सीधा संबंध धूमकेतुओं से था, धरती के धूमकेतुओं के पथ से गुजरने के दौरान स्याह रात मे उल्कावृष्टि का मनमुग्ध करने वाला नजारा देखने को मिलता था। पर अब मानव जनित यह आसमानी आतिशबाजी नासा के एक अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले का परिणाम होगी। इस घटना में क्षुद्रग्रह का मलवा पृथ्वी से टकराएगा।

ग्रह रक्षा के लिए नासा ने मिशन डार्ट अंतरिक्ष में भेजा था। जिसने करोड़ किमी से भी अधिक लंबी यात्रा के एक क्षुद्रग्रह को जबरदस्त टक्कर मारी थी। यह खतरनाक टक्कर थी। टक्कर में ढेर सारा मलवा छिटककर अंतरिक्ष में फैल गया था। अब यह मलवा पृथ्वी के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अगले 10 सालों में कभी भी पृथ्वी से टकराएगा। मगर पृथ्वी की सतह पर न टकराकर वातावरण से टकराएगा और उल्कावृष्टि का शानदार नजारा देखने को मिलेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पहली उल्कावृष्टि होगी, जो मानव निर्मित होगी। धरती की ओर आने वाले ख़तरनाक क्षुद्रग्रह से रक्षा के लिए नासा ने इस सफल मिशन को अंजाम दिया था। मिशन 2022 मे एक क्षुद्रग्रह को विक्षेपित करने यानी उसके मार्ग को बदलने को लेकर नासा ने डार्ट अंतरिक्ष यान को दूर स्थित क्षुद्रग्रह डिमोर्फोस नामक एक छोटे पिंड से टकराया था। इस परीक्षण में लगभग 1 मिलियन किलोग्राम से अधिक क्षुद्रग्रह चट्टान और धूल अंतरिक्ष में फैल गई थी। अब यह चट्टानें और धूल 7 वर्षों के भीतर मंगल ग्रह से टकरा सकती हैं। इसके तीन साल के अंतराल में पृथ्वी के वायुमंडल से टकरा सकती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मलवे में चट्टानों के मंगल ग्रह पर गिरेंगी और बची हुई धूल की छोटी उल्काएं ही पृथ्वी से टकराएगी।

**क्षुद्रग्रह का अध्ययन करेगा ईसा का मिशन हेरा :** अंतरिक्ष मे जिस क्षुद्र ग्रह से टकराव करवाया गया था वह एक जुड़वा क्षुद्र ग्रह हैं। जिसमें डिमोर्फोस और उसके बड़े मूल क्षुद्रग्रह डिडिमोस शामिल हैं। डिमोफोर्स मूल क्षुद्र ग्रह डिडिमोस का चंद्रमा है। अब यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी ईसा इस घटना के आगे के अध्ययन के लिए हेरा नामक मिशन शुरू कर रहा है। ईएसए के अनुसार हेरा अंतरिक्ष यान अक्टूबर में डिमोर्फोस तक पहुंचने और दुर्घटना की जांच करने के लिए लॉन्च किया जाएगा।



आसमानी आतिशबाजी की तस्वीर।

### मानव जनित कचरा धरती के लिए ख़तरनाक

अंतरिक्ष की ओर मानव के बढ़ते कदम, उन्नत तकनीको से ब्रह्मांड की खाक छानने मे निरंतर अग्रसर इन्सान एक ओर जहॉं बुलंदियों को छू रहा है तो वही दूसरी ओर निजी स्पेस कंपनियों द्वारा आये दिन लांच किए जा रहे उपग्रह धरती के लिए खतरा भी बनते जा रहे है। पहली बार ऐसा होगा कि धरती मानव जनित मलवे व कचरे के पथ से गुजरेगी और टूटते तारों यानी उल्काओ की बारिश होगी। भले ही ये घटना उल्का जैसे नजारे तक सीमित होगी। नासा, ईसा सहित स्पेस एजेंसियों के छोड़े गए हजारों अंतरिक्ष यान निष्क्रिय होकर मलवे के रूप मे अन्तरिक्ष मे बेख़ौफ़ विचरण कर कर रहे है।